CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 17°C
न्यूनतम : 06°C

बरेली, बुधवार 4 फरवरी 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 66 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 15 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से झूमा शेयर बाजार, सेंसेक्स 2,073 अंक उछला पेज 2



युकी भांबरी एटीपी युगल टॉप -20 में शामिल खेल टाइम्स



इतिहास, विरासत व सौंदर्य का संगम है 'ओरछा' सम्पादकीय



टैरिफ मामला: अमेरिका-चीन के बीच घिर रहा भारत पेज 12

# धामी सरकार ने किया उत्तराखंड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार जुलाई 2026 से मदरसा बोर्ड खत्म करने जा रही है। नई व्यवस्था में उत्तराखंड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन कर दिया गया है।

विशेष सचिव डा. पराग मधुकर धकाते ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिछले विधानसभा सत्र में मदरसा बोर्ड खत्म करने की घोषणा करते हुए इस वर्ष जुलाई से सभी अल्पसंख्यक संस्थाओं को उत्तराखंड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के अंब्रेला के नीचे लाने और उनकी मान्यता उत्तराखंड शिक्षा बोर्ड से किए जाने की बात कही -**शेष पृष्ठ दो पर**



हमारी सरकार ने राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के गठन का फैसला लिया है, हमारी सरकार ने मदरसा बोर्ड खत्म करने का निर्णय लिया था। अब ये प्राधिकरण तय करेगा कि अल्पसंख्यक बच्चों को कैसी शिक्षा दी जाएगी। ये प्राधिकरण सिलेबस तय करेगा। सभी अल्पसंख्यक संस्थाएं उत्तराखंड शिक्षा बोर्ड से मान्यता लेंगी...

**-पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

■ **मदरसा बोर्ड खत्म होने के बाद प्राधिकरण तय करेगा सिलेबस**

# लोकसभा में राहुल के बयान पर लगातार दूसरे दिन हंगामा

## आसन की ओर कागज फेंकने के मामले में कांग्रेस के आठ सदस्य बजट सत्र से निलंबित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को कांग्रेस सदस्य मणिक्कम टैगोर सहित आठ सदस्यों को पीठासीन की अवहेलना करने और आसन की ओर कागज फेंकने के आरोप में बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निर्लंबित कर दिया गया।

इन सदस्यों में श्री टैगोर के अलावा अमरिन्दर सिंह 'राजा वडिंग', गुरदीप सिंह औजला, हिवी ईडेन, डीन कुरियाकोस, प्रशांत बरोले, एस वेंकटेश और सी. किरन कुमार रेड्डी शामिल हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल



गांधी को कथित रूप से बोलने का अवसर न देने के मुद्दे पर कांग्रेस के सदस्यों ने मंगलवार को भी हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी। हंगामे के दौरान इन सदस्यों ने आसन के समक्ष पहुंच कर नारेबाजी की और कुछ कागज उछाले। अपराह्न तीन बजे कार्यवाही फिर शुरू हुई तो पीठासीन दिलीप सैकिया ने कांग्रेस के इन सदस्यों के नाम का उल्लेख किया। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने इन सदस्यों को शेष अवधि के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव किया, जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

## देश के हितों के साथ समझौता कर रहे हैं मोदी: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि पैसा देकर उनकी जो छवि बनाई गई थी वह टूट रही है इसलिए श्री मोदी ने डर कर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते तथा अन्य मामले में देश के हितों के साथ समझौता कर लिया है।

श्री गांधी ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में प्रियंका गांधी और अन्य कांग्रेस सांसदों के साथ मकर द्वार पर पार्टी के आठ सांसदों के लोकसभा से निलंबन और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में प्रदर्शन करने के बाद कहा कि विपक्ष के नेता को संसद में बोलने नहीं दिया जा रहा है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है और यह इसलिए हो रहा है, क्योंकि प्रधानमंत्री ने भारत के हितों के साथ समझौता कर देश को बेच दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### युमनाम खेमचंद बनेंगे मणिपुर के मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** मणिपुर में आगामी 12 फरवरी को राष्ट्रपति शासन खत्म होना वाला था। इससे पहले ही एनडीए में सरकार बनाने को लेकर कवायद तेज हो गई थी। इस बीच भाजपा विधायक दल की बैठक में मंगलवार को युमनाम खेमचंद को विधायक दल का नेता चुना गया। इसी के साथ युमनाम खेमचंद के मणिपुर के नए मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया है। भाजपा संसदीय बोर्ड ने पार्टी के नेशनल जनरल सेक्रेटरी तरुण चुग को मणिपुर में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए संेट्रल आब्जर्वर नियुक्त किया था। भाजपा के एक अंदरूनी सूत्र ने बताया है कि कुकी-जो समुदाय को संतुष्ट करने के लिए 10 कुकी विधायकों में से एक को डिप्टी सीएम का पद दिया जा सकता है। युमनाम खेमचंद मणिपुर भाजपा के अनुभवी नेताओं में शामिल हैं। 62 वर्षीय युमनाम मौजूदा समय में मणिपुर की राजधानी इंफाल की सिंगजामेई सीट से विधायक हैं।

### दिल्ली-एनसीआर में घने कोहरे से यातायात प्रभावित

**नई दिल्ली।** दिल्ली और एनसीआर में कई जगहों पर घना कोहरा छाए रहने से बड़े स्तर पर यातायात प्रभावित हुआ और ट्रेनों एवं उड़ानों में देरी हुई। दिल्ली हवाई अड्डे ने यात्रियों को उड़ान के समय और जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइंस से संपर्क करने की सलाह दी। हवाई अड्डे ने बताया कि कोहरे की स्थिति के कारण सीएटी-3 स्थितियों में बदलाव के कारण देरी हो सकती है। खास बात यह है कि सीएटी-3 प्रणाली बहुत कम या लगभग शून्य दृश्यता में भी विमानों को उतरने की अनुमति देता है।

### मप्र-यूपी व राजस्थान में घना कोहरा

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में मौसम एकबार फिर बदला है। इसका कारण 2 वेस्टर्न डिस्टर्बेंस हैं। मध्य प्रदेश के 20 जिलों में बारिश का अलर्ट है। राजस्थान के 17 जिलों में कोहरे का येलो अलर्ट है। इसके साथ ही तापमान में बढ़ोतरी हुई है। बाड़मेर में अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस रहा। बिहार के 5 जिलों में कोहरे का येलो अलर्ट है। हिमाचल में ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और अन्य जगहों पर बारिश हुई।

# मेटा-व्हाट्सएप कानून मानें या भारत छोड़ें: सुप्रीम कोर्ट

## लक्षित विज्ञापन के लिए यूजर डेटा साझा करने पर कोर्ट का कड़ा रुख, दी चेतावनी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने व्हाट्सएप और उसकी मूल कंपनी मेटा पर लक्षित विज्ञापन के लिए यूजर डेटा साझा करने को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी के कारोबारी हितों के लिए भारतीय नागरिकों के निजता के अधिकार से कोई समझौता नहीं किया जा सकता है।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने मंगलवार को अंतरिम आदेश पारित करते हुए कहा कि वह भारतीय उपयोगकर्ताओं के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने वाले किसी भी डेटा साझा करने की अनुमति नहीं देगी। न्यायालय ने साफ शब्दों में कहा कि भारत में काम कर रहे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के लिए संविधान का पालन अनिवार्य और गैर-परक्राम्य है। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि हम डेटा साझा करने की अनुमति नहीं देंगे। हम भारतीय नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन नहीं होने देंगे। अगर आप हमारे संविधान का पालन नहीं कर सकते, तो भारत छोड़ दीजिए। पीठ ने व्हाट्सएप की निजता नीति की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि यह नीति जानबूझकर इस तरह बनाई गई प्रतीत होती है, जिससे विशेषकर समाज के कमजोर वर्गों को भ्रमित -**शेष पृष्ठ दो पर**



■ **किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी के कारोबारी हितों के लिए निजता के अधिकार से कोई समझौता नहीं किया जा सकता**

### सुप्रीम कोर्ट ने शादी डॉट कॉम से जुड़े आपराधिक मामले को हाईकोर्ट को वापस भेजा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को शादी डॉट कॉम के संस्थापक और प्रबंध निदेशक अनुपम मित्तल की उस याचिका पर सुनवाई की, जिसमें वैवाहिक प्लेटफॉर्म के एक उपयोगकर्ता ने बिना सत्यापित प्रमाणपत्रों के प्रोफाइल बनाकर एक महिला को धोखा दिया।

मित्तल ने इस मामले में आपराधिक कार्यवाही रद्द करने की मांग की थी। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की खंडपीठ ने इस बात पर ध्यान दिया कि मित्तल के खिलाफ कार्यवाही पहले ही स्थगित की गई थी और पीठ के समक्ष मामला अंतिम विचार के लिए लाया गया था। मित्तल की ओर से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता आत्माराम नाडकर्णी ने दलील दी कि शादी डॉट कॉम केवल एक मैचमेकिंग मध्यस्थ के रूप में कार्य करता है, संभावित व्यक्तियों के बीच प्रारंभिक संपर्क को सुगम बनाता है। इससे आगे इसकी कोई अन्य भूमिका नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि मित्तल को गलत तरीके से आरोपी बनाया गया है, जबकि कंपनी ने जांच एजेंसी के साथ लगातार सहयोग किया है।

# अमेरिकी ट्रेड डील पर सरकार का पहला बयान जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ **कहा: इंजीनियरिंग, कपड़ा और ज्वेलरी उद्योग को फायदा**
■ **ट्रम्प को धन्यवाद, उन्होंने दोस्ती का मान रखा**

**नई दिल्ली।** अमेरिका से ट्रेड डील पर भारत सरकार का पहला बयान आया है। मंगलवार को केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मीडिया से कहा कि इस डील में किसी के भी हितों से समझौता नहीं किया गया है। यह एक ऐसी डील है, जिस पर हर भारतीय को गर्व होगा।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने हमेशा एग्रीकल्चर और डेयरी दोनों सेक्टर को सपोर्ट किया है, उनके हितों की रक्षा की। जो लोग अलग-अलग सेक्टर में इन्वेस्ट करना चाहते हैं, खासकर ऐसे सेक्टर जिनमें ज्यादा मेहनत लगती है और जो लाखों लोगों को रोजगार देते हैं। गोयल ने कहा कि सभी इस डील से उत्साहित हैं। इसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का धन्यवाद, उन्होंने पीएम मोदी की मित्रता का सम्मान किया। दोनों देश इस डील पर जल्द ही इस पर साझा बयान जारी करेंगे। पीयूष गोयल ने कहा कि इससे भारत का निर्यात बढ़ेगा। इससे हमारे इंजीनियरिंग सेक्टर्स के पार्ट्स बनाने वाले, टेक्सटाइल, मरीन गुड, ज्वेलर सेक्टर समेत सभी मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर को बहुत सारे मौके मिलेंगे। राहुल गांधी समेत विपक्ष के तमाम नेता इस डील का विरोध इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि उनकी सोच नकारात्मक है। इसके लिए उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का धन्यवाद, उन्होंने पीएम मोदी की मित्रता का सम्मान किया। साथ ही हमारी स्पर्धा वाले देशों में सबसे अच्छा ट्रेड डील किया।

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर राजग सांसदों ने मोदी का किया अभिनंदन

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच व्यापार संबंधी घोषणा को लेकर राजग सांसदों ने मंगलवार को संसदीय दल की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन किया। इस घोषणा की सराहना करते हुए भाजपा सासंदों ने प्रधानमंत्री का स्वागत 'जय मोदी', 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारों के साथ किया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की है कि भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका के आयात शुल्क को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किया जाएगा।

# उत्तराखंड में रोडवेज बस खाई में गिरी, तीन की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर/ चकराता।** मंगलवार को उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की सीमा पर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। नेरवा से पौंटा साहिब जा रही हिमाचल रोडवेज की एक बस कालसी क्षेत्र के मीनस मार्ग पर क्वानू के पास अनियंत्रित होकर करीब 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरी।

इस दर्दनाक हादसे में यासमीन बेगम पत्नी नेक मोहम्मद निवासी क्यारला नेरवा, रिचा पत्नी वीरेंद्र, निवासी बिजमल शिमला व धन बहादुर निवासी क्यारला, नेरवा हिमाचल प्रदेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 33 यात्री घायल हुए हैं। जिसे पुलिस ने ग्राफिक एरा हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। वहीं अन्य घायल यात्रियों को आसपास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा उस समय हुआ जब एक छोटे वाहन को बचाने या ओवरटेक करने के प्रयास में बस चालक दिनेश कुमार पुत्र मोहन सिंह निवासी पोपाट शिमला ने नियंत्रण खो दिया। बस सड़क से नीचे लुढ़कते हुए सीधे गहरी खाई में जा समाई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष कालसी दीपक धारीवाल और एसडीआरएफ की टीमें तत्काल राहत एवं बचाव कार्य के लिए मौके पर पहुंचीं। वहीं इस हादसे के बाद जिला प्रशासन में भी हलचल मच गई और आनन-फानन में एडीएम केके मिश्रा टीम के साथ घायलों का हाल-चाल पूछने के लिए अस्पताल में पहुंच गए। पुलिस और एसडीआरएफ की टीमों ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को खाई से बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार के बाद नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया। बताया गया है कि बस में कुल 36 यात्री सवार थे।



■ **उत्तराखंड -हिमाचल सीमा पर हुआ बस हादसा, 33 यात्री हुए घायल, एक गंभीर**

# ममता बनर्जी ने दिखाया कांग्रेस को ठेंगा

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को राज्य के आगामी विधानसभा चुनाव में किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन की संभावना से इन्कार कर दिया है।

ममता बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) अकेले विधानसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि बाकी सभी सियासी दल टीएमसी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। ममता बनर्जी के इस फैसले को कांग्रेस के लिए बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। दरअसल, भाजपा के खिलाफ विपक्षी पार्टियों ने मिलकर इंडिया ब्लॉक बनाया है। इनमें कांग्रेस के साथ ही टीएमसी भी शामिल है। इसके बावजूद ममता बनर्जी ने कांग्रेस को सीधे तौर पर सियासी ठेंगा दिखा दिया है। बीते जनवरी महीने में कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी (पश्चिम बंगाल) के चेयरमैन बीके हरिप्रसाद ने कहा था कि स्क्रीनिंग कमेटी की पहली बैठक हुई। उन्होंने बताया था कि पार्टी हाईकमान जल्द ही पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी नेतृत्व के साथ बैठक करेगा ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव की रणनीति को फाइनल किया जा सके। माना जा रहा था कि कांग्रेस को टीएमसी के साथ गठबंधन की उम्मीद थी।



■ **कहा: किसी से भी गठबंधन नहीं करेगी टीएमसी**

# अगस्ता वेस्टलैंड सेना के लिए फिर हेलीकॉप्टर करेगी सप्लाई

**नई दिल्ली।** इटली की कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड क्लीन चिट मिलने के पांच साल बाद फिर भारत के रक्षा क्षेत्र में एंट्री करने जा रही है।

यह वही कंपनी है, जिसका नाम बहुचर्चित वीवीआईपी हेलीकॉप्टर कांड से जुड़ा था। इसने करीब एक दशक तक भारतीय राजनीति को झकझोर दिया था। अगस्ता की पैतृक कंपनी लियोनार्डो के साथ अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस की डील को अंतिम रूप दिया जा चुका है। अडाणी ग्रुप के अनुसार इसकी औपचारिक घोषणा मंगलवार को होगी। लियोनार्डो कभी फिनमैकेनिका के नाम से जानी जाती थी। अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला 3,600 करोड़ का एक वीवीआईपी हेलीकॉप्टर खरीद घोटाला है।

■ **भारतीय अफसरों को 360 करोड़ रिश्वत देने का था आरोप**

# भारत ने टैरिफ में कटौती पूरी तरह से हासिल की: लिंडसे

नई दिल्ली, वार्ता

**अमेरिकी सीनेटर** लिंडसे ग्राहम ने सोमवार को कहा कि भारत ने भारत-अमेरिका के नए व्यापार समझौते के तहत घोषित आयात शुल्क में कटौती पूरी तरह से हासिल की है। उन्होंने इस कटौती को यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर रूस से तेल खरीद को लेकर भारत द्वारा किए गए पुनर्संतुलन से जोड़ा।

यूक्रेन युद्ध 24 फरवरी, 2026 को अपने पांचवें वर्ष में प्रवेश करेगा। श्री ग्राहम ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की रणनीति की तारीफ करते हुए कहा कि रूसी ऊर्जा खरीदने वाले देशों पर आर्थिक दबाव काम करता दिख रहा है। उन्होंने भारत के साथ हालिया व्यापार समझौते की ओर इशारा किया, जिसके तहत अमेरिका ने भारतीय सामानों पर आपसी आयात शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प, बहुत बढ़िया। मुझे लगता है कि इस युद्ध को खत्म करने के बारे में आपका संदेश - पुतिन के उन ग्राहकों से जो उनकी युद्ध मशीन को मदद देने का काम कर रहे थे उन्हें सोचने पर मजबूर होना पड़ेगा। सीनेटर ग्राहम ने दावा किया कि भारत के आचरण ने आयात शुल्क में कटौती को पूरी तरह जायज ठहराया है।



■ **अमेरिकी सीनेटर ने कटौती को यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर रूस से तेल खरीद को लेकर भारत द्वारा किए गए पुनर्संतुलन से जोड़ा**

### भारत-अमेरिका समझौते से रुपये में जबरदस्त तेजी

**मुंबई।** भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते की घोषणा से मंगलवार को अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपये में 121 पैसे की जबरदस्त तेजी देखने को मिली। पिछले कारोबारी दिवस पर 91.4950 रुपये प्रति डॉलर पर बंद होने वाली भारतीय मुद्रा मंगलवार को 119.50 पैसे की बढ़त के साथ 90.30 रुपये प्रति डॉलर पर खुली और 90.23 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुई। खबर लिखे जाते समय रुपया 121 पैसे की मजबूती के साथ 90.2850 रुपये प्रति डॉलर पर था।

## संक्षिप्त समाचार

### बुल्डोजर एक्शन पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी

**प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बावजूद उत्तर प्रदेश में बुलडोजर के जरिए तोड़फोड़ जारी रहने की घटना पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। घरों और इमारतों को गिराने की दंडात्मक कार्रवाई जारी रहने पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि कोर्ट ऐसे कई मामलों का गवाह है, जहां अपराध होने के तुरंत बाद किसी रहने की जगह पर कब्जा करने वाले लोगों को तोड़ने का नोटिस जारी किया जाता है, उसके बाद कानूनी जरूरतों को पूरा करने का दिखावा करके उसे तोड़ दिया जाता है। जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस सिद्धार्थ नंदन की डबल बेंच ने फैमुद्दीन और दो अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

### ईडी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट दस को करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर सुनवाई 10 फरवरी तक के लिए टाल दी है। ईडी ने अपनी याचिका में पश्चिम बंगाल सरकार, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, पूर्व पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार और अन्य अधिकारियों पर कोलकाता में राजनीतिक परामर्श फर्म इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पीएसी) के ऑफिस में एजेंसी की तलाशी अभियान में बाधा डालने का आरोप लगाया है। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति विपुल एम-पंचोली की पीठ ने मंगलवार को ईडी की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता द्वारा पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से दायर किए गए काउंटर-शपथ पत्र का जवाब देने के लिए समय मांगने पर सुनवाई को 10 फरवरी तक के लिए टाल दिया।

## अर्थव्यवस्था से समझौता कर बीजेपी ने कितना कमीशन लिया: अखिलेश

# अमेरिकी बाजार खोलना किसानों से धोखा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र की भाजपा नीत सरकार पर किसानों के हितों से खिलवाड़ करने का गंभीर आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि भारत के बाजार को अमेरिकी कृषि उत्पादों और खाद्यान्नों के लिए खोलना देश की खेती-किसानी पर निर्भर लगभग 70 प्रतिशत आबादी के साथ सीधा धोखा है। मंगलवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि आत्मनिर्भरता और स्वदेशी की बात करने वाली भाजपा जनता को बताए कि देश की अर्थव्यवस्था से समझौता कर उन्होंने कितना कमीशन लिया है। इस फैसले से केवल किसान ही



**केवल किसान ही नहीं, निम्न मध्यवर्ग और मध्यम वर्ग भी बुरी तरह प्रभावित होगा, कृषि उत्पादों में मुनाफाखोरी बढ़ेगी तथा बिचौलियों की नई जमात पैदा होगी: सपा**

नहीं, बल्कि निम्न मध्यवर्ग और मध्यम वर्ग भी बुरी तरह प्रभावित होगा, क्योंकि इससे खाद्यान्न और कृषि उत्पादों में मुनाफाखोरी बढ़ेगी तथा बिचौलियों की नई जमात पैदा होगी, जिससे रोजमर्रा की चीजें और महंगी होंगी। उन्होंने आशंका जताई कि विदेशी कंपनियों के प्रवेश से धीरे-धीरे किसानों की आय घटेगी और वे मजबूर होकर अपनी जमीन बड़े पूंजीपतियों व कारपोरेट घरानों को बेचने पर विवश होंगे। यह उसी किसान-विरोधी सोच की उपज है जिसने भू-अधिग्रहण जैसे कानून लाए और खाद के लिए किसानों को लाइन में लगाकर अपमानित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले बीज कंपनियों से, फिर पेस्टीसाइड कंपनियों से, साइलो निर्माण, फसल बीमा, न्यूनतम कीमत तय करने और फसल खरीद-फरोख्त तक हर स्तर पर कमीशनखोरी की जाएगी।

### फॉर्म-7 के जरिए 'एक करोड़ से ज्यादा वोट काटने' की साजिश में भाजपा : सपा

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एसआईआर प्रक्रिया के तहत फॉर्म-7 को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी फर्जी प्रिंटेड फॉर्म के जरिए फर्जी शिकायत के आधार पर बड़े पैमाने पर पीडीए, खासकर मुस्लिम मतदाताओं के नाम कटवाने की तैयारी कर रही है। उन्होंने दावा किया कि विधानसभा-वार पेन ड्राइव में एक्सेल शीट के माध्यम से सूची भेजी गई हैं और करीब एक करोड़ 99 हजार 710 वोट हटाने की साजशि चल रही है। मंगलवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि लोकतंत्र में वोट सबसे बड़ा हथियार होता है, इसलिए भारत निर्वाचन आयोग को निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि फॉर्म-7 को लेकर पूरे प्रदेश से शिकायतें मिल रही हैं। इसी वजह से उन्हें लोकसभा छोड़कर लखनऊ आकर मीडिया से बात करनी पड़ी।यदि चुनाव आयोग इसमें असफल रहता है तो भाजपा का झंडा अपनी बिल्डिंग पर लगा ले। अखिलेश यादव ने बड़े संख्या में भरे गए फॉर्म-7 को दिखाते हुए कहा कि इस धांधली को रोकने के लिए निर्वाचन आयोग को डाउनलोडेड फॉर्म के सत्यापन की व्यवस्था करनी चाहिए। हर कागजी फार्म पर निर्वाचन आयोग के होलोग्राम हो।

## केंद्र भारत-यूएस समझौते की संसद में दें जानकारी

### बसपा प्रमुख मायावती ने किया आग्रह

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने भारत और अमेरिका के बीच हुए समझौतों के बाद अमेरिका द्वारा 18 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने को लेकर कहा कि इस फैसले का वास्तविक असर जमीन पर लागू होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा, पर्याप्त जानकारी के अभाव में जल्दबाजी में कोई निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा।

मंगलवार को सोशल मीडिया पर जारी बयान में मायावती ने आशंका जताई कि इस तरह के कदमों का प्रभाव देश के बहुजन, गरीबों, मजदूरों, किसानों और महिलाओं पर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि यह जानना जरूरी है कि ऐसे अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक



निर्णयों से आम जनता को क्या लाभ या नुकसान होगा। मायावती ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि ऐसे महत्वपूर्ण विषयों पर संसद सत्र के दौरान विस्तृत जानकारी दी जाए, ताकि देशवासियों को सही-सही तथ्य मिल सकें और पारदर्शिता बनी रहे। उनका कहना था कि सरकार द्वारा समय रहते स्पष्ट विवरण प्रस्तुत करने से भ्रम की स्थिति समाप्त होगी और जनहित से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा संभव हो सकेगी।

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर भड़की कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के दबाव में उसके साथ व्यापार समझौता किया है, जिससे देश की स्थिति कमजोर हुई है।

श्री रमेश ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और यूरोपीय संघ के साथ हुए व्यापार समझौते का पूरा ब्यौरा संसद में रखा जाना चाहिए और इसपर विस्तृत चर्चा करवाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अमे. रिकी कृषि मंत्री ने भारत द्वारा कृषि आयात उदारीकरण का दावा किया है। इससे लगता है कि यह समझौता अमेरिका के दबाव में किया गया है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा पाकिस्तान और उसके फील्ड मार्शल असीम मुनीर को खुलकर समर्थन करने का उल्लेख किया।

## पुलिस गोली न चलाए, तो क्या गोली खाए: योगी

### एनकाउंटर पर सवाल वालों को जवाब

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी पुलिस पर अपराधियों के खिलाफ पुलिस की मुठभेड़ की कार्रवाई को लेकर लगातार सवाल उठ रहे थे। अब इन सवालों का सीएम योगी जवाब दिया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने यूपी में अपराध को लेकर जीरो टॉलरेंस की अपनी नीति को फिर से स्पष्ट किया है।

सीएम योगी ने कहा कि अपरा. धियों के खिलाफ हमारी जो जीरो टॉलरेंस वाली नीति है, उससे समझौता नहीं किया जाएगा। लोग सवाल उठाते हैं कि पुलिस ने गोली क्यों मारी? तो क्या पुलिस गोली न मारे तो क्या गोली खाए। उन्होंने आगे कहा कि जो जिस भाषा में समझेगा, उसी भाषा में जवाब दिया जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने तय किया है कि कानून सबके लिए बराबर हो, यहां



कोई अपना-पराया नहीं है। गलत करने वालों पर वही कठोर कानून लागू होगा, जो माफियाओं पर लागू होता है, हमारा प्रयास रहा है कि जो भी कार्रवाई हो कानून के दायरे में रहकर हो, लेकिन अगर अपराधी कानून से भयभीत नहीं है, तो उसे उसी की भाषा में समझाना जरूरी हो जाता है, जो भाषा उसे समझ जाती है। सीएम योगी ने कहा कि अगर अपराधी के पास गोली चलाने की स्वतंत्रता है,तो पुलिस के पास भी पिस्तौल है, उसे यह पिस्तौल इसलिए दिया गया है कि वह अपरा. धियों का डटकर मुकाबला करे। अपराधी जिस भी भाषा में समझता है, उसे उसी भाषा में जबाव दे सके।

## यूपी के दस जिलों में गिरे ओले 26 जिलों में बारिश का अलर्ट

शााह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एक बार फिर मौसम ने अचानक करवट ले ली है। मंगलवार तड़के कानपुर, औरैया, जालौन समेत करीब 10 जिलों में तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई।

उन्नाव, चित्रकूट और इटावा में करीब आधे घंटे तक ओलावृष्टि हुई, जिससे सड़कों पर बर्फ की सफेद चादर बिछ गई। बेमौसम बारिश और ओले गिरने से खेतों में खड़ी फसलें गिर गईं और किसानों को भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर और आसपास के इलाकों में बारिश के साथ बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। अचानक बदले मौसम के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। लोग घरों में दुबके रहे, जबकि जरूरी काम से बाहर निकलने वाले लोगों को छाता और रेनकोट का सहारा लेना पड़ा। वहीं, लखनऊ, अलीगढ़, मैनपुरी, बुलंदशहर समेत लगभग



**बदला मौसम, कई जिलों में दृश्यता शून्य**

20 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। बर्फीली हवाओं के कारण ठंड एक बार फिर बढ़ गई है। मौसम विभाग के मुताबिक न्यूनतम तापमान गिरकर 6.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। कई इलाकों में दृश्यता शून्य के करीब दर्ज की गई, जिससे सड़क और रेल यातायात प्रभावित हुआ। इस बीच मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के लिए चेतावनी जारी करते हुए बताया है कि प्रदेश के 26 जिलों में बारिश और 29 जिलों में भीषण घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है। ऐसे में रात और सुबह की ठंड अभी और परेशान करेगी।

### भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता दोनों के हक में: वैष्णव

**नई दिल्ली।** रेल, इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को दोनों देशों के हक में बताते हुए कहा है कि दोनों देश प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में गहन सहयोग करने की स्थिति में हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच सोमवार को हुई टेलीफोन वार्ता के बाद श्री वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता दोनों देशों के लिए लाभकारी है। इस समझौते से दोनों देशों के नागरिकों और उद्योगों को व्यापक लाभ होगा।ष्उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं। वैष्णव ने कहा कि दोनों देश मिलकर ऐसी प्रौद्योगिकियां विकसित कर सकते हैं और ऐसे समाधान तैयार कर सकते हैं जिनसे विश्व को लाभ होगा।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 85871.73
निफ्टी 25727.55



सोना रु. 191945
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार देश



चांदी रु. 264559
प्रति किलो



## अमेरिका से व्यापार समझौते से झूमा शेयर बाजार, सेंसेक्स उछला

मुंबई, वार्ता

अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौते की घोषणा से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी देखी गई और प्रमुख सूचकांक तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर पर बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स 2,072. 67 अंक (2.54 प्रतिशत) चढ़कर 83,739.13 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स 3,656.74 अंक की तेजी में 85,323.20 अंक पर खुला और कुछ ही देर में 4,205 अंक चढ़कर 85,871.73 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचक. ांक भी 639.15 अंक यानी 2.55 प्रतिशत चढ़कर 25,727.55 अंक पर बंद हुआ। सुबह के समय यह ऊपर 26,341.20 अंक तक चढ़ा



था। दोनों सूचकांकों का यह तीन सप्ताह का उच्चतम स्तर है। चौतरफा लिवाली के बीच सभी सूचकांकों में अच्छी मजबूती देखी गई। मझौली कंपनियों वाले निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक में 2.80 फीसदी और स्मॉलकैप.100 सूचकांक में 2.82 प्रतिशत की तेजी रही। रुपये में रहे उछाल से भी शेयर बाजारों में निवेश धारणा मजबूत हुई। भारतीय मुद्रा फिलहाल 121.75 पैसे चढ़कर 90.2775 रुपये प्रति डॉलर पर है। ऑटो, फार्मा, बैंकिंग, वित्त, रियलटी, स्वास्थ्य और रसायन समेत सभी सेक्टरों के सूचकांकों में बड़ी तेजी देखी गई। भ्समझौते के साथ अच्छे तिमाही परिणाम आने से अडानी पोर्ट्स का शेयर नौ प्रतिशत से ज्यादा उछल गया। बजाज फाइनेंस में साढ़े छह प्रतिशत और इंडिगो में साढ़े पांच प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। पावरग्रिड, सनफार्मा और बजाज फिनसर्व में चार से पांच प्रतिशत के बीच तेजी रही। कोटक महिंद्रा बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टीसीएस, भारती एयरटेल, इंफोसिस और एशियन पेंट्स में एक से दो प्रतिशत के बीच तेजी रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान यूनीलिवर, आईटीसी और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी हरे निशान में रहे। टेक महिंद्रा में गिरावट रही।

### गिरावट के बाद सोना और चांदी ने पकड़ी रफ्तार

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी के दाम में पिछले 5 दिनों से रिकॉर्ड गिरावट के बाद मंगलवार को उछाल देखा गयाा है। दोपहर बाद करीब 4 बजे मार्च डिलीवरी वाली चांदी 28,298 रुपये बढ़कर 2,64,559 रुपये प्रति किलो के पार पहुंच गई। इससे पहले शाम तीन बजे चांदी की कीमत 29,621 रुपये बढ़कर 2,65,882 रुपये प्रति किलो पर थी। दूसरी ओर अप्रैल डिलीवरी वाले सोने का भाव 7,954 रुपये तक चढ़कर 1,51,945 रुपये 10 ग्राम के पार पहुंच गया है। यहां 22 कैरेट की कीमत 1.42 लाख के पार निकल गई है, चांदी ने 3 लाख प्रति किलो का बड़ा आंकड़ा छू लिया है। यहां 22 कैरेट सोने का भाव 1,42,700 प्रति 10 ग्राम और चांदी 300000 प्रति किलो बिकी।

## चावल, चीनी और दालें रहीं महंगी, खाद्य तेलों में रही घटबढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ दालें और चीनी भी महंगी हुई जबकि गेहूं के दाम कमोबेश गत दिवस के स्तर पर रहे। वहीं, खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत तीन रुपये बढ़कर 3,851 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 2,859 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटा भी आठ रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 24 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मसूर दाल 21 रुपये और उड़द दाल 10 रुपये महंगी हुई। मूंग दाल सात रुपये और चना दाल तीन रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 16 रिंगिट टूटकर 4,213 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा 2.48 प्रतिशत की तेजी में 54.52 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल औसतन 63 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। पाम ऑयल की कीमत 24 रुपये और सूरजमुखी तेल की 18 रुपये बढ़े। मूंगफली तेल में 16 रुपये और वनस्पति में 13 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। सरसों तेल 22 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव सात रुपये प्रति क्विंटल चढ़े। चीनी की कीमत भी सात रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई।

दाल.दलहन: दाल चना 7808.23 रुपये, मसूर काली 8128.18 रुपये, मूंग दाल 10128.18 रुपये, उड़द दाल 10563.94 रुपये, तुअर दाल 10922.82 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : द्धभाव प्रति क्विंटल ऋ गेहूं दड़ा 2859.30 रुपये और चावल 3850.71 रुपये प्रति क्विंटल। आटा द्धगेहूंऋ 3309. 74 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4294.38 रुपये और गुड़ 4998.85 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17640.61 रुपये, मूंगफली तेल 18072.53 रुपये, सूरजमुखी तेल 16292.58 रुपये, सोया तेल 13948.40 रुपये, पाम ऑयल 12618.52 रुपये और वनस्पति 14544.95 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**धामी सरकार...**

थी। डा. पराग ने बताया कि सीएम पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार उक्त बोर्ड में प्रोफेसर विद्वान को मनोनीत किया गया है जोकि अल्पसंख्यक विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक पाठ्यक्रम निर्धारित करेगी। इसमें सभी अल्पसंख्यक समुदाय के शिक्षाविदों को शामिल किया गया है। डा. पराग ने बताया कि इसमें डा.सुरजीत सिंह गांधी को अध्यक्ष, प्रोफेसर राकेश जैन, डा. सैयद अली हमीद, प्रो. पेमा तेनजिन , डा. एल्बा मेड्रिले, प्रोफेसर रो. बिना अमन,प्रो. गुरमीत सिंह को सदस्य बनाया गया है। साथ ही समाज सेवी राज. ेंद्र बिष्ट और सेवानिवृत अधिकारी चंद्रशेखर भट्ट भी सदस्य होंगे। निदेशक महाविद्यालय शिक्षा, निदेशक राज्य शैक्षिक अनुसंधान, निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण भी सदस्य सूची में रहेंगे।

**मेटा-व्हाट्सएप...**

किया जा सके। न्यायालय ने कहा कि एक बुजुर्ग महिला, सड़क किनारे सामान बेचने वाला व्यक्ति, केवल तमिल जैसी किसी क्षेत्रीय भाषा को समझने वाला नागरिक या ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले व्यक्ति से इस तरह की जटिल शर्तों के निहितार्थ को समझने की अपेक्षा नहीं की जा सकती। सूचित सहमति के महत्व पर जोर देते हुए न्यायालय ने कहा कि नागरिकों के निजता अधिकारों में किसी भी प्रकार की कटौती अस्वीकार्य है। पीठ ने व्हाट्सएप की डेटा साझा करने की प्रक्रिया की तुलना चोरी करने के एक सभ्य तरीके से करते हुए मामले की गंभीरता का उल्लेख किया। सुप्रीम कोर्ट, राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय अधिकरण (एनसीएलएटी) के आदेश के खिलाफ व्हाट्सएप की अपील पर सुनवाई कर रहा था। पीठ ने संकेत दिया कि वह इस अपील पर तभी विचार करेगी, जब व्हाट्सएप स्पष्ट और बिना शर्त यह लिखित आश्वासन देगा कि वह विज्ञापन या किसी अन्य व्यावसायिक उद्देश्य से यूजर्स का डेटा मेटा के साथ साझा नहीं करेगा। मुख्य न्यायाधीश ने दो. हराया, किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी के व्यापारिक हितों के लिए नागरिकों की निजता से समझौता नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने इस मामले में 10 फरवरी को अगले आदेश पारित करने की बात कही है।

## यूपी में 4,000 मदरसों को कथित विदेशी फंडिंग की जांच अंतिम चरण में

शााह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में करीब 4,000 मदरसों को कथित तौर पर विदेशी फंडिंग मिलने के मामले की जांच अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। अधिकारियों के मुताबिक जांच एजेंसियां रिपोर्ट को अंतिम रूप दे रही हैं, जिसे जल्द ही राज्य सरकार को सौंपा जाएगा।

दूसरी तरफ जांच के आगे बढ़ने के साथ ही मुस्लिम धर्मगुरुओं ने इस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा है कि अवैध फंडिंग की जांच सभी शैक्षणिक संस्थानों में समान रूप से होनी चाहिए, न कि सिर्फ मदरसों तक सीमित रहे। उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निदेशक अंकित कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस मामले में एक से अधिक जांच चल रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गठित विशेष जांच टीम द्धएसआईटी ऋ जिसकी अगुवाई एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड के पुलिस महानिरीक्षक

**सभी संस्थानों की जांच होनी चाहिए: धर्मगुरु**

कर रहे हैं, जल्द ही अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले नौ जनवरी को यूपी अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय ने सभी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को पत्र भेजकर जांच से संबंधित दिशा-निर्देश दिए थे। पत्र में कहा गया था कि मामले की जांच यूपी एटीएस कर रही है और सभी मदरसों के बैंक खातों, लेन-देन और फंडिंग स्त्रोतों का सत्यापन कर दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए थे। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया था कि कई स्थानों पर बड़े-बड़े मदरसे बनाए गए हैं, जिनके आय स्त्रोत और वित्तीय विवरण स्पष्ट नहीं हैं। ऐसे मदरसों के विदेशी फंडिंग से जुड़े होने की आशंका जताई गई है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि वे अपने-अपने जिलों में संचालित मदरसों को मिलने वाली सभी प्रकार की फंडिग का ब्योरा उपलब्ध कराएं। इस बीच धर्मगुरुओं ने जांच के दायरे को लेकर आपत्ति जताई है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की कार्यकारिणी के सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि मदरसों और स्कूलों के लिए समान कानून होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकांश मदरसे दान के सहारे चलते हैं, जहां लोग शिक्षकों के वेतन और छात्रों के भोजन के लिए छोटी-छोटी रकम देते हैं। कई मदरसे मुफ्त शिक्षा देकर देश की साक्षरता दर बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं, हालांकि किसी भी तरह की अवैध गतिविधि का कोई स्थान नहीं है। वहीं, संगठन के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि विदेशी या अवैध फंडिग की जांच पूरी तरह जायज है, लेकिन यह सिर्फ मदरसों तक सीमित न रहकर अन्य शैक्षणिक संस्थानों तक भी होनी चाहिए।

## टैरिफ में कटौती से सहारनपुर काष्ठ उद्योग में जश्न, जताया आभार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत किए जाने के निर्णय को यहां के काष्ठ कला उद्योग के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है।

फैसले के बाद सहारनपुर के काष्ठ कला कारोबारियों और कारीगरों ने दीपावली जैसा उत्सव मनाते हुए केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। करीब सात से आठ हजार करोड़ रुपये वार्षिक कारोबार वाले सहारनपुर के विश्वविख्यात काष्ठ हस्तशिल्प उद्योग पर पिछले आठ-नौ महीनों से संकट के बादल मंडरा रहे थे। अमेरिका द्वारा टैरिफ 50 प्रतिशत किए जाने के बाद निर्यात बुरी तरह प्रभावित हुआ और कई निर्यातक आर्थिक दबाव में आ गए। उद्यमियों का कहना है कि अमे. रिका भारतीय हस्तशिल्प उत्पादों का सबसे बड़ा खरीदार है और उसकी मांग में गिरावट का सीधा असर स्थानीय उद्योग पर पड़ा। सहारनपुर की प्रमुख निर्यातक फर्मों के प्रतिनिधियों ने कहा कि टैरिफ में कटौती से कारोबार को नई गति मिलेगी और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा की स्थिति मजबूत होगी। उनका मानना है कि अमेरिका के साथ व्यापारिक संबंधों में सुधार से यूरोपीय बाजार में भी दबाव कम होगा। कारीगरों ने इसे उद्योग के पुनर्जीवन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले समय में निर्यात फिर से रफ्तार पकड़ेगा और रोजगार मिलेगा।

# जेई ने महिला से बनाए शारीरिक संबंध

## महिला को प्रेम जाल में फंसाने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अमरोहा में बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर (जेई) पर एक महिला को प्रेम जाल में फंसाने, शारीरिक संबंध बनाने और मारपीट करने का गंभीर आरोप लगा है। महिला ने दावा किया है कि जेई ने उसे उसके पति से अलग कर दिया और उसके साथ रहते हुए एक बेटे को जन्म दिया। अब जेई और उसकी पत्नी पर महिला से मारपीट का आरोप है, जिसके बाद महिला ने एसपी अमित कुमार आनंद से शिकायत की है।

मंडी धनौरा थाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका पति बाहर मजदूरी करता था। इसी दौरान बिजली बिल जमा करने के अभियान के तहत जेई उसके घर आया। जेई ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और उसके पति से रिश्ते खत्म करा दिए। महिला के अनुसार, जेई गजरौला शहर में एक किराए के मकान में ले गया। करीब 4 साल तक उसके साथ रिलेशनशि.

**■ चार साल तक करता रहा बलात्कार , जेई व पत्नी पर मारपीट का आरोप**

प में रहा। इस अवधि में महिला ने एक बेटे को जन्म दिया। महिला का आरोप है कि अब जेई उसे अपने साथ रखने से मना कर रहा है। वर्तमान में जेई की तैनाती हसनपुर तहसील क्षेत्र में है।पीड़िता का आरोप है कि बीती 26 जनवरी को वह जेई से मिलने उसके जोया रोड स्थित सरकारी आवास पर गई थी। वहां जेई और उसकी पत्नी ने उसके साथ मारपीट की। मंगलवार को पीड़िता एसपी कार्यालय पहुंची और शिकायती पत्र सौंपा। उसने एसपी से आरोपी जेई के साथ रहने की मांग की है।

## शराब विक्रेता को कारण बताओ नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** मामला हसनपुर के वार्ड 12 स्थित अमरो.हा अतरासी अड्डे के पास संचालित कम्पोजिट शराब की दुकान से जुड़ा है। दुकान की मालिक पूनम देवी पत्नी ललित चौहान, निवासी मोहल्ला अवंतिका नगर थाना गजरौला हैं। शिकायत के अनुसार, यहां शराब पर निर्धारित दर से दस रुपये अधिक लिए जा रहे थे। डीएम निधि गुप्ता ने बताया कि विक्रेता को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर जवाब देने का समय दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शराब की बिक्री निर्धारित दरों पर ही होनी चाहिए। जिले भर में शराब की दुकानों पर ओवररेटिंग की शिकायतें अक्सर सामने आती रही हैं।जानकारी के अनुसार, यह दुकान काफी समय से ओवररेटिंग पर शराब बेच रही थी। ग्राहकों से प्रत्येक क्वार्टर और बीयर पर निर्धारित मूल्य से 10 रुपये ज्यादा वसूले जा रहे थे। फिलहाल, डीएम के इस कदम से अवैध वसूली पर लगाम लगने की उम्मीद है।

# वाहन की टक्कर से निजी स्कूल के शिक्षक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** चौपला फ्लाईओवर के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से

**■ सोमवार की रात करीब पौने नौ बजे हुआ हादसा**

एक निजी स्कूल के शिक्षक गम्भीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी से उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही विद्यालय के स्टॉफ व पड़ोसियों में भी शोक की लहर दौड़ गई।



मोहित (फाइल फोटो)

जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला सैफी नगर निवासी सेवा. निवृत्त बैंककर्मी हरिओम का पुत्र मो. हित कुमार (30) नगर के सैंट मेरी कॉन्वेंट स्कूल में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। वे सोमवार की रात करीब पौने नौ बजे बाइक द्वारा इंदिरा चौक से अपने घर की तरफ जा रहे थे। फ्लाई ओवर के ढ़लान पर अज्ञात वाहन ने शिक्षक को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल शिक्षक को स्थानीय लोगों एवं पुलिस की मदद से सीएचसी लाया गया। यहां से चिकित्सक ने तुरंत फर्स्ट एड देकर हायर सेंटर रेफर किया। मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में शिक्षक की मौत हो गयी। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई।

### तीन दिन पूर्व ही किया था गृह प्रवेश

**शाह टाइम्स संवाददाता,गजरौला।** हादसे में मृत हुए शिक्षक मोहित कुमार हंसमुख स्वभाव के थे। यूं तो परिवार का पुराना घर है मगर तीन दिन पूर्व ही मोहित ने नये घर में गृह प्रवेश किया था। मोहित तीन वर्षीय बेटी के पिता भी थे। इस दुखद घटना से मोहित की पत्नी मीनाक्षी सहित परिजनों के साथ साथ पड़ोसियों की आंखे भी नम हो गईं। मोहित बहुत ही मिलनसार और हंसमुख व्यक्ति थे। स्कूल में स्टॉफ और बच्चे भी उनसे खुश रहते थे।

## केन्द्रीय मंत्री जयंत रहेंगे मौजूद, कार्यकर्ताओं ने किया मंथन

# अजित सिंह की जयंती पर लगेगा रोजगार मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** राष्ट्रीय लोकदल की बैठक में जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह की जयंती के अवसर पर कौशल महोत्सव और रोजगार मेले भव्य कार्यक्रम किया जाएगा। जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे।

मंगलवार को पार्टी कार्यालय पर हुई बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा कि, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह की जयंती के अवसर पर 12 फरवरी को शिव इंटर कॉलेज, गजरौला में कौशल महोत्सव एवं रोजगार मेले का आयोजन होगा। जिलाध्यक्ष ने कार्यक्रम को सफल बनाने की रूपरेखा तैयार की और कार्यकर्ताओं को उनका दायित्व सौंपा। कहा कि कार्यकर्ता गांवों में जाकर बेरोजगार युवाओं को जागरूक करेंगे और अधिक से अधिक संख्या में युवाओं को इस रोजगार मेले में पहुंचने के लिए प्रेरित



करेंगे। यह कौशल महोत्सव युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में एक ठोस और सार्थक पहल है। इस मेले में लगभग 50 से 70 प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। जो युवाओं को सीधे रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी। बैठक में पूर्व जिला पंचायत सदस्य मंचन ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में रामव.ीर सिंह, सरजीत सिंह, हरपाल सिंह, डॉ.सत्यवीर चौहान, राजवीर भाई, अजय गिल, योगेंद्र सिंह, सुमित शिवाच, पुष्पराज सिंह, नमित चौधरी, सुरेंद्र गंदर्भ, महेश सिंह, प्रशांत औलख, बोबिन सिंह आदि मौजूद रहे।

# चुचैला के युवक की गुरुग्राम में गला घोंटकर हत्या

## मोबाइल में बहन की फोटो बनी मौत की वजह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** अमरोहा जिले के गांव चुचौला कलां निवासी 22 वर्षीय युवक की हरियाणा के गुरुग्राम में बेरहमी से हत्या कर दी गई। हैरानी की बात यह रही कि हत्या किसी बाहरी ने नहीं, बल्कि गांव के ही युवक ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर की। हत्या की वजह मोबा.इल में बहन की फोटो देखना बताई जा रही है।



थाना क्षेत्र के मोहल्ला इमामबाड़ा निवासी बुंदू अंसारी का पुत्र शुऐब अंसारी 25 जनवरी से लापता था। गांव का ही जीशान पुत्र फुरकान अंसारी उसे मजदूरी दिलाने के बहाने गुरुग्राम ले गया था। उसी दिन से शुऐब का मोबाइल बंद हो गया, जिससे परिजन चिंतित हो उठे। काफी तलाश के बाद परिजनों ने गुरुग्राम के राजेंद्र पार्क थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस जांच के दौरान संदेह के आधार पर जीशान को हिरासत में लिया गया। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर शुऐब की हत्या करने की बात कबूल कर ली। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने आनंद गार्डन इलाके के एक गंदे नाले से शव बरामद किया। पुलिस के अनुसार, तीनों आरोपी एक ही कमरे में रहते थे। रात में शुऐब का गला घोंटकर हत्या की गई और शव को नाले में फेंक दिया गया। शक से बचने के लिए आरोपी परिजनों को लगातार गुमराह करता रहा। गुरुग्राम पुलिस का कहना है कि आरा.ेपी जीशान ने स्वीकार किया है कि शुऐब के मोबाइल में उसकी बहन की फोटो देख लेने के बाद उसने हत्या की साजिश रची। पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार देर रात शव गांव लाया जाएगा। घटना से गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है।

## एक नजर

### एफएमजीई टेस्ट पास करने पर सम्मान समारोह




**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** एसक्यू कालेज आफ फार्मेसी डिडौली में विदेश से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर एफएमजीई टेस्ट पास करने वाले डाक्टर का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसमें डाक्टर एवं उनके परिवार को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया तथा डाक्टर से उनके अनुभव भी साझा किये गये। इस दौरान मेडिकल छात्रों को फ्री तैयारी की भी घोषणा की गयी। इस मौके पर डा. सारिया, डा. फहद, डा. अब्दुल अलीम, डा. फरमान, डा. हाशिम, डा जकिया रानी, डा. सादिक, डा. हिना अली, डा. रफेश आलम, रूकने आलम आदि मौजूद रहे।

### जिला पंचायत ने अवैध प्लाटिंग करायी ध्वस्त



**शाह टाइम्स ब्यूरो नौगांवा सादात।** बिना जिला पंचायत से नक्शा पास कराए अवैध प्लाटिंग को राजस्व विभाग की टीम ने ध्वस्त करा दिया। एसडीएम सुनीता सिंह अपर मुख्य अधिकारी डा. राकेश कुमार यादव व अवर अभियंता के साथ थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा अपरौला पहुंची जहां बिना जिला पंचायत से अनुमति लिये की जा रही प्लाटिंग को जेसीबी की मद्द से ध्वस्त करा दिया। एएमए ने बताया कि करीब 15 बीघा जमीन पर पिछले कई महीनों से भूमाफिया अवैध प्लाटिंग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गांव में बिना जिला पंचायत की स्वीकृति के कोई भी अवैध प्लाटिंग नहीं होने दी जाएगी। अवैध प्लाटिंग ध्वस्त होने से भूमाफियाओ में हड़कम्प मच गया।

### चारा मशीन में आकर महिला का हाथ कटा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** चारा मशीन में आकर महिला का हाथ कट गया। गंभीर हालत में हर सेंटर रेफर किया गया है। मंगलवार की सुबह थाना सैद नगली क्षेत्र के गांव हाजीपुरा निवासी विजय की पत्नी चंद्रकला पशुओं के लिए चारा काट रही थी। इतना अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया। और उसका बाया हाथ मशीन के ब्लेडों के बीच आ गया। तब तक मशीन को रोका जाता तब तक उनका हाथ बुरी तरह से कटकर अलग हो चुका था। दर्दनाक हादसे के बाद महिला की चीखे किसी से सुनी नहीं जा रही थी। गंभीर हालत में चंद्रकला को निजी चिकित्सक के पास भर्ती कराया। जहां से उसके बाद उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। चारा मशीन में सुरक्षा कवच न होने के कारण अक्सर हादसे होते रहते हैं।

### शबेबारात पर पुलिस ने निकाला पैदल मार्च



**शाह टाइम्स संवाददाता बछरायूं।** शबे बारात पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए थानाध्यक्ष कुलदीप तोमर ने पुलिस बल के साथ कस्बे में पैदल मार्च किया। इस दौरान भीड़भाड़ वाले इलाकों, बाजारों और मुख्य सड़कों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पैदल मार्च के दौरान पुलिस ने घरों के बाहर खड़ी बिना लॉक लगी मोटरसाइकिलों को चेक किया। बाइक स्वामियों को बुलाकर वाहन सुरक्षित रखने की हिदायत दी गई। वहीं सड़क पर घूम रहे संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर उन्हें सतर्क किया गया। इसके अलावा सड़क पर अतिक्रमण कर दुकानदारों व ठेला लगाने वालों को समझाया गया कि वे रास्ता खाली रखें, ताकि लोगों को आने-जाने में परेशानी न हो। पुलिस ने साफ कहा कि त्योहार के दौरान शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष कुलदीप तोमर ने लोगों से अपील की कि शबे बारात का पर्व आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# गांव चुबका में पोलिंग बूथ बनाने की मांग

## ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** ब्लाक के गांव चुबका में पोलिंग बूथ की सुविधा को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। गांववासियों ने पोलिंग बूथ की स्थापना की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान में मतदान के लिए उन्हें दूर स्थित बूथ पर जाना पड़ता है, जिससे बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांग मतदाताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लंबी दूरी और आवागमन की समस्या के कारण मतदान प्रतिशत प्रभावित होने की भी आशंका जताई गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए गांव चुबका में ही एक नया पोलिंग बूथ स्थापित किया जाए, ताकि मतदाताओं को सुविधा मिल सके और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूती मिले। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस मौके पर समरपाल सिंह, कल्लू सिंह, सूरज सिंह, पप्पू सिंह, इकराम सिंह अनिल कुमार, चन्द्रमणि, धनीराम सिंह, भूपेंद्र सिंह, इसरार, कल्लू सिंह, रूप सिंह धामा, सूरजपाल सिंह आदि मौजूद रहे

# दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे

## एक ही परिवार के कई लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** थाना आदमपुर क्षेत्र के ग्राम मुवारिजपुर में खेत की मेड़ काटने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। दबंगों ने एक ही परिवार के कई लोगों के साथ जमकर मारपीट कर एक युवक घायल हो गया। पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

ग्राम मुवारिजपुर निवासी उमेश पुत्र महेश ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि सोमवार शाम वह अपनी पत्नी पूनम और बच्चों के साथ अपने खेत पर गया था। वहां उसने देखा कि गांव के ही कुछ रसूखदार लोग उनके खेत की मेड़ काट रहे थे। जब उमेश ने इसका विरोध किया और मेड़ काटने का कारण पूछा, तो आरोपी भड़क गए। आरोप है कि विपक्षी पक्ष के लोगों ने संगठित होकर उमेश और उसके परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में उमेश के सिर में गंभीर चोट आई है।शोर सुनकर जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचे, आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने लहूलुहान हालत में थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने घायलों को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेज दिया है। जहां से चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। आदमपुर थाना प्रभारी संजय कुमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और तहरीर के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# सड़कों पर पार्किंग कराने वाले बैंकट हॉल अब नपेंगे

## उप नगर आयुक्त डा. ब्रजेश ने चेताया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नगर पालिका ने शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए कड़ा रुख अपनाया है। सार्वजनिक मार्गों पर वाहनों की पार्किंग कराने वाले बैंकट हॉलों के विरुद्ध अब सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नगर पालिका के उप नगर आयुक्त डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि नगरीय क्षेत्र में लगातार बढ़ती वाहनों की संख्या और यातायात के दबाव के कारण आमजन को आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से आयोजन के दौरान बैंकट हॉलों के बाहर सार्वजनिक सड़कों पर खड़े वाहनों से जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे शहर की व्यवस्था प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि नगर में कई बैंकट हॉल बिना कमर्शियल भवन की एनआ.ेसी और निर्धारित मानकों के विप.रीत संचालित हो रहे हैं। अधिकांश स्थलों पर आंतरिक पार्किंग की



समुचित व्यवस्था न होने के कारण मेहमान अपने वाहन सड़कों पर खड़े करते हैं, जो नियमों का उल्लंघन है। पालिका द्वारा पूर्व में भी बारात घर संचालकों को नोटिस जारी कर प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग पर रोक, आयोजन उपरांत कूड़े के समुचित निस्तारण और सार्वजनिक मार्गों पर पार्किंग न कराने के निर्देश दिए जा चुके हैं। नगर पालि.का ने स्पष्ट किया है कि शासकीय आदेशों और मानकों का उल्लंघन करने वाले बैंकट हॉल संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी और इसकी आख्या प्रस्तुत की जाएगी।

# दो बजे तक रही कड़ाके की सर्दी, धूप से मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** मंगलवार को दोपहर के दो बजे तक सूर्यदेव के दर्शन नहीं

**■ सर्दी के चलते बाजारों में भी पसरा रहा सन्नाटा**

होने से ज्यादा सर्दी महसूस हुई। सुबह के समय कोहरा तो और दिनों की अपेक्षा कम रहा मगर सर्दी ज्यादा रही। दोपहर में दो बजे के बाद धूप निकली तो लोगों को राहत मिली।

मंगलवार को सुबह के समय को.हरा छाया हुआ था, लेकिन कोहरा कुछ समय के बाद हट गया, लेकिन



सर्दी का वातावरण बनी रही। सर्दी अधिक होने के कारण लोग घरों में ही दुबके रहे। बाजारों में भी ज्यादा रौनक नहीं दिखाई दी। बुजुर्ग व बच्चों को सबसे ज्यादा दिक्कत महसूस हुई तो वहीं कामकाजी लोग और स्कूली बच्चे सर्दी से जूझते हुए मंजिल तक पहुंचे। सर्दी से बचने के लिए लोग गर्म कपड़े पहनकर ही बाहर निकले। घरों व दुकानों में लोगों ने रूम हीटर और अलाव जलाकर सर्दी से निजात पाई। लोगों ने घर बैठे ऑनलाइन रूप से ऑर्डर बुक करके घरेलु व खानपान का सामान अपने घर पर ही मंगवाया। दोपहर के दो बजे के बाद धूप निकलने के बाद ही कड़ाके की सर्दी से राहत मिली। मौसम विभाग की जानकारी के अनुसार मंगलवार को अधिकतम तापमान 19 और न्यूनतम तापमान 09 डिग्री दर्ज किया गया।

## मारपीट के मामले में तीन पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शहर के मोहल्ला मंडी चौब में मारपीट की एक घटना सामने आई है। पीड़ित कामिल की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पीड़ित द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार 30 जनवरी की दोपहर वह मोहल्ला मंडी चौब स्थित अपने जन सेवा केंद्र पर बैठे हुए थे। इसी दौरान मोहल्ले के ही रहने वाले खुर्शीद जमाल, मोनू उर्फ फराज और जहांगीर अली वहां पहुंचे और किसी बात को लेकर कहासुनी के बाद उनके साथ मारपीट करने लगे। आरोप है कि तीनों ने लाठी-डंडों से हमला कर कामिल को घायल कर दिया। घटना के बाद आसपास के लोगों के पहुंचने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। सीओ सिटी अभिषेक कुमार यादव ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# नगर में बाइक चोर बेलगाम, रोज चोरी हो रही बाइकें

## सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शहर में बाइक चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं और पुलिस के तमाम प्रयासों के बावजूद चोरों के हौसले बुलंद हैं। हालात यह हैं कि शहर में औसतन रोज एक बाइक चोरी हो रही है, जिससे आम नागरिकों में दहशत का माहौल है।

तीन दिन पहले मोहल्ला नल (नई बस्ती) में बैंक्वेट हॉल के बाहर से चोरी हुई बाइक का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि अब चोरों ने बिजनौर रोड पर एक रेस्टोरेंट के पास खड़ी बाइक को निशाना बना लिया। इस ताजा घटना में चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें एक युवक बाइक चोरी कर फरार होता हुआ साफ नजर आ रहा है। घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के अतरासी तिराहे के पास स्थित रेस्टोरेंट की है। मोहल्ला पक्का बाग निवासी मोहम्मद अजहर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने 1 फरवरी की शाम अपनी रिबेल ब्लू बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। देर रात करीब एक बजे अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गया। सुबह जब अजहर किसी काम से बाहर निकले तो बाइक गायब देख उनके होश उड़ गए। काफी तलाश के बाद जब पास के रेस्टोरेंट के सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए तो चोरी की पूरी घटना फुटेज में कैद मिली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है, लेकिन अब तक न तो आरोपी की पहचान हो सकी है और न ही बाइक बरामद की जा सकी है। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की जा रही है। जल्द ही बाइक बरामद कर ली जाएगी।

# सब्जी विक्रेता को दरोगा ने दी धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** ब्लाक कार्यालय के सामने सब्जी बेचने वाली एक गरीब महिला ने एसडीएम दरबार में पहुंचकर पुलिस दरोगा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता पारूल सैनी पत्नी प्रशांत, निवासी ग्राम रामपुर तगा थाना धनौरा ने बताया कि वह अत्यंत गरीब व मजदूर वर्ग से है और अपने परिवार की रोजी-रोटी के लिए एक सप्ताह से ब्लाक धनौरा के सामने किराये की दुकान लेकर हरी सब्जी बेच रही है। महिला का आरोप है कि मंगलवार सुबह

**■ एसडीएम ने एसओ को दिये जांच के आदेश**

करीब साढ़े ग्यारह बजे एक दरोगा उसकी दुकान पर आया और बिना किसी कारण उसके पति से अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर दरोगा ने पति-पत्नी को सब्जी बेचने से रोकने और झूठे मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी दी। इससे घबराकर पीड़िता एसडीएम दरबार में शिकायत लेकर पहुंची। पीड़िता ने कहा कि यदि उसे सब्जी बेचने से रोका गया तो उसका परिवार भूखमरी की कगार पर आ जाएगा। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने थाना अध्यक्ष धनौरा को पूरे प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी और किसी गरीब को बेवजह परेशान नहीं होने दिया जाएगा।

# सब्जी विक्रेता को दरोगा ने दी धमकी

## एसडीएम ने एसओ को दिये जांच के आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** ब्लाक कार्यालय के सामने सब्जी बेचने वाली एक गरीब महिला ने एसडीएम दरबार में पहुंचकर पुलिस दरोगा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता पारूल सैनी पत्नी प्रशांत, निवासी ग्राम रामपुर तगा थाना धनौरा ने बताया कि वह अत्यंत गरीब व मजदूर वर्ग से है और अपने परिवार की रोजी-रोटी के लिए एक सप्ताह से ब्लाक धनौरा के सामने किराये की दुकान लेकर हरी सब्जी बेच रही है।

महिला का आरोप है कि मंगलवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे एक दरोगा उसकी दुकान पर आया और बिना किसी कारण उसके पति से अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर दरोगा ने पति-पत्नी को सब्जी बेचने से रोकने और झूठे मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी दी। इससे घबराकर पीड़िता एसडीएम दरबार में शिकायत लेकर पहुंची। पीड़िता ने कहा कि यदि उसे सब्जी बेचने से रोका गया तो उसका परिवार भूखमरी की कगार पर आ जाएगा। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने थाना अध्यक्ष धनौरा को पूरे प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी और किसी गरीब को बेवजह परेशान नहीं होने दिया जाएगा।

# मन्दिरों व मार्गों पर चलेगा विशेष सफाई अभियान

## शिवभक्तों को सुरक्षित वातावरण देगी नगर पालिका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, अधिशासी अधिकारी अरुण यादव एवं नगर स्वच्छता प्रेरक सिम्मी अग्रवाल ने पालिका कर्मचारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर में आने वाले शिवभक्तों को स्वच्छ व सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।





पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व के दौरान नगर के प्रमुख मार्गों एवं शिव मंदिरों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मंदिरों तक जाने वाले रास्तों की नियमित सफाई के साथ प्रकाश व्यवस्था भी दुरुस्त रखी जाए, ताकि रात्रि जागरण व पूजा-अर्चना में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नगर स्वच्छता प्रेरक सिम्मी अग्रवाल ने कहा कि महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में शिवभक्त नगर के मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए आते हैं, ऐसे में नगर पालिका की ओर से कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। पूर्व वर्षों की भांति इस बार भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जाएंगी। प्रमुख स्थलों पर पानी के टैंकर, अस्थाई शौचालय तथा खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को बदलने का कार्य समय से पूरा कराया जाएगा। वरिष्ठ लिपिक उमेश सिंह, लेखाकार सोनू पिवाल एवं अवर अभियंता ने कहा कि शिवभक्तों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए नगर पालिका पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

# मारपीट के मामले में चार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नगर के मोहल्ला लालबाग में एक युवक और उसकी पत्नी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने चार पड़ोसियों पर गाली-गलौज, मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला निवासी शाहरुख पुत्र शकील अहमद के अनुसार बीती शाम करीब 7 बजे उनके पड़ोस में रहने वाले रिजवान, फैजान, जिशान पुत्रगण मुन्ना मियां पत्नी बानो ने उनके घर के पास आ गये। आरोप है कि बिना किसी विवाद के आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उन्होंने शाहरुख को घेर लिया और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शोर शाहरुख की पत्नी आफरीन, पड़ोसन बिपल (लपत्नी नासिर और उनका बेटा अरबाज बीच-बचाव के लिए पहुंचे। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावरों ने आफरीन के साथ भी हाथापाई की। किसी तरह पीड़ितों ने खुद को बचाया। घटना के बाद शाहरुख ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी। थाना पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपों की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# मां संतोषी मन्दिर में 51वां वार्षिकोत्सव

## भजन-कीर्तन से गूंजा परिसर, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के मां संतोषी मंदिर में मंगलवार को 51वां वार्षिक उत्सव बड़े ही श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह सुंदरकांड के पाठ से हुई, जिसके बाद भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। मंदिर परिसर भक्ति रस में सराबोर नजर आया।

मंदिर समिति की ओर से लगातार तीन वर्षों से सेवा दे रहे सदस्यों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया जा रहा है। इसी क्रम में इस वर्ष भी मंदिर से जुड़े सदस्यों का सम्मान किया गया। इसके बाद ब्राह्मण भोज कराया गया। कार्यक्रम का समापन आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कुसुम अग्रवाल ने कहा कि मां संतोषी मंदिर में आकर अलग ही ऊर्जा मिलती है। यहां समय-समय पर होने वाले धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ाते हैं। इस अवसर पर कुसुम सिंहल, मीणा आर्य, रजनी सारस्वत, मंजू अग्रवाल, सोनिया अग्रवाल, राकेश वर्मा, ममता सिंहल, पूनम सिंहल, सरोज अग्रवाल, मीना शर्मा, रानी अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, श्वेता सिंघल, निम्मी अग्रवाल, मनीष, रेनू शर्मा, रजनी शर्मा, सीमा गुप्ता, अंजू शर्मा, ममता अग्रवाल, अलका अग्रवाल, अनिता वर्मा, रजनी अग्रवाल सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।



# धूमधाम से मनायी जाएगी अम्बेडकर जयंती

## जगत सिंह बने जयंती समिति के अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती 2026 के आयोजन को लेकर डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समिति की बैठक में सर्वसम्मति से विभिन्न पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की समिति का गठन किया गया।

मंगलवार को मास्टर जगत सिंह को अध्यक्ष, कार्यकारिणी अध्यक्ष ललित कुमार सिंह, कार्यवाहक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू को बनाया गया। महासचिव श्रीमती चंचल सागर, कोषाध्यक्ष डॉ राजेश कुमार, संयोजक नवल कुमार व महेंद्र सिंह आर्य को बनाया गया। रामपाल सिंह नेताजी, गोपीचंद, मास्टर जयवीर सिंह, डॉ0 महेश कुमार, ललिता रानी सुशील भगत को भी जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में समिति के सभी पदाधिकारियों जिम्मेदारी स्वीकार करने का संकल्प लिया। बैठक में कैलाश उर्फ महेंद्र सिंह, मलुआ नेता जी, बृजपाल सिंह जाटव, डॉ बबलू गौतम, थान सिंह, फतेह चंद अध्यक्ष रविदास जयंती समिति मास्टर मंगली सिंह, सतपाल सिंह एडवोकेट मौजूद थे।

### सात बच्चों को मिला स्कूल का रास्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत पुलिस ने शिक्षा से वंचित सात बालक-बालिकाओं का प्राथमिक विद्यालय में दाखिला कराकर एक मिसाल पेश की है। यह अभियान एसपी आनन्द के निर्देश पर चलाया गया। क्षेत्र के ग्राम वंशगोपालपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में इन बच्चों का विधिवत नामांकन कराया गया। सभी बच्चे मोहल्ला कंचन बाजार के निवासी हैं, जो अब तक पढ़ाई से दूर थे। एंटी रोमियो टीम ने बच्चों और उनके अभिभावकों से संपर्क कर शिक्षा का महत्व समझाया और विद्यालय में प्रवेश की पूरी प्रक्रिया कराई।

# कुर्सी अपनी, कक्ष पराया! छोटे साहब का बदला हुआ ठिकाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** सुबह होते ही छोटे साहब अपनी कुर्सी छोड़कर बड़े साहब के कक्ष में जा विराजते हैं और शाम ढलने तक वहीं डटे रहते हैं। उनका अपना कक्ष दिनभर बंद पड़ा रहता है, मानो सरकारी ताले भी सोच में पड़ गए हों कि अब उनकी जरूरत ही क्या रह गई है।

गलियारों में तंज उड़ रहा है कि छोटे साहब को अब अपना कमरा रास नहीं आता, बड़े साहब का कक्ष ही उन्हें ज्यादा कामकाजी लगने लगा है। हाल यह है कि कर्मचारी और फरियादी दोनों असमंजस में हैं काम किस दरवाजे पर होगा और दस्तक कहां दी जाए? फुसफुसाहट यह भी है कि छोटे साहब को बड़े साहब की संगत इतनी भा गई है कि दफ्तर तक ही नहीं, सफर तक साथ तय होने लगा है। अब दूरी सिर्फ पदों की रह गई है, बाकी सब साझा होता दिख रहा है। जिम्मेदार खामोशी साधे हैं, पर सवाल खुले हैं अगर छोटे साहब को अपना कक्ष ही नहीं भाता, तो उसे खोलने की जहमत क्यों? और अगर बड़े साहब का कक्ष ही सब कुछ है, तो बाकी कमरों की जरूरत क्या? फिलहाल गलियारों में यही चर्चा है कि यहां कुर्सियां भले अलग हों, पर ठिकाने एक होते जा रहे हैं। कब तक? इसका जवाब शायद बंद पड़े कक्ष के ताले ही देंगे।

# तल्हा ने हासिल की मौलवियत की डिग्री

## मदरसा चिल्ला में हुई दस्तारबंदी, परिजनों में खुशी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कम उम्र में अहम कामयाबी हासिल करते हुए 16 वर्षीय तल्हा अब्बासी पुत्र जमाल अब्बासी ने मदरसा चिल्ला (जामिया हुसैनिया दारुल उलूम इस्लामिया अरबिया चिल्ला अमरोहा) से मौलवियत की तालीम मुकम्मल कर अपने खानदान का नाम रोशन किया है। इस मुबारक मौके पर बीती रात मदरसा परिसर में एक शानदार जलसा-ए-दस्तारबंदी का एहतमाम किया गया।



इस तकरीब में खुसूसी मेहमान के तौर पर तशरीफ लाए हजरत मौलाना मुफ्ती अब्दुररहमान साहब, सदर (प्रदेश अध्यक्ष) जमीयत उलेमा-ए-हिंद, जिन्होंने अपनी सरपरस्ती में तल्हा अब्बासी की दस्तारबंदी फरमाई। उनके हमराह दीगर उलेमा-ए-कराम ने भी दुआओं और नेक तमन्नाओं से नवाजा। अपने तफसीली बयान में मौलाना मुफ्ती अब्दुरहमान साहब ने फरमाया कि "आज के पुरफितना दौर में कम उम्र में इल्म-ए-दीन हासिल करना बहुत बड़ी सआदत है। मौलवियत की मंजिल तक पहुँचना महज इम्तिहान पास करना नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों का एहसास भी है। उन्होंने तालिबे इल्मो के लिए दुआ की कि अल्लाह तआला इनके इल्म में इजाफा फरमाए, इन्हें इस्तिकमत अता करे और दीन-ए-इस्लाम की खिदमत के लिए कुबूल फरमाए। जलसे में उलेमा-ए-कराम, असातिजा, तलबा और इलाके के अजीज-ओ-अकारिब की बड़ी तादाद मौजूद रही। महफिल का इख्तिताम दुआ पर हुआ। तल्हा अब्बासी की इस कामयाबी पर परिवार में खुशी का माहौल है। इस मौके पर मुफ्ती मुंसिफ, मुफ्ती मुस्लिम, मुफ्ती सालिम, मुफ्ती इफ्तेखार, मुफ्ती शब्बीर मुरादाबाद, मुफ्ती असलम आदि मौजूद रहे।

### फर्जी मैसेज भेजकर बीस हजार की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** थाना क्षेत्र के ब्रहम्णो वाली मढय्या निवासी लोकेश शर्मा पुत्र वेदप्रकाश के मोबाइल फोन पर अज्ञात व्यक्ति पंकज का नाम बता कर कहा मेरे फोन से पैसे नहीं ट्रांसफर हो रहे हैं अस्पताल में मरीज भर्ती है आपको 30 हजार रुपए डाल दिए हैं आप ट्रांसफर कर दो लोकेश ने पांयती कलां जनसेवा केंद्र पर दो बार में 20 हजार रुपए ट्रांसफर करा दिया दस हजार रुपए और डालने को कहा तो अपने को ढगी का शिकार होना मानकर पैसे नहीं डाले अज्ञात व्यक्ति ने धमकी दी पुलिस को कल शिकायत पत्र दिया है।

### डेढ़ माह के मासूम को उठाकर ले गया बंदर

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली में मुकेश कुमार का परिवार रहता है सोमवार को दोपहर उनकी पत्नी रेखा डेढ माह के बच्चे को आंगन में चारपाई पर धूप में लेटा कर रसोई में चली गई अचानक बंदर ने बच्चे को उठा लिया मां की नजर बच्चे को उठाते पड़ी तो मां की चीख निकल गई। तुरंत स्वजनों ने पहुंच कर बच्चे को बंदर के चुंगल से छुड़ाने के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर रोटियां देनी शुरू कर दी। बच्चे को छोड़कर बंदर रोटियां लेकर भाग गया सकुशल बच्चे को देख मां के जान में जान आई।

### ट्रक ने तोड़ा फाटक का बूम

**शाह टाइम्स संवाददाता गजरौला।** गन्ने से भरे ट्रक ने रेलवे फाटक का बूम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पहुंची आरपीएफ ने ट्रक को कब्जे में ले लिया। काशन से ट्रेन को पास कराया गया। आरपीएफ ने चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गन्ने से भरा ट्रक सोमवार की रात मंडी धनौरा की तरफ जा रहा था। फाजलपुर फाटक पर ट्रेन पास करवाने के लिए गेटमैन फाटक बंद कर रहा था। तभी चालक ने ट्रक की टक्कर मारकर फाटक का बूम तोड़ दिया। बूम टूटने की जानकारी गेटमैन ने अपने अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंची आरपीएफ ने ट्रक कब्जे में ले लिया। काशन से ट्रेन को पास कराया गया। आरपीएफ के थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि अमरोहा निवासी चालक नबाव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# जसमांह में छुट्टा सांडों का आतंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उसावां।** क्षेत्र के जसमांह में छुट्टा सांडों और गोवंशों का आतंक बढ़ गया है। इन पशुओं ने ग्रामीणों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है और एक ग्रामीण पर हमला भी किया है।ग्रामीणों के अनुसार, छुट्टा गोवंश रात के समय खेतों में घुसकर फसलें बर्बाद कर रहे हैं। इसी क्रम में, जसमांह गांव निवासी जयपाल श्रीवास्तव पर रात में अपनी फसल देखने खेत में जाने के दौरान एक छुट्टा सांड ने हमला कर दिया। जयपाल किसी तरह अपनी जान बचाकर घर लौटे।ग्रामीणों का कहना है कि खेतों में फसलें बर्बाद करने के बाद ये पशु गांव में भी घूमते हैं, जिससे छोटे बच्चों को चोट लगने का खतरा बना रहता है। इस स्थिति से ग्रामीण बेहद परेशान हैं।इस मामले में सभी ग्रामीणों ने एकजुट होकर ग्राम प्रधान करन सिंह को सूचना दी। प्रधान करन सिंह ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वे छुट्टा सांडों को पकड़वाने के लिए तैयार हैं, बशर्ते संबंधित अधिकारी उनका सहयोग करें।जब संबंधित अधिकारियों से इस विषय पर बात की गई, तो उन्होंने बताया कि आज वे किसी कारणवश व्यस्त हैं, लेकिन कल समय मिलते ही इस मामले में संज्ञान लिया जाएगा। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो वे संबंधित अधिकारियों के खिलाफ उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे।इस दौरान प्रमोद कुमार यादव, जयपाल, महिपाल, चंद्रपाल, हरिश्चंद्र सहित कई अन्य ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर व विद्युत समस्याओं को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने दिया अधिशासी अभियंता को ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के नगर अध्यक्ष कृष्ण अवतार शर्मा एवं विधानसभा प्रभारी धर्मेंद्र वार्ष्णेय के नेतृत्व में व्यापारियों ने विद्युत वितरण खंड कार्यालय पर पहुंचकर स्मार्ट मीटर और बिजली से संबंधित समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन अधिशासी अभियंता नरेंद्र चौधरी को सौंपा।

मंगलवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश आह्वान पर नगर के व्यापारियों ने एकत्रित होकर विद्युत वितरण खंड कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन अधिशासी अभियंता नरेंद्र चौधरी को सौंपा। नगर कृष्ण अवतार शर्मा ने कहा कि प्रीपेड मीटर लगाए जाने से पूर्व उपभोक्ताओं की जमा सिक्योरिटी राशि वापस की जाए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद फिक्स चार्ज, मिनिमम चार्ज व इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी समाप्त की जाए, केवल उपभोग की गई यूनिट के आधार पर ही बिल बनाया जाए। महामंत्री धर्मेंद्र वार्ष्णेय ने कहा कि मीटर बदलने, चेक मीटर लगाने व मीटर उतारने के दौरान सीलिंग सर्टिफिकेट मौके पर ही दिया जाए। व्यापारियों का आरोप था कि ऐसे मामलों में मीटर लैब जांच के नाम पर उपभोक्ताओं पर बिजली चोरी जैसे गंभीर आरोप लगाकर एफआईआर व भारी जुर्माना लगाने के नाम पर प्रताड़ित किया जा रहा है। वहीं, सोलर प्लांट व नेट मीटरिंग वाले उपभोक्ताओं को ऊर्जा शुद्धिकरण (सेटलमेंट) के लिए बार-बार विभाग के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इसके अलावा वर्षों पुराने पीडी कनेक्शनों पर बिना दस्तावेजों के आरसी जारी करना, अस्थायी विच्छेदन की तिथि से फाइनल बिल न बनाना, शिकायतों पर रिसीविंग न देना।

# प्रदूषण के विरुद्ध भाकियू का धरना जारी

## संयुक्त मोर्चा के कार्यकर्ता 45 दिन से धरने पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) संयुक्त मोर्चा के बैनर तले गजरौला के शहबाजपुर डोर में चल रहा धरना 45वें दिन भी जारी रहा। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने आरोप लगाया कि लगातार प्रदूषण का मुद्दा उठाने के बाद भी जिला प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई या संवाद की झलक नहीं दिखी है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक इकाइयों के प्रदूषण से क्षेत्र में भूजल खराब होता है जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक किसानों को न्याय नहीं मिल जाता तब तक धरना चलता रहेगा। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष रामकृष्ण चौहान, सोमपाल सिंह, सुरेश चंद्र, ओम प्रकाश सिंह, होमपाल सिंह, समर पाल सिंह,राम प्रसाद सिंह, सिसपाल सिंह, जगन सैनी, रामपाल सैनी, रामचरण सिंह, जसवंत सैनी, विजय सिंह आदि किसान मौजूद रहे।



**सर्वसाधारण को सूचना**

परिषद की इब्राहीम नगर योजना संख्या-1, अमरोहा में स्थित दुर्बल आय वर्ग भवन सं0-125 का प्रदेशन पत्र पत्रांक 135 दिनांक 30.04.1990 द्वारा श्रीमती मधु गोयल पत्नी श्री चन्द्र प्रकाश गोयल के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी ने दिनांक 16.08.1990 को किराया-किस्त क्रय किरायेदारी का अनुबन्ध निष्पादित्त कराकर दिनांक 21.08.1990 को भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया था। आवंटी द्वारा पूर्ण भुगतान करते हुए दिनांक 19.06.1999 को इस कार्यालय से विक्रय विलेख निष्पादित कराकर दिनांक 21.06.1999 को सब रजिस्ट्रार कार्यालय, अमरोहा में पंजीकृत कराने के उपरान्त उक्त भवन श्रीमती ममता शर्मा पत्नी श्री रामकुमार शर्मा के पक्ष में दिनांक 21.06.1999 को रजिस्ट्री करते हुए विक्रय कर दिया गया। श्री रामकुमार शर्मा पुत्र श्री श्याम बिहारी लाल शर्मा एवं श्री मुदित शर्मा पुत्र श्री रामकुमार शर्मा ने अपने प्रार्थना-पत्र दिनांक 06.01.2026 के द्वारा श्रीमती ममता शर्मा की मृत्यु दिनांक 07.11.2025 को होना सूचित करते हुए दुर्बल आय वर्ग भवन सं0-125 को अपने पक्ष में वारिसान के आधार पर नामान्तरण हेतु अनुरोध किया है।

यदि इस नामान्तरण में किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित सम्पत्ति प्रबन्धक कार्यालय (अमरोहा), उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद, ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूतल), सेक्टर-5, मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद में प्राप्त करा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई क्लेम / आपत्ति मान्य न होगी तथा नियमानुसार नामान्तरण संबंधी कार्यवाही की जायेगी।

**आज्ञा से- सम्पत्ति प्रबन्धक**

# सांसद धर्मेंद्र यादव आजमगढ़ का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जनपद की कर्मठ लगनशील जुझारू महिला संतोष कश्यप जिला अध्यक्ष महिला सभा ने अपने निजी निवास पर अपनी समस्त महिला कार्यकारिणी साथियों को बुलाकर केक काटकर एक दूसरे के लिए खिलाया और सभी साथियों ने बड़े हर्षोल्लास के साथ में जन्मदिन मनाया जिसमें प्रमुख रूप से उपस्थिति रही रही संतोष कश्यप , माला शर्मा ,बबीता कश्यप , जया सिंह ,बिनीता कश्यप , शब्बू खान , आरती ठाकुर , राजरानी ,सुमन कश्यप , रामबेटी , रानी ठाकुर ,अंजुम , नाहिद , प्रेमवती शाक्य , कमलेश यादव ,अरुण यादव , अंजलि कश्यप , बृजेशा , जाटव ,मीना ,ओमवती , रीना ,रमोला रिंकी , श्रीवास्तव , लता देवी ,इमा इजहार ,कमलेश जाटव , मुन्नी देवी शाक्य ,मीना , ममता चंचल शर्मा गीता जाटव पुष्पा शाक्य अनीता ठाकुर पार्वती शर्मा आदि।

### जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 7 को

**बदायूं।** जवाहर नवोदय विद्यालय प्राचार्य भगत सिंह ने अवगत कराया है किजवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा–2026 (कक्षा–09 व 11) का आयोजन 07 फरवरी 2026 (शनिवार) को प्रातः 11:00 बजे से 01:30 बजे अपराह्न तक पूर्व निर्धारित परीक्षा केन्द्र मदन लाल इंटर कॉलेज, बिसौली, बदायूँ में सुनिश्चित किया गया है। परीक्षा केन्द्र पर सम्पूर्ण व्यवस्थाएँ पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों को निर्देशित किया है कि वे अपना प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट ीजजचेः / /बड़ेमपजउे.तबपस.हवअ.पद / दअे / ।कउपदब्तक / ।कउपदब्तक से डाउनलोड कर सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों ने जवाहर नवोदय विद्यालय समिति से प्राप्त ई–प्रवेश पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है, वे उसे समय रहते सुधार करवा लें।

# अवैध खनन की सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार से खनन माफिया ने की अभद्रता

**बदायूं।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में आये दिन अवैध मिट्टी खनन के मामले सामने आते रहते हैं । और पुलिस कार्यवाई नहीं करती है। मामला फैजगंज बैहटा थाना क्षेत्र के श्यामपुर गांव में अवैध खनन की सिकायत नायव तहसीलदार को मिली थी शिकायत पर जांच करने पहुंचे गिरजा शंकर यादव नायब तहस. ीलदार बिसौली के साथ आरो. पियों ने की अभद्रता की इस संबन्ध में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है हम आपको बता दें कि बदायूँ जनपद बदायूँ के थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन और नायब तहसीलदार से अभद्रता करने का गंभीर मामला सामने आया है। नायब तहसीलदार बिसौली गिरजा शंकर यादव ने थानाध्यक्ष फैजगंज बेहटा को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की है। नायब तहसीलदार द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार, ऑनलाइन शिकायत को लेकर नायब तहस. ीलदार बिसौली ग्राम श्यामपुर में अवैध खनन की जांच करने के लिए गए हुए थे जांच के दौरान पाया गया कि दिलावर सिंह पुत्र नरोत्तम सिंह द्वारा बिना किसी वैध अनुमति के मिट्टी खनन किया जा रहा था। मौके पर दिलावर सिंह के साथ तीन अन्य अज्ञात व्यक्ति भी मौजूद थे। आरोप है कि जांच के दौरान आरोपियों द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया और नायब तहस. ीलदार के साथ अभद्रता भी की गई। मौके पर शिकायतकर्ता जगन्नाथ पुत्र देनीराम एवं क्षेत्रीय लेखपाल राहुल सिंह भी उपस्थित थे। मामले में दिलावर सिंह सहित तीन अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध अवैध खनन एवं नायाब तहसीलदार से अभद्रता के आरोप में तत्काल एफआईआर दर्ज की गई है।



# 22 फरवरी को डायट ऑडिटोरियम में होगा मेगा विधिक सहायता शिविर का आयोजन

**बदायूं।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (त्वरित न्यायाधीश) / प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ, श्रीमती शिव कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुपालन में एवं माननीय जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ के आदेशानुक्रम में 22 फरवरी 2026 को समय प्रातः 10:00 बजे से मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन जनपद बदायूँ में स्थित डाइट आडोटोरियम में किया जायेगा। इसके क्रम में माननीय जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ के द्वारा गठित समिति की अध्यक्षा, सुश्री रिंकू अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश, (दस्यु प्रभावित क्षेत्र), बदायूँ एवं सदस्यगण श्री रिषी कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो एक्ट, न्यायालय संख्या–3, बदायूँ, श्रीमती शिव कुमारी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (त्वरित न्यायाधीश) / प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ श्री पुष्पेन्द्र चौधरी, सिविल जज (सी०डि०) / न्यायालय सख्या–01. बदायूँ व श्री पंकज कुमार पाण्डेय, सिविल जज (सी०डि०) / त्वरित न्यायाधीश, बदायूँ द्वारा 03 फरवरी 2026 प्रशासनिक अधिकारीगण के साथ बैठक आहूत की गयी, जिसमें जिला प्रशासन द्वारा नामित शिविर नोडल अधिकारी / मुख्य विकास अधिकारी, बदायूँ के स्थान पर जिला विकास अधिकारी, बदायूँ, द्वारा प्रतिभाग किया गया। इसी क्रम में समिति की अध्यक्षा द्वारा उनको दिनांक 22.02.2026 को मेगा / बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के सफल आयोजन हुआ।

# चोरों ने की किसान के मकान से भैंस चोरी

## ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर भैंस को उसके कब्जे से किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के नेथला गांव में किसान राकेश के मकान से एक भैंस चोरी हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चोरी हुए भैंस को बरामद कर लिया है और एक चोर को भी हिरासत में लिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

किसान राकेश ने बताया कि चोरों ने रात में उनके मकान की दीवार तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। कांग्रेस नेता क्षितिज त्यागी के अनुसार, तीन से अधिक चोर राकेश के घर में घुसे थे। उन्होंने एक भैंस को चुराया और अन्य सामान चोरी करने का भी प्रयास किया। जैसे ही राकेश के परिवार के सदस्यों को घर में किसी के होने का आभास हुआ, चोर भागने लगे। इस दौरान ग्रामीण इकट्ठा हुए और उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी हुए भैंस को



बरामद कर लिया और एक चोर को पकड़ लिया। सरूरपुर चौकी पर पहुंचे ग्रामीणों ने चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की भी अपील की। फिलहाल, कोतवाली पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।





# किसानों ने सरकार से की बर्बाद हुई फसलों का उचित मुआवजा की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के किशनपुर बिराल के जंगल में 5 दिन पूर्व पूर्वी यमुना नहर की पटरी टूटने से लगभग 500 बीघा गेहूं सरसों की फसल पूरी तरह पानी भर जाने से नष्ट हो गई थी। फसल डूबने पर बर्बाद हुई फसलों का उचित मुआवजा किसानों ने सरकार से मांगा है। चौधरी पुष्पेंद्र सिंह धर्मपाल सिंह अजीत चौधरी विनोद कश्यप महावीर चौधरी दीन मोहम्मद रफीक चौधरी सुल्तान चौधरी धर्मवीर सिंह राकेश नीरज प्रदीप तोमर सत्येंद्र तोमर आदि किसानों ने सरकार से मांग करते हुए किसानो की हुई फसल बर्बादके लिए उचित मुआवजा दिया जाने की मांग की। कल डूबने से किसानों के अरमान भी डूब गए थे।

किसानों का कहना है कि सिंचाई विभाग की लापरवाही के कारण किसानों का यह फसलों का नुकसान हुआ है सिंचाई विभाग के अधिकारी नहर की सफाई वह मरम्मत समय पर नहीं कर पाते। इस मौके पर किसान नेट राजपाल सिंह देवेंद्र सिंह रोहतास भारतीय किसान यूनियन के उपेंद्र सिंह नीरज चौधरी आदि का कहना है कि 15 करोड़ रुपए खर्च करने के बाद भी सीसीआई वाक्य अधिकारियों की कार्य प्रणाली ठीक नहीं है। इन्होंने आरोप लगा कि ने तो नहर की ताली को समतल किया जाता और उन्हें ही किनारो की सही तरीके से मजबूती करके वहां की सफाई हो पाती इसमें सिंचाई विभाग की लाप. रवाही उजागर हो रही है। इस संबंध में जब सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता रजनीश कुमार से बात की गई तो इनका कहना है कि नहर में अधिक पानी ऊपर भर जाने से किसानों की फसलों में पानी घुस गया था अब नहर की पूरी तरह से सफाई करने का कार्य किया जाएगा। किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। नहर की पटरी टूटने के साथ खेतों में पानी घुस गया था।

# सीडीओ डा. पूजा का चार्ज ग्रहण करने पर अधिकारियों ने किया स्वागत



**मथुरा।** गाजियाबाद की संयुक्त मजिस्ट्रेट डॉ. पूजा गुप्ता के द्वारा शासन के निर्देश पर जनपद में सीडीओ पद का चार्ज ग्रहण करने पर जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने स्वागत किया। जनपद के सभी विभागीय अधिकारियों के द्वारा नवागत सीडीओ डॉ. पूजा गुप्ता के स्वागत और निवर्तमान सीडीओ मनीष मीना का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें डीआरडीए के पीडी एके एके उपाध्याय व डीपीआरओ धनंजय जायसवाल ने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों का नवागत सीडीओ से परिचय कराया। सभी अधिकारियों ने दोनों अधिकारियों का बुके और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, डीडीओ गरिमा खरे, मनरेगा के उपायुक्त विकास कुमार, जिला विकलांक कल्याण अधिकारी विशाल कुमार, सभी बीडीओ व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशा के अनुसार विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लाप. रवाही नहीं हो, सभी कार्य गुणवत्ता पूर्वक किये जाएं। यदि कार्य कराने में कोई बाधा है तो उनसे किसी भी समय सम्पर्क कर सकते हैं। चार्ज ग्रहण करने के बाद स्थानांतरण लीव पर चली गई।

# यमुना नदी पर नहीं लगाया किसी प्रकार का कोई तटबंध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के यमुना नदी पर बसे जागौश शबगा गांव में यमुना नदी पर प्रदेश सरकार द्वारा अभी तक यमुना नदी पर लगने वाली ठोकर बांध बनाने की प्रक्रिया चालू नहीं होने पर किसानों में आक्रोश पनप कर रहा है।

दोनों गांव के किसानों ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा यमुना नदी पर बांध बनाने या ठोकर लगने के लिए 20 करोड रुपए मंजूर हो गए हैं। मगर अभी तक यमुना नदी पर किसी प्रकार की कोई भी तटबंध ठोकर लगाने की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। अगर समय रहते कार्य प्रगति पर चालू नहीं हुआ तो किसान तहसील परिसर में धरना देंगे। इन दोनों गांव का यमुना नदी मे अधिक पानी आ जाने से करोड़ों रुपए का नुकसान खेत खलियानों में हो गया था जिसकी सरकार द्वारा मात्र भरपाई ऊंट के मुंह में जरा जैसी हुई थी। वहीं किसानों ने बागपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद डा.राज. कुमार सांगवान एवं



प्रदेश के राज्य मंत्री केपी मलिक द्वारा पैसा मंजूर करवाने की गुहार लगाई थी। इन दोनों नेताओं के माध्यम से 20 करोड रुपए मंजूर तो हो गए, मगर अभी तक किसी प्रकार का कोई भी कार्य यमुना नदी पर शुरू नहीं जागौश प्रधान निशा देवी शबगा प्रधान प्रतिनिधि विनोद पवार एडवोकेट वेदपाल पवार पूर्ण राजु त्यागी।दिपक त्यागी सुरेश शर्मा अजय त्यागी चंद्रकिरण त्यागी अनिल शर्मा सत्यप्रकाश त्यागी ओमप्रकाश पंवार आदी किसानों ने प्रदेश सरकार से जल्द निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की। इसके अलावा समस्त ग्राम वासियों में आक्रोश पनप रहा है। किसानों ने जल्द सरकार से आग्रह किया है कि यमुना नदी पर कार्य निर्माण चालू कराया जाए। अन्यथा दोनों गांव के किसान निर्माण कार्य चालू करने की मांग को लेकर धरना देंगे।

# दिल्ली- शामली रेलवे लाइन के दोहरीकरण को बजट मंजूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली- शामली रेलवे लाइन के दोहरीकरण परियोजना को रेल बजट में मंजूरी मिल गई है। सांसद डा.

राजकुमार सांगवान ने सोमवार को दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के लिए बजट का प्रावधान कर दिया गया है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पिछले साल 24 नवंबर को बड़ौत में नई ट्रेनों के शुभारंभ के दौरान दिल्ली-शामली रेलवे लाइन के दो. हरीकरण की घोषणा की थी। इसके बाद पिछले महीने रेलवे विभाग ने इस लाइन का सर्वे भी कराया था, जिससे परियोजना के बजट में शामिल होने की उम्मीद बढ़ गई थी। सांसद डा. राजकुमार सांगवान के अनुसार, बजट प्रावधान के बाद अगले कुछ महीनों में दोहरीकरण का कार्य शुरू होने की संभावना है। इस परियोजना को लगभग तीन साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। दोहरीकरण पूरा



होने के बाद इस रेल मार्ग पर नई ट्रेनों का संचालन संभव हो सकेगा। इससे यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी और रेल यातायात भी सुचारु होगा। यह लंबे समय से चली आ रही भीड़ और इंतजार की समस्या को कम करने में भी सहायक होगा। डा.राजकुमार सांग. वान ने कहा, षदिल्ली-शामली रेलवे लाइन के दोहरीकरण के लिए बजट का प्रावधान किया गया है। साथ ही इस मार्ग पर आधुनिक कोच भी दिए गए हैं। रेल मंत्री ने बड़ौत आकर जो घोषणाएं की थीं, उन्हें वह चरणबद्ध तरीके से पूरा कर रहे हैं। यात्रियों ने भी इस फैसले का स्वागत किया है। पुष्पेंद्र चौहान और रोहित तोमर ने कहा कि दो. हरीकरण से इस रूट पर चलने वाले सैकड़ों यात्रियों को लाभ मिलेगा। उन्होंने जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा करने की मांग की।

# अश्लील हरकतों का विरोध करने पर महिला पर फायरिंग

**बडौत।** नगर की एक कॉलोनी में रविवार देर रात अश्लील हरकतों का विरोध करने पर महिला पर फायरिंग कर दी गई। इसमें महिला बाल-बाल बच गई। महिला ने तब तक शोर मचाया फायरिंग करने वाले फरार हो चुके थे। कोतवाली में तहरीर मिलने पर पुलिस ने प्रिंस, पुन्नी वर्मा, रामकुमार वर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। महिला ने बताया कि रविवार रात किसी काम के लिए अपने जेठ के घर गई थी। जेठ के सामने वाले मकान में रहने वाले दो युवक उसे देखकर अश्लील हरकतें करने लगे। इसका विरोध करने पर दोनों युवकों ने गाली-गलौज करते हुए उसकी बेटी का अपहरण करने की धमकी दी। इसकी शिकायत पुलिस से करने की बात कहने पर आरोपियों ने तमंचे और बंदूक से उस पर गोली चला दी। इसमें वह बाल-बाल बच गई। शोर सुनकर परिवार के अन्य लोग भी वहां आ गए। सूचना मिलने पर पुलिसकर्मियों ने वहां आकर मामला शांत कराया। इसमें जांच अधिकारी मनोज कुमार चहल ने बताया कि तहरीर के आधार पर रामकुमार वर्मा व उसके बेटे प्रिंस, पुन्नी वर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जांच के उपरांत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# अध्यक्षा राज्य महिला आयोग ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**मथुरा।** अध्यक्षा उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग डॉ0 बबिता सिंह चौहान के द्वारा कारागार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार मे साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्था अच्छी मिली। उनके द्वारा महिला वार्ड का निरीक्षण कर महिलाओं से उनका हाल चाल उनकी समस्या आदि के बारे में जानक. ारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के दौरान महिला वार्ड में अपनी मां के साथ रह रहे बच्चों की शिक्षा आदि के सम्बन्ध में जानकारी की गई। कारागार के पाक शाला में सायकल का भोजन बनाया जा रहा था जिसे चेक किया गया।पाक शाला में साफ सफाई अच्छी मिली तथा पाक शाला में तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता ठीक पाई गई।उनके द्वारा कारागार में बंदियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम बनाई जा रही पोशाक की सराहना की गयी। इस अवसर पर जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग, डॉक्टर उपेन्द्र पाल सिंह सोलंकी,जेलर सुरेंद्र मोहन सिंह,डिप्टी जेलर दुर्गेश प्रताप सिंह, रविन्द्र कुमार हेमराज एवं अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

# उगाही के वाइरल वीडियो की पड़ताल करेगा मानव अधिकार ट्रस्ट



**मथुरा।** जनपद में इन दिनों एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने प्रशासन और आम जनता का ध्यान अपनी ओर खींचा है। इस वीडियो में कुछ लोग खुलेआम उगाही करते हुए नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि जब वीडियो बनाने वाले व्यक्ति ने उगाही कर रहे लोगों से अपना परिचय मानवाधिकार परिषद के कार्यकर्ता के रूप में दिया, तो उगाही करने वाले व्यक्ति भड़क गए और उसे धमकाने लगे। वीडियो में साफ तौर पर देखा और सुना जा सकता है कि किस तरह दबंगई के बल पर पैसे की मांग की जा रही है और विरोध करने पर डराने-धमकाने का प्रयास किया जा रहा है। इस घटना से आहत मानवाधिकार परिषद के कार्यकर्ता ने तत्काल इस पूरे मामले की जानक. ारी संगठन के पदाधिकारियों को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मानवाधिकार परिषद के प्रदेश अध्यक्ष एम. के. कबीरा मथुरा पहुंचे। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ एक अहम बैठक की। बैठक में वायरल वीडियो पर विस्तार से चर्चा की गई और उगाही जैसी अवैध गतिविधियों पर सख्त रुख अपनाने की बात कही गई। प्रदेश अध्यक्ष एम. के. कबीरा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी हाल में आम जनता का शोषण और भय के माहौल को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वीडियो के आधार पर उगाही करने वाले लोगों के खिलाफ प्रशासन से सख्त कार्रवाई कराई जाएगी।मानवाधिकार परिषद ने इस मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों को कड़ी सजा दिए जाने की मांग की है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस वायरल वीडियो पर क्या कदम उठाता है और पीड़ित को न्याय कब तक मिलता है। इस दौरान राजुद्दीन, एसपी यादव, कोमल मंडल फातिमा लियाकत अली, प्रीतम नरेश कुमार, अलाउद्दीन खान आदि मौजूद रहे।

# डा. शकुन अग्रवाल मेमोरियल टेबल टेनिस टूर्नामेंट में बेनहर गुरुकुल की गुनीत कौर बनीं लिटिल चैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जिला स्तरीय टेबल टेनिस एसोसिएशन पीलीभीत के तत्वाधान में बेनहर पब्लिक स्कूल में टेबल टेनिस टूर्नामेंट आयोजित किया गया था। जिसमें अनेकानेक खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। टेबल टेनिस खेल के निखरते सितारों में बेनहर गुरुकुल के अनेक विद्यार्थियों ने भी प्रतिभाग किया और खेल के प्रति समर्पण भाव प्रदर्शित किया। यह प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष जिला पीलीभीत की भूतपूर्व एम.डी. डॉ.शकुन अग्रवाल की याद में बेनहर पब्लिक स्कूल में आयोजित की जाती है।

मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट विजयवर्धन तोमर , डॉ.एस.के. अग्रवाल ,नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल, बेनहर की संस्थापिका रंजीत सैहमी, मेनेजिंग डायरेक्टर डॉ. परविंदर सिंह सैहमी, बेन हर गुरुकुल के प्रबंधक गुरदित्त सिंह सैहमी ने उपस्थित सभी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। बेनहर गुरुकुल के कक्षा सात के जगनूर सिंह ने जूनियर बॉयज कैटिगरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा सात की मंसीरत कौर ने जूनियर गर्ल्स कैटेगरी में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त कक्षा ग्यारहवीं के शौर्य सिंह ने सीनियर बॉयज कैटिगरी में प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय के गौरव को बढ़ाया। कक्षा दो की गुनीत कौर का खेल में अद्वितीय प्रदर्शन देखकर उसे लिटिल चैंप ट्रॉफी से नवाजा गया। विद्यालय के खेल अध्यापक रमन दीप सिंह और मनोज भास्कर, शिक्षक गुरसेवक सिंह और यश आनंद का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ निर्मल कौर व विद्यालय के सभी अध्यापक-अध्यापिकाओं ने सभी विजेताओं को बधाई दी।

# निगम की जनसुनवाई में हुई 17 शिकायतें दर्ज

**मथुरा।** जन शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई के उद्देश्य से नगर विकास मंत्री की पहल पर प्रत्येक मंगलवार को आयोजित किए जा रहे संभव संतुष्टि एवं समृद्धि कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को नगर निगम कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित की गई। भूतेश्वर स्थित नगर निगम कार्यालय में सहायक नगर आयुक्त कल्पना सिंह चौहान ने जनसुनवाई की।

वृंदावन जोनल कार्यालय में अपर नगर आयुक्त चंद्र प्रकाश पाठक ने तथा जनरल गंज स्थित नगर निगम मथुरा वृंदावन कार्यालय में अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार ने जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम के सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। भूतेश्वर जोन में कुल 6 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें 2 अतिक्रमण से संबंधित 2 स्ट्रीट लाइट से संबंधित और 1 आवारा कुत्तों को पकड़वाने से संबंधित शिकायत शामिल रही। इनमें से 1 लाइट से संबंधित शिकायत का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। वृंदावन जोन में कुल 9 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें 3 स्वास्थ्य विभाग से संबंधित 2 जलकल विभाग से संबंधित 2 निर्माण विभाग से संबंधित और 2 अन्य श्रेणी की शिकायतें शामिल रहीं। सिटी जोन में सीवर से संबंधित 2 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनका निस्तारण करा दिया गया। अधिकारियों को निर्देश




दिए गए कि प्राप्त सभी शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से कराया जाए। जनसुनवाई में सहायक नगर आयुक्त कल्पना सिंह चौहान सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक महाप्रबंधक जल मोहम्मद अनवर ख्वाजा मुख्य कर निर्धारण अधिकारी नरेंद्र कुमार यादव अधिशासी अभियंता निर्माण अमरेंद्र गौतम मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेश सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# संस्कृति में छात्रों व युवा उद्यमियों को नवोन्मेष के लिए किया जागरूक




**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय ने अपने संस्कृति टेक्नोलॉजी इनक्यूबेशन फाउंडेशन और इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के माध्यम से नेशनल स्मॉल इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन के सहयोग से एक दिवसीय एंटरप्रेन्योरशिप जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और युवा उद्यमियों के बीच उद्यमिता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इनोवेशन-आधारित सोच को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता एनएसआईसी के डिप्टी मैनेजर देवेंद्र कुमार गौतम ने इच्छुक उद्यमियों के लिए उपलब्ध सरक. ारी सहायता प्रणालियों, योजनाओं और अवसरों के बारे में बहुमूल्य जानकारी दी। उन्होंने स्टार्टअप को बढ़ावा देने और छोटे पैमाने के उद्योगों को मजबूत करने में नेशनल स्माल स्केल इंडस्ट्रीज कार्पोरेशन (एनएसआईसी) की भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

उन्होंने सफल उद्यमों को बनाने और बनाए रखने में अपनी इंडस्ट्री की विशेषज्ञता, पॉलिसी की जानकारी और व्यावहारिक अनुभव साझा किए। आगरा बिजनेस इनोवेशन एसोसिएशन की निदेशक सुश्री रुचि द्विवेदी ने इनोवेशन-आधारित उद्यमिता पर अपने विचार साझा किए, जिसमें स्थायी उद्यम बनाने में बिजनेस इनक्यूबेशन, नेटवर्किंग और मेंटरशिप के महत्व पर जोर दिया गया।

अलीगढ़ बिजनेस इनोवेशन एसोसिएशन के निदेशक मुकेश ने प्रतिभागियों को उद्यमिता के व्यावहारिक पहलुओं पर संबोधित किया, छात्रों को स्थानीय व्यावसायिक अवसरों का पता लगाने और स्केलेबल, समाधान-उन्मुख उद्यम विक. सित करने के लिए प्रोत्साहित किया। सभा को संबोधित करते हुए, डीन-एसओएमसी डॉ. गंगाधर हुग्गर ने इनोवेशन, आत्मनिर्भरता और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में उद्यमिता की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने और राष्ट्रीय विकास में योगदान देने के लिए एक उद्यमी मानसि. कता विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से, प्रतिभागियों को स्टार्टअप और इनोवेशन इकोसिस्टम, सरकारी योजनाओं और संस्थागत सहायता, उद्योग सहयोग के अवसरों और उद्यमी चुनौतियों से निपटने और उद्यमों को स्थायी रूप से बढ़ाने की रणनीतियों के बारे में बहुमूल्य जानकारी मिली। इस अवसर पर, 100 से अधिक छात्रों को नेशनल स्माल स्केल इंडस्ट्रीज कार्पोरेशन (एनएसआईसी) से प्रमाण पत्र प्राप्त हुए, जो कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण परिणाम था। कार्यक्रम का समापन संस्कृति यूनिवर्सिटी के संस्कृति इंक्युबेशन सेंटर के सीईओ डॉ. गजेंद्र सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# प्रीपेड मीटर और बिजली विभाग की मनमानी के खिलाफ व्यापारियों में आक्रोश

**पीलीभीत।** बिजली विभाग की कार्यप्रणाली, प्रीपेड मीटर की विसंगतियों और व्यापारियों के उत्पीड़न के विरोध में आज उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने कड़ा रुख अपनाया है। संगठन के जिला अध्यक्ष एमए जिलानी के निर्देश पर जिले भर में प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक 19 सूत्रीय ज्ञापन भेजा गया। पीलीभीत मुख्यालय पर संगठन के नगर महामंत्री राशिद अंसारी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा, जबकि पूरनपुर में नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला की अगुवाई में व्यापारियों ने उप ज़िलाधिकारी (क्ड) को ज्ञापन देकर अपनी समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाया। ज्ञापन में मुख्य रूप से प्रीपेड मीटर व्यवस्था में सुधार की मांग की गई है। व्यापारियों का कहना है कि प्रीपेड मीटर लगाने से पूर्व उपभोक्ताओं की पुरानी जमा सिक्योरिटी राशि वापस की जाए और प्रीपेड व्यवस्था में फिक्स चार्ज, मिनिमम चार्ज और इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी समाप्त कर 'शुद्ध उपभोग' (जितनी बिजली खर्च, उतना बिल) आधारित बिलिंग की जाए। साथ ही, बंद मकानों पर लगने वाले शुल्क को पूरी तरह हटाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। संगठन ने विभागीय पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े किए हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि मीटर बदलते या चेक करते समय मौके पर ही 'सीलिंग सर्टिफिकेट' दे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।


**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जमीन के विवाद में पोते ने की दादा की हत्या

■ बीच-बचाव करने आए 85 वर्षीय बुजुर्ग के पेट में ईंट मारकर हत्या





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** जमीन के बंटवारे को लेकर हुए विवाद ने खौफनाक मोड़ ले लिया। चचेरे भाईयों के झगड़े में बीच-बचाव करने आए 85 वर्षीय बुजुर्ग की पोते द्वारा ईंट मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।

शाहगढ़ मोहल्ले में सोमवार रात करीब नौ बजे राजू मौर्या का अपने चचेरे भाई से जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद हो रहा था। बताया जा रहा है कि दोनों पक्ष शराब के नशे में थे और आपस में मारपीट कर रहे थे। इसी दौरान राजू के 85 वर्षीय दादा मुन्नालाल झगड़ा शांत कराने के लिए बीच में आ गए। आरोप है कि इसी बात से गुस्साए राजू मौर्या ने ईंट उठाकर दादा के पेट में जोरदार वार कर दिया। ईंट लगते ही मुन्नालाल जमीन पर गिर पड़े और बेहोश हो गए। परिजन उन्हें तत्काल सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद पुलिस ने सरकारी अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया गया है।

इंस्पेक्टर क्राइम रविंद्र कुमार ने बताया कि अभी तक परिजनों की ओर से किसी के खिलाफ कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मण्डलायुक्त ने की मण्डलीय समीक्षा बैठक

■ विकास और जनकल्याण योजनाओं की हुई व्यापक समीक्षा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मण्डलायुक्त भूपेन्द्र एस. चौधरी की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित सभागार में मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विकास कार्यों, स्वास्थ्य सेवाओं, निर्माण परियोजनाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा में बरेली को प्रथम स्थान मिलने पर संतोष व्यक्त किया गया, जबकि कृषि विभाग की फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति कम पाए जाने पर नाराजगी जताई गई। मण्डलायुक्त ने संयुक्त कृषि निद. ेशक को निर्देश दिए कि तीन दिन के भीतर सभी कर्मियों के खातों में भुगतान सुनिश्चित कराया जाए।

बैठक में छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा करते हुए बताया गया कि 9 फरवरी तक शेष डाटा निस्तारित कर लाभार्थियों के खातों में धनराशि भेजी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में मण्डल स्तर पर ट्रामा सेंटर एवं क्रिटिकल कॉरिडोर के निर्माण की जानकारी दी गई। मण्डलायुक्त ने प्रत्येक जनपद में कम से कम एक ऑर्थोपेडिक सर्जन की तैनाती और ब्लैक स्पॉट के निकट एएलएस युक्त एम्बुलेंस की व्यवस्था के निर्देश दिए।

300 बैडेड अस्पताल को पीपीपी मॉडल पर संचालित किए जाने के संबंध में 10 फरवरी को पुन: बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु के लाभार्थियों के कार्ड निर्माण में प्रगति लाने पर भी जोर दिया गया। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की समीक्षा में उपकरणों की कमी पर प्रशिक्षण और निरीक्षण के निर्देश दिए गए। निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा में इज्जतनगर बस स्टैंड का कार्य मई 2026 तक पूर्ण कराने की जानकारी दी गई। बदायूं से दातागंज मार्ग की खराब स्थिति पर मण्डलायुक्त ने गड्ढे भरवाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त साइनेज लगाने को कहा गया ताकि सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हो सके। बैठक में मंडल के सभी जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

# संदिग्ध हालात में युवक गायब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** रिश्तेदारी में जा रहा युवक रास्ते से संदिग्ध हालात में गायब हो गया। उसकी बाइक व जूता रास्ते में मिले हैं। पुलिस और ग्रामीण उसे तलाश कर रहे हैं।

मीरगंज के गांव सलामतगंज में सोमवार को भंडारा हुआ। भंडारे में शामिल होने मुशरुकपुर निवासी अजय रात में सलामतगंज निवासी रिश्तेदार हरिप्रसाद के घर जा रहे थे। नंदगांव व सलामतगंज के बाग के पास से अजय गायब हो गए।

सूचना कर ग्रामीणों ने उसको ढूंढना शुरू किया। बाग के पास उनकी बाइक खड़ी मिली। जूता और जैकेट बाइक के पास पड़े मिले। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने ग्रामीणों के साथ उन्हें घंटों तलाश किया। लेकिन समाचार लिखे जाने तक उनका कुछ भी पता नहीं चला। सलामतगंज के ग्रामीणों ने बताया अजय ने फोन कर कुछ लोगों द्वारा पकड़ने की बात कही थी। तभी से लोग उन्हें ढूंढ रहे हैं।

# रमजान और महाशिवरात्रि को लेकर पीस कमेटी की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** रमजान माह और आगामी महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना मीरगंज और थाना शाही में पीस कमेटी की बैठकें आयोजित की गई। थाना मीरगंज में हुई बैठक की अध्यक्षता कोतवाल संजय तोमर ने की। उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

वहीं थाना शाही में आयोजित बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी राजेश कुमार बैसला ने की। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिरों और मेलों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। साथ ही रमजान के दौरान भी सुरक्षा और शांति व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।बैठकों में चरनजीत सिंह टोनी,अमरनाथ गुप्ता, ओमपाल गंगवार, जीशान अंसारी, विशाल गंगवार, सोनू गुप्ता, प्रधान छोटेलाल गंगवार, प्यारेलाल वर्मा, केशव यादव, वेदपाल सिंह, रूपचंद वर्मा, अशोक गंग. वार, सभासद नरेश पंडित सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# रेलवे ट्रैक पार करते समय युवक की दर्दनाक मौत, घर में पसरा मातम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** ट्रैक्टर के पार्ट्स लेने जा रहे एक युवक की रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा अचानक होने से युवक को संभलने का मौका नहीं मिला और उसकी मौके पर ही जान चली गई। घटना के बाद उसके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के धौरेरा गांव निवासी आकाश कुमार (22) खेती-किसानी करता था। कुछ दिन पहले उसका ट्रैक्टर खराब हो गया था। मंगलवार सुबह वह ट्रैक्टर के पार्ट्स खरीदने के लिए पूरनपुर जाने निकला था। इसके लिए उसे शाही रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़नी थी। गांव स्टेशन के पास होने के कारण आकाश पैदल ही निकल पड़ा। कि शाही रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पहले रेलवे ट्रैक पार करते समय वह बरेली की ओर से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गया। ट्रेन की टक्कर से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन बदहवास हालत में मौके पर पहुंच गए। सूचना पर जीआरपी पीलीभीत भी पहुंची और जांच-पड़ताल के बाद शव को अपने कब्जे में ले लिया। हालांकि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। इसके बाद शव को घर लाकर अंतिम संस्कार कर दिया गया। युवक की असमय मौत से जहां परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है वहीं ग्राम में शोक की लहर दौड़ गई है।

# बहनोई के घर जाते समय युवक लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

> सड़क पर खड़ी मिली बाइक, जूते- जैकेट बरामद

**मीरगंज।** अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव मुशरुका निवासी अजय कुमार सोमवार रात बाइक से मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव सलामतगंज में रहने वाले अपने बहनोई के घर जा रहे थे। देर रात तक जब वह वहां नहीं पहुंचे और उनका मोबाइल भी बंद मिलने लगा तो परिजनों को चिंता हुई। तलाश के दौरान नंदगांव और सलामतगंज के बीच वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता पाए गए।

रिश्तेदारों द्वारा सूचना दिए जाने पर पुलिस रात में ही मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके पर जांच करते हुए सड़क किनारे अजय की बाइक खड़ी हुई बरामद की, जबकि कुछ दूरी पर उनके जूते और जैकेट पड़े मिले। इन हालातों को देखकर मामले को गंभीर मानते हुए पुलिस ने तत्काल खोजबीन शुरू कर दी।पुलिस और ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से दोनों गांवों के बीच स्थित जंगल, खेतों और सुनसान रास्तों में कई घंटों तक सर्च अभियान चलाया, लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं लग सका। मंगलवार को भी सुबह से ग्रामीणों की मदद से तलाश जारी रखी गई, परंतु अब तक अजय का कोई पता नहीं चल पाया है। घटना की जानकारी मिलते ही युवक के परिजन मौके पर पहुंच गए और पुलिस से जल्द से जल्द युवक की बरामदगी की मांग की। युवक के अचानक इस तरह लापता होने से क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं और ग्रामीण किसी अनहोनी की आशंका जता रहे हैं।

इस संबंध में थाना प्रभारी संजय तोमर ने बताया कि युवक के मोबाइल की अंतिम लोकेशन उसके गांव के आसपास दर्ज हुई है। पुलिस कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) निकलवाकर मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की भी जानकारी जुटाई जा रही है, ताकि युवक के संबंध में कोई सुराग मिल सके।

# शबे बारात: इबादत में गुजारी पूरी रात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**




**बरेली।** इबादत की शब (रात) शबे बारात को मुसलमानों ने रात भर जाग कर अल्लाह की इबादत में गुजारी। दरगाहों, खानकाहों, मस्जिदों व कब्रिस्तानों में लोगों ने हाजिरी देकर कजा और नफिल नमाजे, दुरूद, तस्वीह, कुरान की तिलावत कर अपने रब को राजी किया। अब तक जो जाने अनजाने गुनाह किये उसके लिए अल्लाह की बारगाह में माफी तलब की। अपने घर से जो लोग इस दुनिया से रुखसत हो गए उनके लिए मगफिरत की दुआ की। घरों में हलवा के अलावा तरह-तरह के पकवानों पर नज्र व नियाज का एहतिमाम किया गया। लोगों ने एक दूसरे से मिलकर और दूर-दराज के लोगों से फोन व मैसेज के जरिए गलती की माफी तलब की।

दरगाह के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि दरगाह आला हजरत पर अकीदमंदों ने हाजरी देकर दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां से मिलकर दुआ कराई। इसके अलावा शहर के सभी प्रमुख खानकाहों जिसमें दरगाह ताजुशशरिया, खानकाह-ए-नियाजिया, दरगाह शाहदाना वली, दरगाह तहसीनिया, दरगाह शाह शराफत अली मियां, दरगाह वली मियां, दरगाह नासिर मियां, दरगाह वामिक मियां, दरगाह बशीर मियां समेत सभी कब्रिस्तानों में अकीदतमंदों ने हाजरी देकर इसाले सवाब किया।


**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**


# शीशगढ़ में आज होगा इमामे आजम कंन्फ्रेंस का आयोजन

■ पफारिग हुए 42 बच्चों की होगी दस्तारबंदी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** मदरसा आलिया नोमानिया गरीब नवाज के प्रबंधक तहरीके यादगारे आला हजरत के प्रमुख मौलाना मुफ्ती मोहम्मद तौफीक अहमद नईमी ने बताया कि याद गारे इमामे आजम कॉन्फ्रेंस का आयोजन शीशगढ़ में आज 4 फरवरी को बाद नमाजे ईशा हुसैन मैरिज हॉल में होगा। जिसमें मूल को मिल्लत के मशह. ूर सज्जादा नशीन तशरीफ ला रहे हैं।

जेरे सदारत पीरे तरीकत शहजादा ए मखदूमे सिमना हजरत अल्लामा डॉक्टर सैयद मोहम्मद जलालुद्दीन, अशरफ अशरफी जिलानी, हुजूर कादरी मियां साहब कछौछा शरीफ जेरे कयादत नबीरा ए आला हजरत, हजरत अल्लामा मौलाना अदनान रजा खान कादरी सदर रजा एक्शन कमेटी दरगाह आला हजरत बरेली, शरीफ सैयद अतहर अली मियां संभल हजरत सैयद नूरी मियां, हजरत सैयद मुशीरुद्दीन मियां बरकाती महरेरा शरीफ सैयद फैजी मियां सैयद फरमान मियां साहब बिलासपुर हजरत सैयद अबरार मियां ग्वालियर सैयद शमशेर अली मियां कोलकाता सैयद अहसन मियां सैयद आले रसूल मियां सैयद काशिफ मियां तकिया शरीफ सैयद साजिद अली मियां सैयद फराज मिया उत्तराखंड हजरत अल्लामा हनीफ खान रजबीसाहिब वानी इमाम अहमद रजा अकैडमी बरेली शरीफ

खुसुसी हजरत अल्लामा मुफ्ती मुफ्ती शाहनवाज आलम अजहरी प्रतापगढ़ हजरत अल्लामा हजरत अल्लामा फजील अहमद रिजवी हजरत अल्लामा सागर अख्तर मिस्बाही जामिया नूरिया बरेली शरीफ

शायर हससन रजा फरीदपुर आबिद रजा इसके अलावा मकामी उलेमा इकराम मौजूद रहेंगे यह प्रोग्राम दारुल उलूम गौसिया मखदूमिया बरकतुल हदीस में सालाना दस्तारबंदी के मौके पर रखा गया है।

बच्चों के सर पर दस्तारबंदी का तक रखा जाएगा। इस साल फारिग हुए 42 बच्चों की दस्तारबंदी है जिसमें आलिम, हाफिज, कारी, मौलवी शामिल हैं।

# ग्रामीण बालिकाओं की प्रतिभा ने स्विट्जरलैंड से आए शिक्षाविदों को किया अभिभूत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** ग्रामीण भारत की बेटियांअब वैश्विक पहचान की ओर अग्रसर हैं। इसका सशक्त उदाहरण मीरगंज स्थित ब्रह्मा देवी बालिका विद्यालय में उस समय देखने को मिला, जब स्विट्जरलैंड से आई अंतरराष्ट्रीय शिक्षाविद् डॉ. रेजिना कुराटले अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ विद्यालय पहुंचीं। छात्राओं की प्रतिभा, आत्मविश्वास और अनुशासन ने विदेशी मेहमानों को गहराई से प्रभावित किया।

विद्यालय के संरक्षक डॉ. अनुपम शर्मा एवं प्रबंधक डॉ. मृदुला शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर ग्रामीण परिवेश की सशक्त झलक प्रस्तुत की। मंच संचालन से लेकर प्रस्तुति तक छात्राओं की दक्षता देखकर अतिथि भाव-विभोर हो उठे। विद्यालय परिसर के भ्रमण के बाद डॉ. रेजिना कुराटले ने कहा कि यह संस्थान इस बात का प्रमाण है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा केवल संसाधनों की मोहताज नहीं होती। उन्होंने छात्राओं के आत्मविश्वास, संवाद कौशल और नेतृत्व क्षमता की सराहना करते हुए विद्यालय के प्रयासों को अनुकरणीय बताया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या प्रियंका, शिक्षिका शोभा देवी, अपेक्षा वर्मा, मंजू भारती सहित शिक्षक सत्येंद्र सिंह व नेमचंद मौर्य तथा विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

सभी ने पारंपरिक भारतीय संस्कृति के अनुरूप विदेशी मेहमानों का स्वागत किया। विदेशी प्रतिनिधिमंडल ने विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था, अनुशासन और बालिका सशक्तिकरण के मॉडल की प्रशंसा करते हुए भविष्य में पुन: आगमन की इच्छा भी जताई।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)

संख्या- 2879 /न0पा0प0ब0/कर/2025-26 दिनांक- 02.02.2026

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त आराजी-381 वार्ड-01 जो मोहल्ला गौटियां सिंह कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में श्री मो0 शफी ठेकेदार पुत्र श्री हाजी अब्दुल मजीद के नाम से दर्ज है। मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक-20.07.2020 के द्वारा श्री नसीम अहमद की मृत्यु दिनांक-13.07.2020 को हो चुकी है। श्री मो0 सलीम पुत्र श्री हाजी मो0 शफी निवासी मोहल्ला तलपुरा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न कर आराजी को अपने नाम से पालिका कर अभिलेखों में दर्ज किये जाने के समबन्ध में आवेदन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)

संख्या- 2877 /न0पा0प0ब0/कर/2025-26 दिनांक- 02.02.2026

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त आरा. जी-186 वार्ड-5 जो मोहल्ला शेखूपुर उत्तरी कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में रहमत हुसैन के नाम से दर्ज है। उक्त आराजी को दान पत्र दिनांक-24.10.2024 के द्वारा श्री रहमत हुसैन पुत्र श्री अब्दुल हमीद निवासी मोहल्ला शेखूपुर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने श्री मो0 दानिश पुत्र श्री रहमत हुसैन व मोनिश हुसैन पुत्र रहमत हुसैन निवासीगण मोहल्ला शेखूपुर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को दान कर दिया गया है। श्री मो0 दानिश पुत्र श्री रहमत हुसैन व मोनिश हुसैन पुत्र रहमत हुसैन निवासीगण मोहल्ला शेखूपुर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न कर आराजी को अपने नाम से पालिका कर अभिलेखों में दर्ज किये जाने के समबन्ध में आवेदन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)

संख्या- 2878 /न0पा0प0ब0/कर/2025-26 दिनांक- 02.02.2026

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त आरा. जी-345 वार्ड-3 जो मोहल्ला नई बस्ती उत्तरी (नूरीनगर) कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में श्री अब्दुल मजीद पुत्र श्री अब्दुल हमीद के नाम से दर्ज है। उक्त आरा. जी को विक्रय पत्र दिनांक-30.12.2021 के द्वारा श्री मो0 अली व इजाज अहमद व मो0 अख्तर पुत्रगण अब्दुल मजीद निवासीगण कस्बा व तहसील बहेड़ी बरेली ने श्री खलीक अहमद पुत्र श्री रईस अहमद निवासी मोहल्ला टांडा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को विक्रय कर दिया गया है। श्री खलीक अहमद पुत्र श्री रईस अहमद निवासी मोहल्ला टांडा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न कर आराजी को अपने नाम से पालिका कर अभिलेखों में दर्ज किये जाने के समबन्ध में आवेदन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)

संख्या- 2876 /न0पा0प0ब0/कर/2025-26 दिनांक-02.02.2026

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त आरा. जी-03 वार्ड-6 जो मोहल्ला टांडा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में श्री शफीक अहमद, लईक अहमद, अतीक अहमद, खलील अहमद पुत्रगण श्री रफीक अहमद के नाम से दर्ज है। उक्त आराजी को विक्रय पत्र दिनांक-15.12.2025 के द्वारा शफीक अहमद व मोहम्मद हनीफ पुत्रगण श्री अब्दुल गफूर निवासीगण मोहल्ला टांडा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने श्री शकील अहमद पुत्र श्री बाबू निवासी मोहल्ला बाजार व रफीक अहमद पुत्र श्री अब्दुल हमीद निवासी मोहल्ला टांडा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को विक्रय कर दिया गया है। इसके उपरान्त उक्त आरा. जी को विक्रय पत्र दिनांक-27.03.2010 के द्वारा शकील अहमद पुत्र श्री हाजी बाबू निवासी मोहल्ला बाजार कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने श्री सलीम अहमद पुत्र श्री सिद्दीक अहमद निवासी मोहल्ला नूरीनगर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को विक्रय कर दिया गया है। उपजिलाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र 1337 दिनांक-22.11.2017 के अनुसार श्री सलीम अहमद पुत्र श्री सिद्दीक अहमद की मृत्यु दिनांक-01.01.2017 को हो चुकी है। श्री मो0 नाजिर व मो0 शुऐब पुत्रगण सलीम अहमद निवासीगण मोहल्ला नूरीनगर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न कर आराजी को अपने नाम से पालिका कर अभिलेखों में दर्ज किये जाने के समबन्ध में आवेदन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)

संख्या- 2875 /न0पा0प0ब0/ कर/2025-26 दिनांक-02.02.2026

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त आरा. जी-284 वार्ड-2 जो मोहल्ला नई बस्ती कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में श्रीमती तमीजन बेगम पत्नी श्री शौकत अली के नाम से दर्ज है। उक्त आराजी को दान पत्र दिनांक-26.12.2025 के द्वारा श्रीमती तमीजन बेगम पत्नी श्री शौकत अली निवासी लाईनपार बहेड़ी बरेली ने श्री अबरार अहमद व नन्हे पुत्रगण शौकत अली निवासीगण मोहल्ला नूरीनगर व मो0 मुम्ताज पुत्र शौकत अली निवासी मो0 शाहजीनगर व सिराज अहमद पुत्र शौकत अली निवासी लाईनपार नई बस्ती कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को दान कर दिया गया है। श्री अबरार अहमद व नन्हे पुत्रगण शौकत अली निवास. ीगण मोहल्ला नूरीनगर व मो0 मुम्ताज पुत्र शौकत अली निवासी मो0 शाहजीनगर व सिराज अहमद पुत्र शौकत अली निवासी लाईनपार नई बस्ती कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न कर आराजी को अपने नाम से पालिका कर अभिलेखों में दर्ज किये जाने के समबन्ध में आवेदन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)

संख्या- 2896 /न0पा0प0ब0/कर/2025-26 दिनांक- 03.02.2026

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त आराजी-245 वार्ड-11 जो मोहल्ला रामलीला कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में श्री चन्द्रसेन पुत्र श्री मथुरा प्रसाद के नाम से दर्ज है। मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक-27.08.2010 के द्वारा श्री चन्द्रसेन की मृत्यु दिनांक-21.08.2010 को हो चुकी है। श्रीमती कुसुमलता पुत्री स्व0 चन्द्रसेन पत्नी नरेन्द्र कुमार सक्सेना निवासी मोहल्ला रामलीला कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न कर आराजी को अपने नाम से पालिका कर अभिलेखों में दर्ज किये जाने के समबन्ध में आवेदन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)

संख्या- 2874 /न0पा0प0ब0/कर/2025-26 दिनांक- 02.02.2026

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त आरा. जी-10 वार्ड-06 जो मोहल्ला टांडा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में श्री अमीर अहमद व इकबाल अहमद पुत्रगण श्री अब्दुल हमीद के नाम से दर्ज है। विक्रय पत्र दिनांक-29.10.2001 के द्वारा इकबाल अहमद पुत्र श्री अब्दुल हमीद निवासी मोहल्ला टांडा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने अनवारूल हक पुत्र श्री अब्दुल गफ्फार व अबरार अहमद पुत्र श्री अनवारूल हक व मो0 आजम पुत्र श्री अबरार अहमद निवासी मोहल्ला टांडा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को विक्रय कर दिया गया है। मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक-17.03.2016 के द्वारा अनवारूल हक की मृत्यु दिनांक-06.03.2016 को हो चुकी है। श्री अबरार अहमद पुत्र श्री अनवारूल हक व मो0 आजम पुत्र श्री अबरार अहमद निवासीगण मोहल्ला गोदाम कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न कर आराजी को अपने नाम से पालिका कर अभिलेखों में दर्ज किये जाने समबन्ध में आवेदन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)

संख्या- 2412 /न0पा0प0ब0/कर/2025-26 दिनांक- 30.01.2026

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त आरा. जी-141 वार्ड-8 जो मोहल्ला बाजार कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में शफीक अहमद पुत्र श्री अब्दुल करीम के नाम से दर्ज है। मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक-15.12.2025 के द्वारा श्री शफीक अहमद की मृत्यु दिनांक-12.01.2021 को हो चुकी है। मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक-24.12.2025 के द्वारा कुलसूम की मृत्यू दिनांक-27.11.2025 के द्वारा हो चुकी है। श्री मो0 शकील, मो0 अतीक, मो0 शमी व मो0 अली पुत्रगण शफीक अहमद व नाजिया पुत्री शफीक अहमद निवासीगण मोहल्ला बाजार कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न कर आराजी को अपने नाम से पालिका कर अभिलेखों में दर्ज किये जाने के समबन्ध में आवेदन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)

संख्या- 2472 /न0पा0प0ब0/कर/2025-26 दिनांक- 02.02.2026

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त आराजी-178 वार्ड-02 जो मोहल्ला टीचर्स कालोनी कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में श्री वेद प्रकाश गंगवार पुत्र श्री बलदेव प्रसाद गंगवार के नाम से दर्ज है। मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक-18.03.1994 के द्वारा वेद प्रकाश की मृत्यु दिनांक-21.03.1994 को हो चुकी है। शान्ती देवी पत्नी श्री वेद प्रकाश की मृत्यु दिनांक-16.12.2015 को हो चुकी है। श्री आलोक कुमार व श्री मनोज कुमार पुत्रगण स्व0 श्री वेद प्रकाश गंगवार निवासीगण मोहल्ला टीचर्स कालोनी कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न करते हुए आराजी को अपने नाम से पालिका कर अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)

संख्या- 2411 /न0पा0प0ब0/कर/2025-26 दिनांक- 30.01.2026

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त आरा. जी-174 वार्ड-7 जो मोहल्ला नई-बस्ती उत्तरी (नूरीनगर) कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में श्री जहूर अहमद के नाम से दर्ज है। उक्त आराजी विक्रय पत्र दिनांक-01.05.2025 के द्वारा श्रीमती रूखसाना पत्नी मंजूर अहमद व मो0 उवैश व मो0 अजहर व मो0 यावर पुत्रगण श्री मंजूर अहमद ने श्री रईस अहमद व जलीस अहमद पुत्रगण श्री जमील अहमद निवास. ीगण मोहल्ला टांडा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को विक्रय कर दिया गया है। श्री रईस अहमद व जलीस अहमद पुत्रगण श्री जमील अहमद निवासीगण मोहल्ला टांडा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न कर आराजी को अपने नाम से पालिका कर अभिलेखों में दर्ज किये जाने के समबन्ध में आवेदन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)

संख्या- 2473 /न0पा0प0ब0/कर/2025-26 दिनांक- 02.02.2026

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त आराजी-18 वार्ड-07 जो मोहल्ला टांडा दक्षिणी कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में श्री नसीम अहमद के नाम से दर्ज है। मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक-19.11.2013 के द्वारा श्री नसीम अहमद की मृत्यु दिनांक-15.07.2012 को हो चुकी है। श्रीमती शाहजहां पत्नी श्री नसीम अहमद व वसीम अहमद व अजीम अहमद व मो0 कसीम पुत्रगण श्री नसीम अहमद व शिरी पुत्री नसीम अहमद निवासी मोहल्ला टांडा मदारनगर कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न कर आराजी को अपने नाम से पालिका कर अभिलेखों में दर्ज किये जाने के समबन्ध में आवेदन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/ परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)

संख्या- 2413 /न0पा0प0 ब0/कर/2025-26 दिनांक- 30.01.2026

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तगर्त आराजी-140 वार्ड-8 जो मोहल्ला बाजार कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में शफीक अहमद पुत्र श्री अब्दुल करीम के नाम से दर्ज है। मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक-15.12.2025 के द्वारा श्री शफीक अहमद की मृत्यु दिनांक-12.01.2021 को हो चुकी है। मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक-24.12.2025 के द्वारा कुलसून की मृत्यू दिनांक-27.11.2025 के द्वारा हो चुकी है। श्री मो0 शकील, मो0 अतीक, मो0 शमी व मो0 अली पुत्रगण शफीक अहमद व नाजिया पुत्री शफीक अहमद निवासीगण मोहल्ला बाजार कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को सलंग्न कर आराजी को अपने नाम से पालिका अभिलेखों में दर्ज किये जाने के समबन्ध में आवेदन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)**

# बिजली तार चोरी की सनसनीखेज वारदात, 13 खंभों से तार गायब

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** थाना क्षेत्र के भभीसा. कनियान मार्ग पर बिजली के तार चोरी होने की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने सुनियोजित तरीके से सड़क किनारे लगे लगभग 13 बिजली खंभों से तार चोरी कर लिए, जिससे पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई।अचानक बिजली गुल होने से ग्रामीणों के घरों में अंधेरा छा गया और दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बताया जा रहा है कि चोरों ने रात के अंधेरे का फायदा उठाकर इस वारदात को अंजाम दिया। सुबह जब ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति बंद देखी तो मामले की जानकारी विद्युत विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी आशीष वास्तव विभागीय कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके पर तार पूरी तरह गायब मिले, जिससे चोरी की पुष्टि हुई। उपखंड अधिकारी आशीष वास्तव ने इस घटना के संबंध में थाने



में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि भभीसा. कनियान मार्ग पर 13 बिजली खंभों से तार चोरी हुए हैं। विभाग द्वारा चोरी गए तारों की लंबाई और कीमत का आकलन किया जा रहा है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार विभाग को हजारों रूपए का आर्थिक नुकसान हुआ है। साथ ही उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द आपूर्ति बहाल कराने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है और संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही अज्ञात चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा।इधर, बिजली के तार चोरी होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में

**भभीसा-कनियान मार्ग पर अंधेरा, विद्युत आपूर्ति ठपय विभाग को भारी नुकसान, ग्रामीणों में आक्रोश, रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग, पुलिस जांच में जुटी**

लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन रात्रि गश्त प्रभावी नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि रात्रि गश्त बढ़ाई जाए, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जाए और चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली आपूर्ति बाधित होने से बच्चों की पढ़ाई, किसानों के कार्य और घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहे हैं।



# नालों की सफाई के बाद सड़क पर छोड़ा मलबा बना मुसीबत

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** कस्बे के गंगेरू मार्ग पर पालिका द्वारा कराई गई नालों की सफाई अब लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। आरोप है कि सफाई कर्मचारियों ने नालों से निकाले गए मलबे को सड़क पर ही डाल दिया, जिसे अब तक हटाया नहीं गया है। सड़क पर फैला यह मलबा दुकानदारों और राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन गया है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि सड़क पर पड़े मलबे के कारण ग्राहकों का आना-जाना प्रभावित हो रहा है। पैदल चलने वालों के साथ-साथ दोपहिया और चार पहिया वाहनों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार वाहन फिसलने की स्थिति बन जाती है, जिससे दुर्घटना का खतरा भी बना हुआ है। दुकानदारों का आरोप है कि उन्होंने इस समस्या को लेकर पालिका प्रशासन से कई बार शिकायत की, लेकिन इसके बावजूद मलबा नहीं उठाया गया।प्रशासन की अनदेखी से नाराज दुकानदारों का गुस्सा मंगलवार को फूट पड़ा। गंगेरू मार्ग पर दुकानदारों ने पालिका प्रशासन के खिलाफ जमकर हंगामा और प्रदर्शन किया तथा जल्द समस्या के समाधान की मांग की। प्रदर्शन कर रहे दुकानदारों ने कहा कि यदि समय रहते मलबा नहीं हटाया गया तो उन्हें और भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। हालात ऐसे हैं कि दुकानों के सामने गंदगी और दुर्गंध फैल रही है, जिससे व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। मामले को लेकर पीड़ित दुकानदारों ने जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान को शिकायत पत्र भेजकर हुए समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है। दुकानदारों ने मांग की है कि सड़क से तत्काल मलबा हटवाया जाए और भविष्य में इस तरह की लापरवाही पर जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके।इस दौरान शाहिद, मतलूब, आशु, अनीस, इसरार, अफसर, हसीन, खुर्शीद, एहसान व कैफ सहित आदि मौजूद रहे।

# रंजिशन की गई थी दोस्त की हत्या, हत्यारे गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** थाना कांधला क्षेत्र के ग्राम ईस्सोपुर टील में हुई छात्र की हत्या की सनसनीखेज घटना का पुलिस ने अनावरण करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध चाकू तथा बाइक भी बरामद की है।

मंगलवार को पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता के दौरान एसपी एनपी सिंह ने बताया कि 1 फरवरी को दोपहर करीब दो बजे अरशद उर्फ असद पुत्र सलीम निवासी ग्राम ईस्सोपुर टील अपने गांव के विराट पुत्र नीटू के साथ बाइक से गांव के बाहर स्थित दुकान पर पहुंचा था।

वहां पहले से मौजूद कार्तिक पुत्र राजू एवं हिमांशु पुत्र संजय निवासीगण ग्राम ईस्सोपुर टील ने अरशद पर चाकू से हमला कर दिया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल अरशद को सीएचसी कांधला ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर उच्चाधिकारियों, स्थानीय पुलिस एवं फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। मौके से एक अवैध तमंचा 315 बोर भी बरामद हुआ था।

मृतक के पिता सलीम की तहरीर पर थाना कांधला में नामजद अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज किया। मंगलवार को घटना में लिप्त अभियुक्त हिमांशु एवं कार्तिक को गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे और मृतक अरशद एक ही इंटर कॉलेज में कक्षा 12 के छात्र थे। करीब चार-पांच माह पूर्व डीजे पर नृत्य को लेकर उनका विवाद हुआ था। इसके बाद 1 जनवरी को भी आपसी मारपीट की घटना हुई थी। इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने अरशद पर हमला किया। घटना के दौरान एक तमंचा मौके पर गिर गया था।

# रेल मंत्री से मिले शामली के जनप्रतिनिधि, जलालाबाद रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे ओवर ब्रिज की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**जलालाबाद।** बिजनौर सांसद चन्दन सिंह चौहान के नेतृत्व में जनपद शामली के एक उच्चस्तरीय जनप्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को दिल्ली स्थित केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के कार्यालय में उनसे भेंट कर जनपद शामली से जुड़ी महत्वपूर्ण रेलवे संबंधी जनसमस्याओं को प्रमुखता से रखा। इस प्रतिनिधिमंडल में थानाभवन विधायक अशरफ अली खान एवं शामली सदर विधायक प्रसन्न चौधरी शामिल रहे। यह मुलाकात केंद्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के निर्देश पर संपन्न हुई।

भेंट के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली.सहारनपुर रेलवे लाइन पर जलालाबाद क्षेत्र में स्थित रेलवे फाटक की समस्या से रेल मंत्री को अवगत कराया। विशेष रूप से रेलवे गेट संख्या-109 (गंगोह मार्ग, कस्बा जलालाबाद) एवं एलम-भनेड़ा मार्ग स्थित रेलवे फाटक पर प्रस्तावित अंडरपास निर्माण को लेकर उत्पन्न होने वाली गंभीर जनसमस्याओं को प्रमुखता से रखा गया।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति अत्यंत संवेदनशील है तथा जलनिकासी की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। बरसात के मौसम में भारी जलभराव के कारण अंडरपास बनने की स्थिति में आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाएगा। इससे न केवल आम नागरिकों को परेशानी होगी, बल्कि एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं का आवागमन भी गंभीर रूप से प्रभावित होगा। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व में निर्मित अंडरपासों का अनुभव संतोषजनक नहीं रहा है, क्योंकि



बरसात के दिनों में उनमें लगातार पानी भरने की समस्या बनी रहती है, जिससे यातायात बाधित होता है। जनप्रतिनिधियों ने रेल मंत्री को अवगत कराया कि जलालाबाद स्थित रेलवे क्रॉसिंग के दूसरी ओर दर्जन से अधिक गांव और कस्बे जुड़े हुए हैं, जिनमें खानपुर, अहमदपुर, सरोजिनी उमरपुर, जानीपुर, औरंगाबाद उर्फ गंदेवड़ा सहित बड़ी आबादी निवास करती है। अंडरपास बनने की स्थिति में इन गांवों के किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों, पशुपालकों एवं आम नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। इन सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रतिनिधिमंडल ने अंडरपास निर्माण को निरस्त कर उसके स्थान पर रेलवे ओवरब्रिज (ROB) के निर्माण की मांग मजबूती से रखी। जनहित को सर्वोपरि मानते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने तत्काल प्रभाव से उक्त रेलवे अंडरपास के निर्माण कार्य को रोकने के निर्देश संबंधित अधिक. ारियों को दिए। इसके अतिरिक्त प्रतिनिधिमंडल ने सहारनपुर.दिल्ली वाया शामली जनता एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 14545/14546 का थानाभवन टाउन रेलवे स्टेशन पर ठहराव प्रदान किए जाने की मांग भी रखी। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र के विद्यार्थियों, व्यापारियों, कर्मचारियों, किसानों एवं आम नागरिकों को दिल्ली और सहारनपुर के लिए सीधी एवं सुविधाजनक रेल सेवा उपलब्ध हो सकेगी।

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रतिनिधिमंडल द्वारा उठाए गए सभी विषयों को गंभीरता से सुना और संबंधित रेलवे अधिकारियों को तथ्यों की जांच कर जनहित में आवश्यक एवं सकारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश देने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास व्यक्त किया कि शीघ्र ही इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा, जिससे जनपद शामली की जनता को बड़ी राहत मिलेगी और क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त होगी।

## थानाभवन टाउन रेलवे स्टेशन पर जनता एक्सप्रेस के ठहराव की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** सहारनपुर-दिल्ली वाया शामली चलने वाली जनता एक्सप्रेस (14545/14546) को थानाभवन टाउन रेलवे स्टेशन पर ठहराव दिए जाने की मांग तेज हो गई है। थानाभवन विधानसभा क्षेत्र से विधायक अशरफ अली खान ने इस संबंध में माननीय रेल मंत्री भारत सरकार को ज्ञापन भेजकर स्थानीय जनता को राहत देने का अनुरोध किया है। ज्ञापन में बताया गया कि यह ट्रेन प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों को सहारनपुर से दिल्ली तक आवागमन की सुविधा प्रदान करती है, लेकिन थानाभवन जैसे ऐतिहासिक, धार्मिक और व्यापारिक नगर में इसका ठहराव नहीं है। इससे स्थानीय लोगों को अन्य स्टेशनों तक अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती है। विधायक ने कहा कि थानाभवन क्षेत्र से बड़ी संख्या में विद्यार्थी, व्यापारी, कर्मचारी और किसान प्रतिदिन यात्रा करते हैं। यदि जनता एक्सप्रेस का ठहराव यहां दिया जाता है तो न केवल आम जनता को सीधी सुविधा मिलेगी बल्कि क्षेत्र के शिक्षा, व्यापार और सामाजिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही रेलवे को यात्रियों की संख्या बढ़ने से लाभ होगा। स्थानीय लोगों ने भी इस मांग का समर्थन करते हुए इसे जनहित से जुड़ा कदम बताया है। अब सभी की निगाहें रेल मंत्रालय के निर्णय पर टिकी हैं कि कब थानाभवन टाउन को यह महत्वपूर्ण रेल सुविधा मिलती है।



## एक नजर

### अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा जाएगा जेल

शाह टाइम्स संवाददाता

**थाना भवन।** अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना भवन पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर की गई। थाना भवन थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि गश्त के दौरान कृष्णा नदी पुल के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह भागने लगा, लेकिन टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान युवक के पास से एक 315 बोर का अवैध तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम कफील पुत्र खुर्शीद निवासी गांव हसनपुर लुहारी, थाना भवन बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मान्य न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।



### पुलिस ने दो शराब तस्करों को दबोचा, 45 पव्वे अवैध शराब बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाभवन पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 45 पव्वे अवैध शराब बरामद की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में थानाभवन पुलिस टीम ने ग्राम हसनपुर लुहारी क्षेत्र से आबाद पुत्र फतेहदीन और तस्लीम पुत्र इरफान को धर दबोचा। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक दीपचंद, हेड कांस्टेबल नितिन कुमार, यशपाल और अजय कुमार शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अवैध शराब के कारोबार पर पूर्णत: अंकुश लगाने के लिए आगे भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।



### नवनियुक्त चिकित्सक का लोगों ने किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** मंगलवार को शामली सीएचसी में नव नियुक्त स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विजेंद्र कुमार का समाजसेवी लोगों ने स्वागत किया। शामली सीएचसी में हाल ही में नव नियुक्त स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा। विजेंद्र कुमार की तैनाती हुई है, जिसके बाद सीएचसी में गर्भवती महिलाओं को बेहतर सुविधाऐं मिल सकी। मंगलवार को समाजसेवी पप्पन देसाई केडी व राष्ट्रीय महिला एकता संगठन शामली की जिला अध्यक्ष सोनम, पूर्वप्रधान रामनिवास ने डा। बिजेन्द्र का बुके भेट कर स्वागत किया। उन्होने कहा कि गर्भवती महिलाओं को पहले डिस्टिक अस्पताल या मुजफ्फरनगर जाना पडता था, लेकिन अब शामली सीएचसी में ही उपचार मिल पा रहा है।

# बाल विवाह की रोकथाम को किया जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** बाल विवाह मुक्त भारत विशेष राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत मंगलवार को ग्राम पंचायत सिंभालका में बाल विवाह की रोकथाम को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान एक फरवरी से 8 मार्च तक ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, वार्डों एवं समुदाय स्तर पर संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान संजीव कुमार ने की, जिन्होंने उपस्थित लोगों को बाल विवाह के विरुद्ध संकल्प दिलाया। अधिकारियों ने बताया कि जनपद शामली में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान 27 नवंबर 2025 से 8 मार्च 2026 तक संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बाल विवाह की रोकथाम के साथ-साथ समाज में विधिक जागरूकता एवं सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देना है। पारूल चौधरी ने जानकारी दी कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका तथा 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह कानूनन अपराध है। बाल विवाह बच्चों के शारीरिक, मानसिक, शैक्षिक एवं सामाजिक विकास पर गंभीर दुष्प्रभाव डालता है। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि बाल विवाह करने, कराने अथवा इसमें सहयोग करने पर दो वर्ष तक का कठोर कारावास या एक लाख रूपए तक




का जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है। साथ ही बाल विवाह में शामिल बराती, मौलवीध्पंडित, फोटोग्राफर, टेंट, कैटरिंग एवं बैंड संचालकों के विरुद्ध भी एफआईआर दर्ज की जा सकती है। अधिकारियों ने अवगत कराया कि जनपद में जिला प्रोबेशन अधिकारी को जिला बाल विवाह निषेध अधिकारी नामित किया गया है। कार्यक्रम में सीडब्ल्यूसी से कुलदीप शर्मा, सचिन कुमार, रीतू रानी, अंशिका आदि मौजूद रहे।

# कोहरे में हुई सड़क दुर्घटना, चालक घायल

**झिंझाना।** जनपद मुजफ्फरनगर के गांव जोला निवासी तस्लीम राणा पुत्र अब्दुल सत्तार अपनी स्विफ्ट कार से शामली से करनाल की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे मेरठ-करनाल हाईवे पर स्थित टपराना के गोल चक्कर के पास पहुंचे, झिंझाना की ओर से आ रही एक ग्रैंड विटारा कार से उनकी कार की भीषण टक्कर हो गई। बताया जाता है कि उस समय हाईवे पर सघन कोहरा छाया हुआ था, जिससे .श्यता बहुत कम थी। टक्कर के बाद स्विफ्ट कार हाईवे के डिवाइडर से जा टकराई। इस हादसे में स्विफ्ट कार के चालक तस्लीम राणा गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, ग्रैंड विटारा कार में सवार जुबेर पुत्र खुरशीद, निवासी बलवा सकुशल रहे और उन्हें कोई चोट नहीं आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल तस्लीम राणा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में, सूचना पाकर पहुंचे उनके परिजनों ने उन्हें विस्तृत इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में ले गए।

हल्का प्रभारी एसआई अंकुर कुमार ने बताया कि अभी तक इस मामले में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं हुई है। शिकायत मिलने के बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।





# थानाभवन क्षेत्र की बेटियों ने रचा इतिहास

## पायल कश्यप बनीं राष्ट्रीय पैरा डाटर्स चैंपियन, मलेशिया के लिए चयन

शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** क्षेत्र के लिए यह गर्व का क्षण है, जब गांव लतीफगढ़ की होनहार खिलाड़ी पायल कश्यप ने देशभर के प्रतिभाशाली दिव्यांग खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए प्रथम पैरा डार्ट्स राष्ट्रीय चौंपियनशिप में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह ऐतिहासिक प्रतियोगिता कानपुर में दो दिवसीय आयोजन के रूप में संपन्न हुई, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों ने अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन किया।

इस प्रतिष्ठित प्रथम पैरा डार्ट्स राष्ट्रीय चौंपियनशिप में पायल कश्यप ने महिला वर्ग द्धविंग स्टैंडिंग श्रेणीत्र में बेहतरीन सटीकता और आत्मविश्वास के साथ मुकाबला जीतते हुए पहला स्थान हासिल किया। उनके इस शानदार प्रदर्शन ने न केवल जनपद शामली बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया। स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही पायल कश्यप का चयन आगामी अप्रैल माह में मलेशिया में आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय पैरा डार्ट्स चौंपियनशिप के लिए हो गया है। यह चयन उनके कठिन परिश्रम, लगन और खेल के प्रति समर्पण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। अब पायल विश्व मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व कर देश के लिए एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि लाने की तैयारी में जुट गई हैं।

## भावना ने भी बढ़ाया क्षेत्र का मान

इसी प्रतियोगिता में थाना भवन क्षेत्र के गांव भैसानी इस्लामपुर की भावना ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। भावना की इस उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया कि क्षेत्र की बेटियां किसी भी मंच पर अपनी प्रतिभा से पहचान बना सकती हैं। स्वर्ण पदक जीतकर जब पायल कश्यप अपने गांव लतीफगढ़ पहुंचीं तो पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। कस्बे के सम्मानित नागरिकों, युवाओं और ग्रामीणों ने फूल-मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया। लोगों ने मिठाइयां बांटकर इस ऐतिहासिक सफलता का जश्न मनाया और पायल के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## युवाओं के लिए प्रेरणा बनीं पायल और भावना

पायल कश्यप और भावना की यह सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह पूरे शामली जनपद के लिए गर्व की बात है। इन दोनों खिलाड़ियों ने यह साबित कर दिया है कि सीमित संसाधनों और चुनौतियों के बावजूद यदि हौसले बुलंद हों तो कोई भी मंजिल दूर नहीं। इनकी सफलता आने वाली पीढ़ी के युवाओं, विशेषकर दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए एक मजबूत प्रेरणा बनेगी कि मेहनत, आत्मविश्वास और निरंतर अभ्यास से राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि




अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बनाई जा सकती है।थाना भवन क्षेत्र की बेटियों ने आज यह दिखा दिया है कि खेल का मैदान किसी भी कमजोरी को ताकत में बदल सकता है। अब पूरे क्षेत्र की निगाहें मलेशिया में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता पर टिकी हैं, जहां पायल कश्यप एक बार फिर भारत का परचम लहराने के लिए उतरेंगी।

# मॉर्निंग वॉक के लिए ट्रेक का निर्माण शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शहर के नवीन मंडी रोड स्थित मुंडेट रोड पर नगर पालि. का द्वारा मॉर्निंग वॉक के लिए ट्रेक का निर्माण शुरू कर दिया है। चेयरमैन अरविन्द संगल ने मंगलवार को ट्रेक के निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया और उचित दिशा निर्देश दिए। नगर पालिका क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक के लिए कोई बेहतर स्थान न होने पर नगर पालिका ने शामली के नवीन मंडी रोड स्थित मुंडेट रोड पर ट्रेक का निर्माण प्रारंभ कर दिया है। इससे सवेरे मॉर्निंग वॉक के लिए जाने वाले लोगों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। मंगलवार को नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने मौके पर पहुंचकर कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने बताया कि यह ट्रेक 15 फुट चौडा और करीब एक किलोमीटर दोनो



ओर से लंबा होगा। ट्रेक पर घूमने वालों के लिए बैठने की बेहतर सुविधा होगा। पौधे लगाए जाएगी और रात्रि के लिए आधुनिक स्ट्रीट लाईटे लगाई जाएगी। बताया कि शामली के लोगों के लिए यह टहलने के लिए बेहतर स्थान साबित होगा, जिससे सभी को सुविधाऐं मिल सकेगी और इससे यातायात पर भी कोई प्रभाव नही पडेगा।

# 2.28 करोड़ की लागत से बनेगी भमरौआ रोड, आवागमन होगा सुगम

## शहर विधायक आकाश सक्सेना और पूर्व मंत्री शिवबहादुर सक्सेना ने संयुक्त रूप से किया शिलान्यास





**शाह टाइम्स**

**रामपुर।** नगर विधानसभा क्षेत्र स्थित ऐतिहासिक भमरौआ शिव मंदिर को जाने वाली सड़क के चौड़ीकरण का कार्य शीघ्र शुरू होगा। करीब 2.28 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस महत्वपूर्ण सड़क का शिलान्यास शहर विधायक आकाश सक्सेना एवं पूर्व मंत्री शिवबहादुर सक्सेना ने नारियल फोड़कर किया। इसके बाद सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया।

भमरौआ स्थित श्री पातालेश्वर शिव मंदिर को जाने वाली सड़क काफी समय से बदहाल थी। ऐसे में ग्रामीणों के साथ मंदिर आने जाने वाले लोगों को अत्यधिक दिक्कतें हो रही थीं, जिसके बाद लोगों ने शहर विधायक आकाश सक्सेना ने सड़क निर्माण और चौड़ीकरण की मांग की थी। ऐसे में शहर विधायक ने प्रस्ताव शासन को भेज दिया। शासन से मंजूरी मिलने के बाद लोक निर्माण विभाग की ओर से मंगलवार को सड़क का शिलान्यास किया गया। शहर विधायक आकाश सक्सेना, पूर्व मंत्री शिवबहादुर सक्सेना ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर मार्ग का शिलान्यास किया। इस अवसर पर शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि भमरौआ शिव मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह क्षेत्र की पहचान भी है। वर्षों से संकरी सड़क होने के कारण श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। सड़क के चौड़ीकरण से अब यातायात सुचारु होगा, दुर्घटनाओं की आशंका कम होगी और श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी। पूर्व मंत्री शिवबहादुर सक्सेना ने कहा कि नगर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देना उनकी प्राथमिकता रही है। भमरौआ रोड का चौड़ीकरण क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे आसपास के मोहल्लों को भी लाभ मिलेगा और क्षेत्र का स्वरूप बेहतर होगा। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता हर्षित जैन, रामगोपाल, मयंक सक्सेना, संजू बाबा प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

### 30 लाख रुपए से बनेगी रामलीला मैदान की सड़क

रामपुर। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज से लेकर रामलीला ग्राउंड उत्सव पैलेस तक जाने वाली सड़क का भी शिलान्यास किया। इस सड़क के निर्माण में करीब 30 लाख रुपए की लागत आएगी। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि रामलीला मैदान की सड़क अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह इसलिए भी क्योंकि रामलीला मैदान के साथ ही दो बड़े-बड़े इंटर कालेज भी इस मार्ग पर स्थित हैं। इसके अतिरिक्त उत्सव पैलेस में बड़ी संख्या में सार्वजनिक आयोजन होते हैं। ऐसे में सड़क के बनने से लोगों को काफी राहत मिलेगी।

# ओस के साथ बरसे कोहरे ने फिर कराया ठंड का अहसास

## मंगलवार को दिन भर छाया रहा कोहरा, सुबह के वक्त दृश्यता हुई कम

### मौसम वैज्ञानिकों ने जताई आगामी दिनों में बारिश की आशंका

**शाह टाइम्स**

**रामपुर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पड़ रही कड़ाके की ठंड और पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी का असर रामपुर में भी लगातार देखने को मिल रहा है। धूप न निकलने पर तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। जिससे जन-जीवन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। ठंडी हवाओं के प्रकोप के कारण लोग घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। सुबह और देर रात सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है, जिससे शहर की सामान्य गतिविधियां धीमी पड़ गई हैं। मंगलवार को फिर जिलेवासियों को ठंड का सामना करना पड़ा। रात में ओस गिरने से जहां मौसम सर्द रहा तो वहीं दिन भर कोहरा बरसा। घने कोहरे ने वाहन चालकों की मुश्किलें बढ़ा दी। दृश्यता कम होने के कारण वाहन चलाना सुबह के वक्त जोखिम भरा रहा। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 11 से 13 डिग्री सेल्सियस रहा। बच्चे जहां ठंड में सिकुड़ते हुए स्कूल पहुंचे तो वहीं कारोबार भी काफी प्रभावित रहा। रोजमर्रा के कामों से निकलने वाले लोग भी ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेते नजर आए। वहीं मौसम



वैज्ञानिक आगामी दिनों में मौसम का मिजाज बिगड़ने के संकेत दे रहे हैं। पश्चिमी यूपी के कई जिलों में बारिश के साथ गरज-चमक और वज्रपात की आशंका जताई जा रही है। जिस कारण शीतलहर एक बार फिर लोगों को ठिठुराने के लिए तैयार है।

इस वर्ष पड़ी कड़ाके की ठंड ने पिछले कई सालों के रिकार्ड तोड़ दिए। घने कोहरे और शीतलहर के कारण कई-कई दिनों तक जिलेवासियों को धूप के दर्शन नहीं हुए। कड़ाके की ठंड ने इस बार जन-जीवन को बुरी तरह से प्रभावित किया था। घने कोहरे का डर इतना था कि लगातार पुलिस कर्मी अभियान चलाकर हादसों से बचने के लिए वाहन चालकों को सचेत करते रहे। बीच-बीच में धूप निकली तो अगले दिन उतना ही भयंकर कोहरा पड़ा। जिस कारण सबसे अधिक परेशानी रोजमर्रा के कामों से निकलने वाले आमलोगों को हुई। दिन भर ठिठुरन भरी ठंड का सामना करने के बाद उन्होंने दो वक्त की रोटी का इंतजाम किया। अधिकतर समय बाजारों में सन्नाटा ही पसरा रहा। इधर कुछ दिनों पहले धूप निकलनी शुरू हुई तो ठंड से कुछ राहत मिली। हालांकि बीच-बीच में हो रही बारिश मौसम का मिजाज समझने नहीं दे रही है। ठंड से एक-दो दिन राहत मिल पाती है कि फिर बारिश से ठंड का असर बढ़ जाता है।

### *मंगलवार को छाया रहा कोहरा, नहीं हुए धूप के दर्शन*

*मंगलवार की सुबह फिर भीषण कोहरे के बीच हुई। रात को जहां ओस बरसने से बारिश का अहसास हुआ तो वहीं दिन में कोहरा छाया रहा। जिस कारण स्कूली बच्चे ठंड से ठिठुरते हुए जाते देखे गए। दैनिक कार्यों से निकलने वालों को भी ठंड ने काफी ठिठुराया। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 11 और अधिकतम 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कोहरे के कारण हवा में नमी बढ़कर 71 प्रतिशत तक पहुंच गई। जबकि आठ किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से शीतलहर चली। कोहरे का असर वायु गुणवत्ता सूचकांक पर भी पड़ा। जो बढ़कर दो सौ से अधिक हो गया। मौसम वैज्ञानिक पश्चिमी यूपी के कई जिलों में पांच फरवरी तक कोहरा छाने की आशंका जता रहे हैं।*

# हाई टेंशन लाइन में ब्रेकडाउन होने से नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति चौपट

## 12 घंटे नहीं मिली सप्लाई जनता परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** मसवासी दड़ियाल टांडा के बीच हाई टेंशन लाइन में सोमवार की रात ब्रेकडाउन से नगर सहित क्षेत्र में 14 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही जिससे क्षेत्र वासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सोमवार को टांडा से दड़ियाल होकर मसवासी पहुंच रही तैतीस हजार केवी लाइन में टांडा दड़ियाल के बीच ब्रेकडाउन हो गया जिससे मसवासी नगर समेत बिजारखाता खोदकला मोतीपुरा सीतारामपुर रहमतगंज कुंदनपुर खुशहालपुर मंसूरपुर सेमरा लाडपुर हसनपुर उत्तरी पट्टीकला घोसीपुरा मुकुंदपुर मानपुर उत्तरी शिकारपुर किशनपुर मौलागढ़ धर्मपुर उत्तरी शिवनगर बब्बरपुरी लोहार ईनायतगंज खानपुर उत्तरी समेत 32 गांव में



बिजली आपूर्ति 14 घंटे बाधित रही जिससे क्षेत्र वासियों को बिजली किल्लत का सामना करना पड़ा साथ ही बिजली पर निर्भर कस्बे की पेयजल आपूर्ति भी बाधित रही जिससे नागरिकों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ा। पूर्व चेयरमैन हरिओम मौर्य ने विधुत विभाग लापरवाही आरोप लगाया उनका कहना है कि आए दिन हाई टेंशन लाइन में ब्रेकडाउन होना आम बात हो गई है शिकायत के बाद भी बिजली कर्मचारी बिजली आपूर्ति दुरुस्त रखने के प्रति लापरवाह बने रहते हैं जिससे बिजली आपूर्ति को लेकर क्षेत्रवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उधर अवर अभियंता श्याम लाल ने बताया की दड़ियाल टांडा मार्ग पर हाईटेंशन लाइन मे कुछ तकनीकी खराबी के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी जिसको कर्मचारियो के द्वारा दुरुस्त कर अपूर्ति चालू कर दी गई।

# भारतीय किसान यूनियन भानू ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

## आवारा पशुओं को गोशाला भिजवाने की मांग




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन भानू की मासिक पंचायत का आयोजन निरीक्षण भवन शाहबाद में किया गया किसानों की समस्याओं को लेकर एक संबंधित ज्ञापन एसडीएम आशुतोष कुमार को दिया गया शाहबाद क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की फसलों को आवारा पशु खराब कर रहे हैं इन्हें पकड़वाकर प्रशासन के द्वारा गौशाला भिजवाया जाए

शाहबाद क्षेत्र के किसानों की श्रेणी 2 की भूमि या तीन की प्रशासन द्वारा एक की किया जाए जिससे किसानों को कृषि सिंचाई के लिए सरकार के द्वारा लाभ मिल सके किसान अपनी फसल की सिंचाई कर सके ग्राम तोरखेड़ा में शहीद सैनिक शिवचरण सिंह के नाम से नाले का निर्माण हुआ एक शहीद की मूर्ति का अनावरण सरकार के द्वारा प्रस्तावित था इसे जल्द पूरा कराया जाए ग्राम मोतीपुरा में राशन की दुकान के ठीक सामने विद्युत का एक पोल खड़ा है जिससे राशन की गाड़ी को आने में दिक्कत आती है पोल को थोड़ा हटवाया जाए जिससे कोई भी आने वाले समय में हादसा ना हो सके कस्बा नगर पंचायत शाहबाद में ट्रैफिक पुलिस के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले किसानों मजदूरों गरीबों को परेशान किया जाता है और वसूली की जाती है चेकिंग के नाम पर डराया धमकाया जाता है किसान अपने बच्चों को डॉक्टर के पास लेकर आता है या कोई किसान खाद बीज लेने आता है या किसी अन्य काम से आता है इस ट्रैफिक पुलिस के वसूली को रोका जाए ग्राम अनबा की मिलक हुसैनगंज में गाटा संख्या 747 व सरकारी नलकूप नंबर 119 की पानी की गुल बंद पड़ी हुई है इसे खुलवाया जाए जिससे किसानों को सिंचाई में परेशानी ना हो इस मौके पर मंडल सचिव झंडू सिंह यादव वीरेंद्र सिंह रामचरण सिंह विद्या रामपाल आसिफ हुसैन हरिश्चंद्र महिपाल संतोष शर्मा सलमान मुख्तर शाह अफजल मुंशी राजाराम सेवा पाल आदिल खान बृजमोहन आकिल खा डॉक्टर रेहान राहुल यादव सलमान अकरम राधे सिंह नन्नू मलिक सलमान मलिक जान गोहम्मद अकरम खान इम्तियाज खान सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

# राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप आज रामपुर में : अर्जुन रस्तोगी

**शाह टाइम्स**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार और भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आज रामपुर पहुंचेंगे।मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी ने बताया कि मंत्री जी रामपुर में आयोजित कार्यकर्मों में हिस्सा लेने के साथ साथ गांधी समाधि के पास स्थित गेस्ट हाउस में 12.15 बजे प्रेस को संबोधित करेंगे।

# सुविधाओं में कोई कमी नहीं सरकारी अस्पताल में कराएं इलाज :सीएमओ

**शाह टाइम्स**

**रामपुर।** सीएमओ डॉक्टर दीपा सिंह ने कहा कि सरकारी अस्पताल में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं जनता से अपील करते हुए कहा कि सरकारी अस्पताल में मिलने वाली सभी सुविधाएं सरकार की और से फ्री मुहैया कराई जाती हैं इसलिए जरूरी है कि सभी सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं साफ कहा कि ब्लड टेस्टिंग के अलावा अल्ट्रासाउंड ईसीजी और टीवी जैसी बीमारी का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है इसलिए फायदा उठाए।

# बेल की करंट लगने से मौत मालिक गमजदा

**शाह टाइम्स**



**शाहबाद/रामपुर।** मंगलवार को एक बैल की करंट लगने से मौत हो गई। यह घटना नगर के मोहल्ला अमीर अली अस्तल मंदिर के पास हुई। ढकुरिया गांव निवासी हरिओम पुत्र रामचरण अपनी बैलगाड़ी में रेत लेकर यहां आया था जानकारी के अनुसार, हरिओम रेत से भरी बैलगाड़ी खाली कर वापस लौट रहा था। इसी दौरान गली के मोड़ के पास बैलगाड़ी से जुड़े बैल का पैर नाली में चला गया। नाली के पास ही एक विद्युत खंभा था, जिससे करंट नीचे उतर आया और बैल को लग गया करंट लगने से बैल की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल विद्युत सप्लाई बंद कराई।

# एनडीए सरकार का बजट 2026 उत्तर प्रदेश को नई रफ्तार देने वाला दूरदर्शी बजट : शाहिद हुसैन

**शाह टाइम्स**

**रामपुरः** आज ग्राम लाला नगला जिला अध्यक्ष शाहिद हुसैन के आवास पर बजट पर चर्चा के दौरान राष्ट्रीय लोक दल रामपुर ने केंद्र की एनडीए सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 2026 को जनहितकारी, दूरदर्शी और समावेशी बताते हुए इसका स्वागत किया। रालोद रामपुर का मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चल रही नीतियाँ देश को तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ा रही हैं। बजट 2026 उत्तर प्रदेश को नई रफ्तार देने और ह्रसशक्त उत्तर प्रदेश, समृद्ध भारत के संकल्प को मजबूती देता है।



रालोद रामपुर ने बजट में किसान, शिक्षा, रोजगार, अक/टेक्नोलॉजी, कौशल विकास और महिला शक्ति पर दिए गए विशेष फोकस की खुलकर सराहना की। पार्टी के अनुसार, इन प्राथमिक क्षेत्रों में किए गए प्रावधानों से प्रदेश के गांव-शहर दोनों में व्यापक सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

इस अवसर पर रालोद रामपुर ने राष्ट्रीय लोक दल के नेता चौधरी जयंत सिंह की भूमिका की भी सराहना की। कौशल विकास एवं शिक्षा राज्य मंत्री के रूप में उनके मार्गदर्शन में शिक्षा को रोजगार से जोड़ने, युवाओं की स्किलिंग, आधुनिक प्रशिक्षण और भविष्य-उन्मुख पाठ्यक्रमों को बढ़ावा मिल रहा है। बजट 2026 में कौशल विकास, शिक्षा और नई तकनीकों पर दिए गए जोर को पार्टी उनकी दूरदर्शी सोच का प्रतिफल मानती है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शाहिद हुसैन ने कहा कि शिक्षा, कौशल व रोजगार में भागीदारी बढ़ाकर महिलाओं का सशक्तिकरण मजबूत होगा।

इस मौके पर रालोद रुहेलखण्ड की महासचिव श्रीमती सुमन सिंह परिहार जी,नगर अध्यक्ष नवाब खान,रालोद नेता प्रभात भारदुयज जी,मो राशिद,अक्तर अली,रामस्वरूप लोधी,रालोद छात्र प्रकोष्ठ से सुलतान,ओम प्रकाश गंगवार आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय लोक दल के ज़िला अध्यक्ष शाहिद हुसैन ने कहा कि रालोद एनडीए सरकार की विकासोन्मुख नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में लिए जा रहे निर्णयों का समर्थन करता है। बजट 2026 में जिन क्षेत्रों पर प्राथमिकता दी गई है, वे उत्तर प्रदेश के समग्र विकास को गति देंगे और किसानों, युवाओं तथा महिलाओं को आगे बढ़ने के नए अवसर प्रदान करेंगे।

# स्कूलों में हेरिटेज क्लब गठित कर इंटेक की गतिविधियां बढ़ाई जाएंगी

## मिलक के लर्निंग लैडर स्कूल पहुंचे इंटेक रुहेलखण्ड चैप्टर संयोजक नवेद मियां सह संयोजक काशिफ खां

**शाह टाइम्स**

**रामपुर।** इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (इंटेक) रुहेलखण्ड चैप्टर द्वारा जिलेभर के स्कूलों में गतिविधियां बढ़ाई जाएंगी। इसके लिए हेरिटेज क्लब गठित किए जाएंगे। इंटेक रुहेलखण्ड चैप्टर संयोजक पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां और सह संयोजक काशिफ खां मंगलवार को मिलक के लर्निंग लैडर स्कूल पहुंचे। ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार, शुभांक प्रकाश गंगवार और दर्शिता गंगवार ने उनका स्वागत किया। नवेद मियां ने स्कूल भ्रमण कर बच्चों से बातचीत की



और लर्निंग लैडर स्कूल के शैक्षिक स्तर की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि स्कूलों में इंटेक द्वारा मुख्य रूप से विरासत क्लबों के माध्यम से छात्रों को भारतीय कला, संस्कृति और विरासत के प्रति जागरूक और संरक्षित करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित करता है। इसमें हेरिटेज वॉक, क्विज प्रतियोगिताएं, कला कार्यशालाएं, ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण और सांस्कृतिक उत्सव शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इंटेक द्वारा शिक्षकों को भी विरासत संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं।






# शॉर्ट सर्किट से स्पेयर पार्ट्स की दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के ।ग्राम हरड़ फतेहपुर में दिल्ली.सहारनपुर रोड पर स्थित एक आटो सर्विस एवं स्पेयर पार्ट्स की दुकान में शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक आग लग गई। आग की इस घटना में दुकान में रखा अधिकांश सामान जलकर खाक हो गया, जिससे एक लाख रूपए से अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शुरुआत में आग मामूली थी, लेकिन कुछ ही पलों में उसने विकराल रूप धारण कर लिया। आसपास के लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और उसे आसपास की दुकानों व रिहायशी इलाकों तक फैलने से रोक लिया। दुकान मालिक अरविंद पुत्र तेजपाल ने बताया कि आग की चपेट में आने से दुकान का अधिकांश माल पूरी तरह नष्ट हो गया है। प्रारंभिक आकलन में करीब एक लाख रूपए से अधिक का नुकसान सामने आया है। पिडित दुकानदार ने नुकसान के मुआवजे की मांग तो की लेकिन समाचार लिखें जाने तक कोई तहरीर नही दी ग्राम प्रधान गौतम ठाकुर ने कहा आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच की जांच कराई जाएगी पिडित अरविंद की हर तरह सहायता की जाएगी । घटना के बाद गांव में विद्युत तारों की स्थिति और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चर्चा तेज हो गई है।

# सीएचसी में हंगामा, खून की जांच बाहर से कराने का बनाया दबाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** एक भाजपा ने शामली सीएचसी में तैनात एक महिला कर्मचारी पर मरीज से खून की जांच के टैस्ट बाहर से कराने के आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पीडित ने मामले की शिकायत अधिकारियों से करने की चेतावनी दी है।

मंगलवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री आरिफ हवारी ने सीएचसी शामली में हंगामा किया। उन्होने बताया कि उनकी भाभी को पिछले करीब 6 माह से सीएचसी शामली में ईलाज चल रहा है। जहां स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विजेंद्र कुमार द्वारा खून की जांच लिखी गई थी, लेकिन एक सप्ताह से भाभी की खून की जांच नही हो पा रही है। उन्होने आरोप



लगाया कि लैब कर्मचारी द्वारा मरीज को सवेरे 8 बजे बुला लिया जाता है, लेकिन स्वयं वह 11 बजे पहुंचती है। उन्होने बताया कि सीएचसी में सभी जांच उपलब्ध होने के बावजूद उक्त कर्मचारी द्वारा खून की जांच बाहर से कराने का दबाव बनाया गया, जिसका विरोध किया गया तो मरीज के साथ काफी अभद्रता की गई। आरोप लगाया कि सरकार को बदनाम करने की नियम से यह सब कार्य किया जा रहा है। उन्होने मामले की शिकायत आला अधिका. रियों से करने की बात कही है। वही चिकित्सा अधीक्षक डा। दीपक ने बताया कि मामले की जांच की जाएगी। लैब में जाकर देखा गया है कि सभी जांच हुई है।

# कक्षा-6 व 9 (सत्र 2026-27) में प्रवेश परीक्षा को निर्देश

**शामली।** एतद्वारा सूचित किया जाता है कि उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत ऐसे निर्माण श्रमिक जो पंजीयन के उपरान्त दिनांक 30.11.2025 को कम से कम 3 वर्ष बोर्ड की सदस्यता अवधि पूर्ण कर चुके हो, उनके प्रति परिवार अधिकतम 2 बच्चे एवं कोविड के कारण निराश्रित हुए बच्चे जिनका महिला एवं बाल कल्याण विभाग में पंजीयन हो अथवा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) में आच्छादित हो पात्र होंगे। उक्त के संबंध में विन्ध्याचल शुक्लऋ प्रभारी सहायक श्रमायुक्त, शामली दो अवगत कराया गया कि अटल आवासीय विद्यालय, ग्राम नंगला बुजुर्ग, तहसील जानसठ, जनपद मुजफ्फरनगर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा-06 में 160 एवं कक्षा-09 में 60 बच्चों को प्रवेश हेतु सहारनपुर मण्डल के तीनों जनपदों (सहारनपुर) मुजफ्फरनगर/शामली) के श्रम कार्यालय, से आवेदन प्राप्त/जमा किए जा रहे है एवं ऑनलाइन आवे. दन upbocw.in के माध्यम से भी कर सकते है। जमा करने की अन्तिम तिथि 31.01.2026 एवं परीक्षा तिथि 22.02.2026 निर्धारित की गई थी। जिसे महानिदेशक, अटल आवासीय विद्यालय उप्र, लखनऊ द्वारा अपने पत्र दिनांक 30.01.2026 के द्वारा उक्त कक्षाओं में प्रवेश हेतु आवेदन किए जाने की तिथि 15.02.2026 (31 जनवरी 2026 विस्तारित) किया गया है। प्रवेश हेतु पात्रता एवं आवेदन पत्र के साथ संलग्न किए जाने वाले अभिलेख इत्यादि अन्य विवरण पूर्व में प्रकाशित विज्ञप्ति दिनांक-08.01.2026 व 16.01.2026 के अनुसार यथवात रहेंगे।



# भड़ी-लक्ष्मीपुरा रोड पर फिर पलटा ओवरलोड गन्ना ट्रक, प्रशासन बेखबर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** भडी क्षेत्र में लक्ष्मीपुरा रोड स्थित गैस एजेंसी वाले मोड़ पर सोमवार रात गन्ने से ओवरलोड ट्रक पलट गया। गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गया, लेकिन यह वही स्थान है जहां पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। बार-बार हो रहे हादसों के बावजूद प्रशासनिक सख्ती न होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

सोमवार देर रात खेमचंद के खेतों के पास स्थित मोड़ पर तेज रफ्तार और जरूरत से ज्यादा गन्ना लादे ट्रक ने संत. ुलन खो दिया और सड़क किनारे पलट गया। ट्रक के गिरते ही तेज धमाके जैसी आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। राहत की बात यह रही कि उस समय सड़क पर कोई राहगीर या अन्य वाहन पास नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों के अनुसार यह कोई पहली घटना नहीं है। इसी स्थान पर पहले भी दो बार गन्ने से भरे ट्रक पलट चुके हैं। उन हादसों में भडी टाउन फीडर के विद्युत पोल तक टूट गए थे, जिससे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति घंटों बाधित रही थी। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ है। पिछले दो महीनों में इस मोड़ पर तीन बार ओवरलोड ट्रकों के कारण हादसे हो चुके हैं।

एक घटना में तो सड़क किनारे खड़ा एक ग्रामीण बाल-बाल बच गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि गन्ना ढुलाई के दौरान ट्रकों में तय सीमा से अधिक ऊंचाई और वजन तक गन्ना लाद दिया जाता है, जिससे मोड़ों पर वाहन असंतुलित हो जाते हैं। विद्युत विभाग के अवर अभियंता ने भी इन ओवरलोड ट्रकों को लेकर कई बार चौसाना पुलिस को शिकायत दी, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है। उधर ऊन शुगर मिल के सहायक महाप्रबंधक संतोख सिंह सिद्धू ने गन्ना केंद्रों को सख्त चेतावनी दी है कि अधिक ऊंचाई तक गन्ना लादे ट्रकों को मिल परिसर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसके बावजूद सड़कों पर ओवरलोड ट्रकों की आवाजाही जारी है, जो किसी बड़े हादसे को न्योता दे रही है।

## एक नजर

# राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज, में आयोजित की गई मेडिटेशन कार्यशाला





**शाह टाइम्स संवाददाता**


**झिंझान।** दिनांक मंगलवार को राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज, के प्रांगण में विद्यार्थियों के मानसिक, भावनात्मक एवं शैक्षणिक विकास को सु. ढ़ करने के उद्देश्य से एक विशेष मेडिटेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महर्षि वैदिक विश्वविद्यालय, नीदरलैंड से पधारे प्रशिक्षित शिक्षक विवेक वेदानाथन, सतेश्वरी रावत, लक्ष्मी राणा, मोहित चौहान, पी।एस। मिल्क आदि ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को मेडिटेशन की एडवांस तकनीकों का अभ्यास कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक शैलेंद्र मित्तल एवं प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार के स्वागत उद्बोधन से हुआ। शैलेंद्र मित्तल ने अपने संबोधन में कहा कि आज की आधुनिक शिक्षा प्रणाली में ट्रेनिंग एवं मेडिटेशन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। ट्रेनर विवेक वेदानाथन ने विद्यार्थियों के लिए मेडिटेशन के प्रभावों को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि मेडिटेशन शांति के लिए आवश्यक है तथा इससे एकाग्रता, तनाव प्रबंधन एवं आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने मेडिटेशन के अपने अनुभव और इससे होने वाले लाभों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। उन्होंने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# रात में घर पर फायरिंग से दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** देर रात्रि बंद मकान पर कार सवार बदमाशों द्वारा फायरिंग किए जाने की घटना से दहशत फैल गई। घटना सीसीटीवी कैमरे में कई हो गई है। वही मकान पर की गई फायरिंग के बाद परिवार में दहशत व्याप्त है। पीडितों ने थाना आदर्शमंडी पुलिस को तहरीर देकर बदमाशों की गिरफ्तारी किए जाने की मांग की है।

थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के मोहल्ला चौधरी चरण सिंह कालोनी निवासी अनुज निर्वाल पुत्र स्व हरेन्द्र सिंह सोमवार देर रात्रि अपने मकान के गेट बंद कर परिवार के साथ घर में बैठा था। रात्रि करीब 10:20 बजे कार सवार बदमाश घर के बाहर पहुंचे और पहले तो कार आगे लेकर निकल गए, लेकिन बाद में कार को बेक करते हुए घर के बाहर आकर





फायरिंग की। गोली की आवाज सुनकर पूरे मोहल्ले में दहशत फैल गई। बाद में कार सवार बदमाश तेजी से कार लेकर गोहरनी बाईपास की ओर फरार हो गया।

बदमाशों द्वारा गोली चलाने की पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। गोली मकान के लोहे के गेट में लगी है, जो आरपार नही हो सकी। वरना घर में बैठे लोगों को गोली लग



सकती थी। जिसके बाद परिजन घर के बाहर पहुंचे और मामले की सूचना थाना आदर्शमंडी पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके से खोखा बरामद करते हुए पीडित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। रात्रि में मकान पर हुई फायरिंग के बाद पीडित परिवार में दहशत व्याप्त है। पीडितों ने पुलिस ने जल्द से जल्द बदमाशों के पकडे जाने की मांग की है।

# सहायक आयुक्त पर भ्रष्टाचार व अवैध वसूली के गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** जनपद शामली के सहकारिता विभाग में तैनात सहायक आयुक्त शिवम मलिक पर भ्रष्टाचार और अवैध वसूली के गंभीर आरोप लगे हैं। बीपैक्स उदयपुर के सभापति सतीश कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शिकायत भेजकर निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, सहायक आयुक्त शिवम मलिक द्वारा जनपद की विभिन्न सहकारी समितियों में मनमाने ढंग से नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। उन पर कर्मचारियों से अवैध रकम वसूलने और समितियों से फीस के नाम पर अनियमित धन लेने के आरोप हैं। शिकायत में विशेष रूप से रायपुर समिति का उदाहरण दिया गया है, जहां नियमों के विरुद्ध कर्मचारी भर्ती करने और एरियर भुगतान में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया गया है, जिससे समिति को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। आरोप है कि लाखों रूपए के भुगतान चेक के माध्यम से किए गए, जिनकी जांच की जरूरत है। साथ ही, अन्य समितियों में भी नियमों का उल्लंघन करके शासन की छवि को नुकसान पहुंचाने का आरोप है। समिति की भूमि से अवैध कब्जा हटाने के दौरान 70 हजार रूपए देने की बात कही गई। आरोप है कि अधिकारियों ने 35 हजार रूपए कमीशन की मांग की और विरोध करने पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया।

मामले में आरोपी अधिकारी शिवम मलिक से संपर्क किया गया तो उन्होंने इन आरोपों को निराधार बताकर कहा कि इसकी कोई जानकारी नहीं है, उन्होंने कहा कि सभी कार्य बोर्ड व सभापति की संस्तुति पर ही किए जाते हैं और अगर कोई शिकायत है तो जांच कराई जा सकती है।

# स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं को लेकर शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला शामली के प्रतिनिधि मंडल ने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता वीरेंद्र सिंह से मुलाकात कर स्मार्ट मीटर से जुड़ी गंभीर समस्याओं के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद व्यापारियों एवं उद्योगों को अनावश्यक रूप से बढ़े हुए बिजली बिल, तकनीकी खराबी, गलत रीडिंग तथा शिकायतों के समय पर निस्तारण न होने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इससे छोटे एवं मध्यम वर्ग के व्यापारियों तथा उद्योगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है। उन्होने अनुरोध किया गया कि



स्मार्ट मीटर से संबंधित इन समस्याओं को शासन स्तर तक पहुंचाकर शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही कराई जाए, ताकि व्यापारियों को राहत मिल सके। एसई वीरेंद्र सिंह ने प्रतिनिधि मंडल की बातों को गंभीरता से सुना तथा समस्याओं के समाधान हेतु उचित स्तर पर कार्यवाही कराने का आश्वा. सन दिया। इस अवसर पर गौरव रुहेला, नमन गोयल, शुभम गर्ग, आशीष गर्ग, कन्हैया संगल, गर्वित गर्ग, संजीव कुमार, किशन गर्ग उपस्थित रहे।





# बालिकाओं के लिए मूलभूत सुविधाओं की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की जिला इकाई द्वारा परिषदीय विद्यालयों में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में महिला शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी, बालि. काओं के लिए मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा महिला शिक्षकों की विभागीय समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर बीएसए को एक ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में संघ की जिलाध्यक्ष पूनम तोमर ने अवगत कराया कि न्याय पंचायत, ब्लॉक एवं जनपद स्तर पर आयोजित क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में महिला शिक्षकों को केवल सांस्कृतिक गतिविधियों तक सीमित रखा जा रहा है, जबकि उन्हें रेफरी, निर्णायक एवं टीम मैनेजर जैसी महत्वपूर्ण भूमिकाएं भी दी जानी चाहिए।

उन्होंने बताया कि जनपद में बीपीएड योग्यता प्राप्त कई महिला शिक्षक कार्यरत हैं, जिनकी खेल संबंधी विशेषज्ञता का समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है। कहा कि प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के तहत निशुल्क सेनेटरी पैड की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। खेल प्रतियोगिताओं के दौरान बालि. काओं के लिए पृथक शौचालय, चें. जंग रूम तथा महिला अटेंडेंट की तैनाती अनिवार्य की जाए, जिससे वे अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं सहजता से साझा कर सकें। चाइल्ड केयर लीव को पारदर्शी व सुगम तरीके से स्वीकृत करने तथा विद्यालयों एवं विभागीय आयोजनों में महिला शिक्षकों के लिए गरिमापूर्ण वातावरण और उचित बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई।

बालिकाओं के लिए संचालित रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा खेल प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण समारोह में महिला अतिथियों एवं वरिष्ठ महिला शिक्षकों को मंच पर स्थान देने का भी आग्रह किया गया। कहा कि यदि खेल के मैदान में महिला शिक्षक रेफरी एवं कोच की भूमिका में होंगी, तो ग्रामीण अंचल की बालिकाओं में खेल के प्रति आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित होगी।

# गैस लीक होने से घर में लगी आग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर में गैस सिलेंडर से गैस लीक होने के कारण बड़ा हादसा होते-होते टल गया। घर में खाना बना रही महिला के सामने ही अचानक आग भड़क उठी, जिससे घर में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में महिला मामूली रूप से झुलस गई, जबकि घर में रखा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। आग लगने से पीड़ित परिवार को हजारों रूपए के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी कासिम की पत्नी रुखसार मंगलवार को अपने घर में गैस सिलेंडर पर खाना बना रही थीं। इसी दौरान अचानक गैस पाइप से गैस लीक होने लगी। रुखसार कुछ समझ पातीं, उससे पहले ही चिंगारी लगने से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटों में घिरने से महिला झुलस गई। महिला की चीख-पुकार सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। आग की लपटें देखकर गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए पानी और अन्य साधनों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझा ली गई, अन्यथा आग पास के अन्य घरों को भी अपनी चपेट में ले सकती थी। हादसे में घर में रखा अनाज, कपड़े, बर्तन और अन्य कीमती घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना के बाद पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की है। वहीं, घटना के बाद गांव में गैस सिलेंडर की सुरक्षा को लेकर लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों ने किया शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के आरके पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों द्वारा एक दिवसीय शि. विर का आयोजन किया गया। शिविर के लिए ग्राम मुंडेट कलां का चयन किया गया, जहां एनएसएस स्वयंसेवकों ने जनकल्याण एवं सामा. जिक उत्थान से जुड़ी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

शिविर का शुभारंभ प्राचार्य लो. केश कुमार तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ। रोहित राणा, डॉ। प्रीतम सिंह एवं प्रो। गायत्री त्रिपाठी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने एनएसएस का लक्ष्य गीत प्रस्तुत कर वातावरण को ऊर्जा और अनुशासन से भर दिया।प्राचार्य लोकेश कुमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए जल संरक्षण को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा कि जल है तो कल है।

इस संदेश को लेकर गांव तक पहुंचना सराहनीय प्रयास है। जल की प्रत्एक बूंद का संरक्षण ही इस अभियान की वास्तविक सफलता है।स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम मुंडेट कलां में जल संरक्षण, जल जागरूकता एवं पॉलिथीन हटाओ अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व, जल अपव्यय से होने वाले नुकसान तथा पॉलिथीन के पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई।

# इंडस्ट्रियल एरिया का डीएम ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान ने आज जनपद में इण्डस्ट्रियल एरिया कन्डेला में नाले से उत्पन्न होने वाली समस्या के निराकरण के संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों एवं उद्यमियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने उक्त नाले के उचित समाधान हेतु सफाई एवं पक्का करने हेतु आगणन गठन कर अगले तीन दिन प्रस्तुत करने हेतु सिंचाई विभाग को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय प्प। के अध्यक्ष विशाल अन्य उद्यमी सहित सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग,अधिशासी अभियंता आरईडी, प्रदूषण विभाग आदि मौजूद रहे।



# भांबरी एटीपी युगल के टॉप 20 में

## रोहन बोपन्ना के बाद टॉप 20 में जगह बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष डबल्स खिलाड़ी बने युकी भांबरी



**चंडीगढ़, वार्ता।** राउंडग्लास टेनिस एकेडमी के एथलीट युकी भाम्बरी ताजा एटीपी रैंकिंग में करियर की बेस्ट रैंकिंग वर्ल्ड नंबर 20 पर पहुंच गए हैं, जिससे वह रोहन बोपन्ना के बाद टॉप 20 में जगह बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष डबल्स खिलाड़ी बन गए हैं, और भारत के टॉप रैंक वाले डबल्स खिलाड़ी के तौर पर अपनी जगह पक्की कर ली है। अपनी पिछली रैंक 22 से बड़ी छलांग लगाते हुए, युकी ने अपने करियर में पहली बार आधिकारिक तौर पर एटीपी डबल्स स्टैंडिग के एलीट टॉप 20 में जगह बनाई है। यह रैंकिंग में उछाल 33 साल के खिलाड़ी के शानदार प्रदर्शन की वजह से आया है, जिन्होंने कई एटीपी टूर फाइनल में हिस्सा लिया है और ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है। स्वीडन के आंद्रे गोरान्सन के साथ जोड़ी बनाकर, युकी ने साल के पहले ग्रैंड स्लैम, मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियन ओपन में शानदार प्रदर्शन किया, तीसरे राउंड में पहुंचकर रैंकिंग पॉइंट्स हासिल किए जो उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए जरूरी थे। पहले मैच में लोकल वाइल्डकार्ड जेम्स डकवर्थ और क्रूज हेविट को हराने के बाद, युकी और गोरान्सन ने दूसरे राउंड में सैंटियागो गोंजालेज और डेविड पेल के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए 4-6, 7-6(5), 6-3 से जीत हासिल की। अगले राउंड में एक कड़े मुकाबले में वे ब्राजीलियाई जोड़ी ऑरलैंडो लूज और राफेल माटोस से 6-7(7), 3-6 से हार गए। युकी 2025 सीजन से लगातार आगे बढ़ रहे हैं, जहां वे न्यूजीलैंड के माइकल वीनस के साथ यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे, जहां उन्हें एक सेट और ब्रेक का फायदा होने के बावजूद चौथी वरीयता प्राप्त ब्रिटिश जोड़ी जो सैलिसबरी और नील स्कूपस्की से हार का सामना करना पड़ा था। मार्च 2025 में, भांबरी ने ऑस्ट्रेलिया के एलेक्सी पोपिरिन के साथ जोड़ी बनाकर दुबई टेनिस चैंपियनशिप में अपना पहला एटीपी 500 खिताब जीता। इस जोड़ी ने एक सेट से पिछड़ने के बाद चार मैच पॉइंट बचाकर मौजूदा यूएस ओपन और ऑस्ट्रेलियन ओपन डबल्स चैंपियन हैरी हेलियोवारा और हेनरी पैटन को एक रोमांचक फाइनल में 3-6, 7-6(12), 10-8 से हराया। सीजन की शुरुआत में, भांबरी भारत के नंबर 1 डबल्स खिलाड़ी भी बन गए थे, जिससे अनुभवी रोहन बोपन्ना का टॉप पर 286 हफ्ते का शानदार राज खत्म हो गया था। वह अभी मिडिल ईस्ट में एटीपी 500 स्विंग खेलने वाले हैं, इन बड़े टूर्नामेंट्स का इस्तेमाल करके वह रैंकिंग में और ऊपर जाना चाहते हैं और बाद में नीदरलैंड्स के खिलाफ डेविस कप टाई के लिए भारतीय टीम में शामिल होंगे।

# इंडियन रेसिंग फेस्टिवल रेसिंग का आईपीएल है: सौरभ गांगुली




**क्रिकेट में दबाव वाले पल आपको एक खिलाड़ी के बारे में सब कुछ बता देते हैं, रेसिंग में भी ऐसा ही है**

**पणजी, वार्ता।** जैसे ही गोवा की सड़कें 14 और 15 फरवरी को इंडियन रेसिंग फेस्टिवल (आईआरएफ) के लिए एक हाई-ऑक्टेन मोटरस्पोर्ट्स एरिना में बदलने के लिए तैयार हो रही हैं, कोलकाता रॉयल टाइगर्स के मालिक सौरव गांगुली का मानना है कि स्ट्रीट रेसिंग एक टीम के असली चरित्र को सामने लाती है, जो सिर्फ मशीनरी या लैप टाइम से कहीं ज्यादा है।

मनोहर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास एक अस्थाई स्ट्रीट सर्किट पर होने वाला गोवा राउंड आईआरएफ कैलेंडर के सबसे चुनौतीपूर्ण इवेंट्स में से एक है। एक रिलीज के अनुसार, गांगुली के लिए, स्ट्रीट रेसिंग का दबाव काफी जाना-पहचाना लगता है। गांगुली ने कहा कि स्ट्रीट रेसिंग सिर्फ कार का नहीं, बल्कि टीम का टेस्ट करती है। क्रिकेट में, दबाव वाले पल आपको एक खिलाड़ी के बारे में सब कुछ बता देते हैं। यहां भी ऐसा ही है। जब गलती की कोई गुंजाइश नहीं होती, तो चरित्र सामने आता है। क्रिकेट और मोटरस्पोर्ट के बीच तुलना करते हुए, पूर्व भारतीय कप्तान ने इंडियन रेसिंग फेस्टिवल की तुलना देश में क्रिकेट पर इंडियन प्रीमियर लीग के प्रभाव से की। उन्होंने कहा कि मेरे लिए, इंडियन रेसिंग फेस्टिवल रेसिंग का आईपीएल है। यह टॉप इंटरनेशनल टैलेंट, भारतीय ड्राइव. रों, टीम मालिकों और फैंस को एक ऐसे फॉर्मेट में एक साथ लाता है जो इंटेंस, प्रतिस्पर्धी और सुलभ है। जैसे आईपीएल ने लोगों के क्रिकेट से जुड़ने का तरीका बदल दिया, वैसे ही आईआरएफ मोटरस्पोर्ट के लिए ऐसा कर रहा है। गांगुली के अनुसार, परमानेंट सर्किट से शहर की सड़कों पर जाने से टीम के अप्रोच में मौलिक रूप से बदलाव आता है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### 2029 एशियन विंटर गेम्स अल्माटी में शिफ्ट किए गए

**कुवैत, वार्ता।** ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) ने सोमवार को घोषणा की कि 2029 के एशियन विटर गेम्स कजाकिस्तान के अल्माटी में होंगे। यह इवेंट मूल रूप से सऊदी अरब में होने वाला था। ओसीए और कजाकिस्तान गुरुवार को इटली के मिलान में होस्ट सिटी कॉन्ट्रैक्ट पर साइन करके समझौते को औपचारिक रूप देंगे। सऊदी अरब को 2022 में मेजबानी के अधिकार दिए गए थे। हालांकि, पिछले महीने, सऊदी ओलंपिक और पैरालंपिक समिति और ओसीए के एक संयुक्त बयान में घोषणा की गई थी कि इवेंट को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है।

### सेमीफाइनल में जायंट्स का मैच अंडरडॉग्स से होगा

**हरारे, वार्ता।** आईसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 अपने क्लाइमेक्स पर पहुंच रहा है, और मंगलवार को सभी की नजरें हरारे स्पोर्ट्स क्लब पर टिकी हैं, जहां इंडिया अंडर19 का मुकाबला अफगानिस्तान अंडर19 से एक हाई-स्टेक्स सेमीफाइनल में होगा। इस मैच को एक क्लासिक जायंट्स बनाम अंडरडॉग्स शोडाउन के तौर पर देखा जा रहा है, जिसमें इंडिया टूर्नामेंट की फेवरेट टीम के तौर पर उतरी है, जो पांच मैचों में बिना हारे सेमीफाइनल में पहुंची है, जबकि अफगानिस्तान ने मोमेंटम और पक्के इरादे के साथ जायंट-किलर्स के तौर पर अपनी पहचान बनाई है। इंडिया इस टूर्नामेंट की कहानी रही है। उनकी बैटिंग लाइनअप लगभग अजेय रही है, जिसकी लीडरशिप ओपनर वैभव सूर्यवंशी कर रहे हैं, जिन्होंने 134 की जबरदस्त रेट से रन बनाए हैं, और शुरुआत में ही गेम पर कब्जा करने में काबिल हैं। अभिज्ञान कुंडू, जिनका एवरेज 66.33 है, शांत एंकर रहे हैं, और अक्सर इंडिया को मुश्किल हालात से बाहर निकालते रहे हैं।

# एटीपी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर नोवाक

● **सर्बियाई खिलाड़ी नोवाक जोकोविच आस्ट्रेलियन ओपन में अपने 38वें मेजर फाइनल में पहुंचे**



**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल तक पहुंचे नोवाक जोकोविच एटीपी रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर नंबर 3 पर पहुंच गए हैं। जोकोविच को फाइनल में कार्लोस अलकाराज से हार का सामना करना पड़ा।

अल्काराज ने मेलबर्न में इतिहास रचा, जहां उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा किया। जबकि 22 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी ने ट्रॉफी उठाई, अन्य सितारों ने भी एटीपी रैंकिंग में ऊपर चढ़ने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया। सर्बियाई खिलाड़ी जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने 38वें मेजर फाइनल में पहुंचे, लेकिन रिकॉर्ड-विस्तारित 25वां स्लैम और मेलबर्न में 11वां स्लैम जीतने से चूक गए। जोकोविच ने सेमीफाइनल में जानिक सिनर को हराकर विबलडन 2024 के बाद पहली बार स्लैम फाइनल में वापसी की, जब वह अल्काराज से भी हार गए थे। यह पहली बार है जब 38 वर्षीय खिलाड़ी अगस्त 2024 के बाद एटीपी रैंकिंग में टॉप 3 में हैं। 20 वर्षीय खिलाड़ी नंबर 24 लर्नर टिएन पांच स्थान के सुधार के साथ करियर के उच्चतम स्थान पर पहुंच गया है, जब वह 2002 के बाद किसी मेजर के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाला सबसे कम उम्र का अमेरिकी पुरुष बन गए। अमेरिकी खिलाड़ी ने दानिल मेदवेदेव के खिलाफ सीधे सेटों में प्रभावशाली जीत हासिल की, जिससे दोनों की हेड2हेड श्रृंखला में उनका रिकॉर्ड 3-1 हो गया। टिएन ने 2025 का अंत शानदार तरीके से किया जब उन्होंने नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल का ताज जीता। ऑस्ट्रेलियन ओपन में एक अच्छे हफ्ते के बाद अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एटचेवेरी आठ स्थान ऊपर चढ़ गए हैं।

# भारत एशियन राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2027 की मेजबानी करेगा

## यह लगातार दूसरा अवसर होगा, जब भारत इन स्पर्धाओं की शीर्ष महाद्वीपीय चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** देश में ओलंपिक खेल शूटिग की शासी संस्था, नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने आज घोषणा की कि नई दिल्ली ने एशियन राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2027 की मेजबानी का अधिकार हासिल कर लिया है।

इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय प्रतियोगिता में लॉस एंजेलिस 2028 (एलए 28) ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान दांव पर होंगे। इसकी पुष्टि एशियन शूटिग कॉन्फेडरेशन (एएससी) के महासचिव, इंजी. नियर दुआइज अलओतैबी द्वारा सोमवार को एनआरएआई अध्यक्ष कालिकेश नारायण सिंह देव को भेजे गए पत्र के माध्यम से की गई। यह लगातार दूसरा अवसर होगा जब भारत राइफल और पिस्टल स्पर्धाओं की इस शीर्ष महाद्वीपीय चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। यह उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय शूटिग खेल महासंघ , जो इस खेल की वैश्विक शीर्ष संस्था है, ने पहले ही अप्रैल 2027 में नई दिल्ली में आईएसएसएफ वर्ल्ड कप राइफल/ पिस्टल/शॉटगन के आयोजन का अधिकार भारत को दिया है, जिसमें कुल 12 एलए 28 कोटा स्थान उपलब्ध होंगे। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एनआरएआई अध्यक्ष कालिकेश नारायण सिंह देव ने कहा कि यह हमारे भारतीय निशानेबाजों के लिए एलए 2028 की राह में एक बड़ा प्रोत्साहन होगा, क्योंकि अब उन्हें पूरे वर्ष में घरेलू लाभ के साथ दो ऐसे इवेंट्स मिलेंगे, जहां वे कोटा स्थान जीत सकते हैं। राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के लिए यह और भी उत्साहजनक है। एनआरएआई की ओर से, मैं एएससी के महासचिव इंजीनियर अलओतैबी और उनकी टीम का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने विश्वस्तरीय शूटिग प्रतियोगिताओं की मेजबानी की भारत की क्षमता पर निरंतर भरोसा जताया है। एनआरएआई के महासचिव पवनकुमार सिंह ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह सफलता एनआरएआई की पूरी टीम द्वारा किए गए अथक प्रयासों का परिणाम है और मैं सबसे पहले इस बड़ी उपलब्धि के लिए सभी को बधाई देता हूं। इसके अलावा, भारतीय खेल प्राधिकरण, खेल मंत्रालय और भारत सरकार के विभिन्न विभागों व एजेंसियों द्वारा हमें मिला जबरदस्त सहयोग, भारत को विश्वस्तरीय शूटिग प्रतियोगिताओं के लिए सबसे पसंदीदा स्थलों में से एक के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

# लगातार चौथी केसीएल जीत के साथ रोहतक रॉयल्स पहले स्थान पर

**सोनीपत, वार्ता।** एड्रॉइट स्पोर्ट्स एलएलपी के स्वामित्व वाली और रोहतक शहर का प्रतिनिधित्व करने वाली कबड्डी फेंचाइजी रोहतक रॉयल्स ने उद्घाटन कबड्डी चैंपियंस लीग में भिवानी बुल्स को 43-35 से हराकर एक और शानदार जीत दर्ज की। यह इस सत्र में रॉयल्स की लगातार चौथी जीत रही, जिससे उन्होंने अंक तालिका में शीर्ष स्थान और भी मजबूती से बरकरार रखा। रेडर और डिफेंडर, दोनों ने मिलकर एक संतुलित और प्रभावशाली प्रदर्शन किया। सात अंकों के साथ टीम के टॉप स्कोरर रहे हिमांशु को 'बेस्ट डिफेंडर ऑफ द गेम' चुना गया। उन्हें अंकित (7 अंक), राकेश (6 अंक) और विजय (5 अंक) का शानदार सहयोग मिला। कप्तान संदीप नरवाल के साथ संदीप देसवाल और आर्यन ने भी जीत में अहम भूमिका निभाई और क्रमश: तीन, तीन और दो अंक जोड़े। चार जीत और एक हार के साथ रो. हतक रॉयल्स अंक तालिका में शीर्ष पर हैं और उनका स्कोर अंतर 34 है, जो लीग में सर्वाधिक है। अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज रोहतक रॉयल्स अब पानीपत पैंथर्स से भिड़ेंगे। मैच की शुरुआत में ही रोहतक ने पहला डिफेंसिव पॉइंट हासिल किया, जब कप्तान संदीप नरवाल ने विपक्षी खिलाड़ी को मैट पर रोका। विजय मलिक ने अपनी और टीम की पहली रेड में शानदार टच-एंड-रन के जरिए एक और अंक जोड़ा। पहले चार मिनट के भीतर ही रॉयल्स ने 5-1 की बढ़त बना ली, इससे पहले कि भिवानी बुल्स ने उसी मिनट बोनस पॉइंट के साथ अपना खाता खोला।

# अल्काराज ने रॉटरडैम से नाम वापस लिया



● **कार्लोस अल्काराज की गैर मौजदूगी के बावजूद, रॉटरडैम के मैदान में दुनिया के नंबर-2 ज्वेरेव, फेलिक्स, अलियासिमे और डी मिनौर सहित कई टॉप खिलाड़ी खेलेंगे**

● **कार्लोस अल्काराज ने करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के एक दिन बाद अपना नाम वापस लिया**

**रॉटरडैम, वार्ता।** नए ऑस्ट्रेलियन ओपन चैम्पियन कार्लोस अल्काराज ने रॉटरडैम में होने वाले एबीएन एमरो ओपन से नाम वापस ले लिया है, टूर्नामेंट ने यह घोषणा की है। पिछले सीजन में एटीपी 500 इनडोर हार्ड-कोर्ट टाइटल जीतने वाले स्पेन के अल्काराज, एटीपी वेबसाइट के अनुसार, 9 से 16 फरवरी तक होने वाले इस इवेंट में अपना खिताब बचाने के लिए वापस नहीं आएंगे। अल्काराज की गैरमौजूदगी के बावजूद, रॉटरडैम के मैदान में दुनिया के नंबर 2 अलेक्जेंडर ज्वेरेव , फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे और एलेक्स डी मिनौर सहित कई टॉप खिलाड़ी खेलेंगे। अल्काराज ने करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के एक दिन बाद अपना नाम वापस लिया है।

22 साल के अल्काराज ने रविवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में नोवाक जोकोविच को चार सेट में हराकर मेलबर्न में अपना पहला टाइटल जीता था। सोमवार को, अल्काराज ने मेलबर्न में रॉयल एग्जीबिशन बिल्डिंग में एक सेलिब्रेशन फोटोशूट में भी हिस्सा लिया। अभी एटीपी रैंकिंग में दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी, अल्काराज ने अपने करियर में 15 बड़े टाइटल जीते हैं, जिसमें ग्रैंड स्लैम चैंपियनशिप, निट्टो एटीपी फाइनल्स में ट्रॉफी, एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट्स और एक ओलंपिक सिगल्स गोल्ड मेडल शामिल हैं।

# अबू धाबी और ओस्ट्रावा में डब्ल्यूटीए टूर पर डेब्यू कर रहा मर्सिडीज-बेंज स्टार

**अबू धाबी, वार्ता।** मर्सिडीज-बेंज स्टार एक बार फिर टेनिस के सबसे बड़े मंचों पर चमक रहा है। दिसम्बर में डब्ल्यूटीए (महिला टेनिस एसोसिएशन) के साथ अपनी नई, लंबी अवधि की पार्टनरशिप की घोषणा के बाद, मर्सिडीज-बेंज अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात में मुबाडाला अबू धाबी ओपन और चेक गणराज्य में ओस्ट्रावा ओपन में डब्ल्यूटीए के प्रीमियर पार्टनर के तौर पर डेब्यू कर रही है, जहां यह आइकॉनिक स्टार पहली बार नेट पोस्ट साइन पर दिखेगा। डब्ल्यूटीए पार्टनरशिप के साथ, मर्सिडीज-बेंज टेनिस के प्रति अपनी प्रतिब( ता को और बढ़ा रही है और वैश्विक मंच पर खेल को और आगे ले जाने की अपनी महत्वाकांक्षा को रेखांकित कर रही है।

डब्ल्यूटीए के प्रीमियर पार्टनर और एक्सक्लूसिव ऑटोमोबाइल पार्टनर के तौर पर, मर्सिडीज-बेंज डब्ल्यूटीए 1000, 500 और 250 टूर्नामेंट में मौजूद रहेगी और खिलाड़ियों, प्रशंसकों और मेहमानों के लिए अनोखे अनुभव बनाने का लक्ष्य रखती है। साथ ही, यह पार्टनरशिप महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मर्सिडीज-बेंज की महत्वाकांक्षा को रेखांकित करती है, जिससे खिलाड़ियों और प्रशंसकों की अगली पीढ़ियों को प्रेरणा मिलती है।

डब्ल्यूटीए वेंचर्स की सीईओ मरीना स्टोर्टी ने कहा,ष्हमें खुशी है कि मर्सिडीज-बेंज डब्ल्यूटीए टूर के प्रीमियर पार्टनर के तौर पर डेब्यू कर रही है, और यह आइकॉनिक स्टार दुनिया भर में महिला टेनिस के सबसे बड़े मंचों पर दिखाया जाएगा। डब्ल्यूटीए और मर्सिडीज-बेंज हमारे खेल के भविष्य के लिए एक स्पष्ट दृष्टिकोण और दुनिया भर में इसके विकास को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता साझा करते हैं।

# श्रीलंका के विश्व कप दल में कामिडु मेंडिस की वापसी



● **पाक के खिलाफ हालिया टी-20 पारियों में रन गति बढ़ाने में नाकाम रहने के बाद धनंजय डीसिल्वा को बाहर का रास्ता दिखाया**

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका ने शनिवार से शुरू हो रहे टी-20 विश्व कप के लिए अपने 15 सदर्स्इय दल में कामिडु मेंडिस को वापस बुलाया है और वह धनंजय डीसिल्वा की जगह लेंगे। 23 वर्षीय बल्लेबाज पवन रत्नायके को टीम में जगह मिली है, लेकिन तेज गेंदबाज प्रमोद मदुशन के लिए कोई जगह नहीं है।

सबसे बड़ी चर्चा का विषय कामिडु की वापसी है, जो पिछले महीने पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज में शुरुआती एकादश का हिस्सा नहीं थे और इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टी-20 सीरीज से पहले उन्हें बाहर कर दिया गया था।

लेकिन अब वह वापस आ गए हैं, जबकि इंग्लैंड और पाकिस्तान के खिलाफ हालिया टी-20 पारियों में रन गति बढ़ाने में नाकाम रहने के बाद धनंजय को बाहर का रास्ता दिखाया गया है। खुद कामिडु भी हाल के महीनों में बेहतरीन फॉर्म में नहीं रहे हैं। 2025 की शुरुआत से उन्होंने इस फॉर्मेट में सिर्फ 159 रन बनाए हैं, जहां उनका औसत 19-87 का रहा है। हालांकि इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 130-32 रहा है, जो थोड़ी उम्मीद जरूर देता है।

गेंद के साथ धनंजय की उपयोगिता को उनकी शुरुआती चयन की वजह माना गया था, लेकिन दोनों हाथों से गेंदबाजी करने वाले कामिडु भी यह भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि 2025 की शुरुआत से उन्होंने 12 मैचों में सिर्फ छह ओवर ही डाले हैं। इससे बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर दुनित वेल्लालगे के लिए भी अंतिम एकादश में जगह बनाने की संभावना खुल गई है, लेकिन 23 वर्षीय खिलाड़ी के अनुभव की कमी उसके खिलाफ जाती है।

वह वनडे टीम में कुछ हद तक नियमित रहे हैं, लेकिन 2024 में डेब्यू के बाद से उन्होंने सिर्फ छह टी-20 खेले हैं।

# कमिंस को आईपीएल के लिए वापसी करने की उम्मीद

## तेज गेंदबाज पैट कमिंस पीठ की चोट से उबर रहे है

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के पेस लीडर पैट कमिस ने बताया है कि वह नेशनल टीम के आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप कैंपेन का हिस्सा बनने के कितने करीब थे, क्योंकि यह तेज गेंदबाज पीठ की चोट से उबर रहा है और साल के आखिर में होने वाले मुश्किल टेस्ट शेड्यूल पर नजर रखे हुए है। उन्होंने उम्मीद जताई कि वह इंडियन प्रीमियर लीग के लिए समय पर मैदान पर लौट आएंगे, जो मार्च के आखिर में शुरू होगी। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के मुताबिक, पीठ की पुरानी शिकायत समय पर ठीक नहीं होने के कारण कमिस को 7 फरवरी से शुरू होने वाले ज्20 वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की आखिरी 15 मेंबर वाली टीम से बाहर कर दिया गया। ऑस्ट्रेलियन एसोसिएटेड प्रेस से बात करते हुए, 31 साल के इस खिलाड़ी ने कहा कि रिहैबिलिटेशन के दौरान एक छोटी सी दिक्कत ने आखिरकार उन्हें टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। कमिंस ने कहा कि यह सच में बहुत बुरा था। मैं काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं, बस एक छोटी सी दिक्कत थी और सच में समय खत्म हो गया था। मैं कुछ हफ्ते आराम करूंगा और फिर आगे बढ़ूंगा।

कमिंस ने बताया कि एडिलेड टेस्ट के बाद, मेडिकल टीम ने अनुमान लगाया था कि प्रभावित हड्डी को पूरी तरह से ठीक होने और फिर ठीक होने में चार से आठ हफ्ते लगेंगे। शुरुआती संकेत अच्छे थे, लेकिन एक फॉलो-अप स्कैन से पता चला कि उन्हें और आराम की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शुरू में, हमें लगा कि शायद सिर्फ चार हफ्ते लगेंगे, क्योंकि मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा था, लेकिन मैंने अभी एक फॉलो-अप स्कैन करवाया। उन्हें लगा कि शायद कुछ और हफ्ते लगेंगे, इसलिए टाइमलाइन थोड़ी ज्यादा हो गई। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान को उम्मीद है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग के लिए समय पर मैदान पर लौट आएंगे, जो मार्च के आखिर में शुरू होगी, जहां उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद को रिप्रेजेंट करना है। हालांकि, कमिस ने जोर देकर कहा कि उनकी प्राथमिकता साल के दूसरे हिस्से में आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के व्यस्त शेड्यूल के लिए पूरी तरह से फिट होना है। ऑस्ट्रेलिया को बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट की घरेलू सीरीज खेलनी है, जिसके बाद अक्टूबर से पहले दक्षिण अफ्रीका का तीन टेस्ट का दौरा होगा।

इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ चार टेस्ट और भारत के खिलाफ पांच टेस्ट की सीरीज होगी, ये सभी मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र के खत्म होने से पहले होंगे। कमिंस ने कहा कि हमें लगा कि साल का पहला आधा हिस्सा आने वाले क्रिकेट को ध्यान में रखकर कंजर्वेटिव रहने का अच्छा समय है। हम इसे ठीक कर लेंगे, फिर उम्मीद है कि इसका मतलब होगा कि आपको इसके बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं होगी, और आप बस बाहर जाकर वे सभी टेस्ट मैच खेल सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जबकि, अगर आप अभी इसके साथ सावधान नहीं हैं और यह बढ़ जाता है, तो आप थोड़ा पीछे भाग रहे हैं। पाकिस्तान से हाल ही में टी-20 सीरीज हारने और कई खास खिलाड़ियों के चोटिल होने की चिंताओं के बावजूद, ऑस्ट्रेलिया टी-20 वर्ल्ड कप में उतर रहा है, कमिस का मानना है कि टीम टाइटल के लिए चुनौती देने के लिए अच्छी स्थिति में है।

ऑस्ट्रेलिया अपने ग्रुप बी मैचों में आयरलैंड, जम्बिाब्वे, ओमान और को-होस्ट श्रीलंका का सामना करेगा।



Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# डील पर राजनीति

अमेरिका के साथ आखिरकार सोमवार को ट्रेड डील हो ही गई। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर जानकारी देते हुए कहा कि इस समझौते में महत्वपूर्ण आयात शुल्क कटौती शामिल होगी। इसमें यह दावा भी किया गया है कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा। अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने भी जहां भारत अमेरिका के नए व्यापार समझौते का स्वागत किया, वहीं सोशल मीडिया के पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति की रणनीति की तारीफ करते हुए कहा कि रूसी ऊर्जा खरीदने वाले देशों पर आर्थिक दबाव काम करता दिख रहा है। उन्होंने भारत के साथ हालिया व्यापार समझौते की तरफ इशारा किया, जिसके तहत अमेरिका ने भारतीय सामानों पर आयात शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। उन्होंने ट्रम्प की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें लगता है कि यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के बारे में आपका संदेश पुतिन के उन ग्राहकों से जो उनकी युद्ध मशीन को मदद देने का काम कर रहे थे, उन्हें सोचने पर मजबूर होना पड़ेगा। भारत सरकार की तरफ से मंगलवार को ट्रेड डील पर पहला बयान आया जिसमें केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इस डील में किसी के भी हितों से समझौता नहीं किया गया है और यह ऐसी डील है जिस पर भारतीयों को गर्व होगा। पीयूष गोयल ने यह भी कहा कि पीएम मोदी ने हमेशा कृषि और डेयरी दोनों सेक्टरों को सपोर्ट किया है। एक तरफ जहां मोदी खेमा इस डील को लेकर गदगद है, वहीं तमाम विपक्ष इस डील पर सवाल खड़े कर रहा है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तो प्रधानमंत्री मोदी पर यह कहकर सीधा हमला ही बोल दिया और कहा कि पैसा देकर उनकी जो छवि बनाई गई थी वह टूट रही है। इसलिए श्री मोदी ने डरकर अमेरिका व्यापार समझौते तथा अन्य मामले में देश के हितों के साथ समझौता कर लिया है। उन्होंने कहा कि मोदी ने भारत के हितों से समझौता कर देश को बेच दिया है। उनका कहना था कि वे तीन बातें बोलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें बोलने नहीं दिया जा रहा और यह सब इसलिए हो रहा है क्योंकि पीएम मोदी घबराए हुए हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि अमेरिका से व्यापार समझौता चार माह से रुका हुआ था, इस बारे में जो मैं जानता हूं वह पीएम मोदी भी जानते हैं। पीएम मोदी ने सोमवार की शाम भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर साइन किए, उन पर भारी दबाव था। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि देश की जनता को इस संबंध में सोचना चाहिए। सरकार डरी हुई है इसलिए संसद में विपक्ष के नेता को बोलने नहीं दे रही है। यह बात अपनी जगह पर है कि ट्रेड डील अपने अंजाम को पहुंच गई, लेकिन अभी खुलकर बातें सामने नहीं आई हैं और न ही दोनों तरफ से संयुक्त वक्तव्य सामने आया है। तमाम जानकारी अभी तक अमेरिकी राष्ट्रपति की तरफ से ही सामने आ रही है।

## नागरिकों व उद्योगों को व्यापक लाभ होगा



भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को दोनों देशों के हक में है, दोनों देश प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में गहन सहयोग करने की स्थिति में हैं, समझौते से दोनों देशों के नागरिकों और उद्योगों को व्यापक लाभ होगा, अमेरिका और भारत विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं, दोनों देश स्वाभाविक सहयोगी हैं, भारत और अमेरिका के पास शांति और विकास के लिए मिलकर काम करने की अपार क्षमता है, दोनों देश मिलकर ऐसी प्रौद्योगिकियां विकसित कर सकते हैं और ऐसे समाधान तैयार कर सकते हैं, जिनसे विश्व को लाभ होगा, समझौता दोनों देशों के उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होगा।

**-अश्विनी वैष्णव**
**रेल, इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

# कैंसर की बढ़ती आहट और हमारी सामाजिक जिम्मेदारी

## विश्व कैंसर दिवस पर विशेष



कैंसर आज वैश्विक स्तर पर लाखों लोगों की असमय मृत्यु का कारण बन चुका है। यही कारण है कि कैंसर जैसे जानलेवा रोग के कारणों, उसकी समय पर पहचान और रोकथाम के प्रति लोगों को सजग करने के उद्देश्य से हर वर्ष 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत में पिछले दो दशकों में कैंसर रोगियों की संख्या दोगुनी हो गई है, जो न केवल स्वास्थ्य तंत्र बल्कि पूरे समाज के लिए गहरी चेतावनी है। करीब एक दशक तक चले दो वैश्विक अध्ययनों में कुछ समय पूर्व यह तथ्य भी उभरकर सामने आया कि विकसित देशों में अब कैंसर के कारण सबसे ज्यादा लोग प्राण गंवा रहे हैं। कनाडा की लावल यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता गिल्स डेगनिस के मुताबिक वर्ष 2017 में दुनियाभर में करीब 26 लाख मौतें कैंसर के कारण हुई थी। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों पर नजर डालें तो दुनियाभर में हर छह में से एक व्यक्ति की मौत अब कैंसर के कारण होती है और वर्ष 2018 में विश्वभर में 96 लाख लोगों की मृत्यु कैंसर के कारण हुई, जिनमें में से 21 लाख कैंसर रोगियों की मृत्यु फेफड़ों के कैंसर, 20 लाख की स्तन कैंसर, 18 लाख की कोलोरेक्टल कैंसर, 12 लाख की प्रोस्टेट कैंसर, 11 लाख की त्वचा कैंसर और 10 लाख कैंसर मरीजों की मृत्यु पेट के कैंसर के कारण हुई।

कैंसर से मौतों का यह आंकड़ा साल-दर-साल निरंतर बढ़ रहा है और अब यह प्रतिवर्ष एक करोड़ तक पहुंच गया है। दुनियाभर में कैंसर के जितने भी मामले सामने आते हैं, उनमें से करीब 22 फीसदी तम्बाकू के किसी भी रूप में सेवन के कारण ही होते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ वाशिंगटन ने एक व्यापक अध्ययन के बाद 'ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज' नामक अपनी एक रिपोर्ट पेश की थी, उसके अनुसार भारत में मृत्यु के दस बड़े कारणों में से कैंसर दूसरे स्थान पर है। 'प्रॉस्पेक्टिव अर्बन रूरल एपीडेमियोलॉजिक' नामक एक अध्ययन के तहत कुछ समय पहले जब भारत सहित चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, कनाडा, ब्राजील, स्वीडन, ईरान, मलेशिया, फिलीपींस, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, फिलिस्तीन, दक्षिण अफीका, अर्जेन्टीना, कोलम्बिया, चिली, तंजानिया, तुर्की, पोलैंड, जिम्बाब्वे इत्यादि देशों के स्वास्थ्य आंकड़ों का विश्लेषण किया गया तो पाया गया कि कैंसर अब पूरी दुनिया में सबसे बड़ी महामारी के रूप में उभर रहा है और अगर यह इसी गति से उभरता रहा तो आगामी कुछ दशकों या वर्षों में ही यह दुनियाभर में सबसे बड़ी प्राणघातक बीमारी बन जाएगा। प्रतिवर्ष कैंसर से पीड़ित लाखों मरीज मौत के मुंह में समा जाते हैं और माना जा रहा है कि कैंसर के मरीजों की संख्या एक करोड़ को पार कर चुकी है। देश में कैंसर के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए नवम्बर 2019 में विज्ञान एवं तकनीक, पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन संबंधी संसद की स्थाई समिति ने राज्यसभा के तत्कालीन सभापति वेंकैया नायडू को सौंपी अपनी रिपोर्ट में कैंसर के मामलों से निपटने और मरीजों को एक ही जगह इलाज की सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए देशभर में ट्रीटमेंट हब (विशिष्ट इलाज केन्द्र) बनाने की सिफारिश की थी। समिति को अक्तूबर 2019 में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जानकारी दी गई थी कि भारत में प्रतिवर्ष कैंसर के करीब सोलह लाख नए मामले सामने आ रहे हैं। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि इस बीमारी से पीड़ित मरीजों में करीब 68 फीसदी मृत्यु दर बेहद दुखद है और मौजूदा समय में कैंसर के इलाज का देश में जो नेटवर्क है, वह इस बीमारी की भयावहता को देखते हुए बहुत छोटा और अपर्याप्त है, जिसके लिए एक ऐसे मजबूत और विशाल तंत्र की जरूरत है, जो कैंसर की दवाओं के मूल्य को नियंत्रित रख सके। समिति द्वारा मुम्बई स्थित टाटा मेमोरियल कैंसर शोध एवं उपचार केन्द्र के नेटवर्क को देशव्यापी बनाने की सिफारिश भी की गई थी।

बहरहाल, केन्द्र सरकार द्वारा कैंसर के सस्ते इलाज के लिए कुछ आवश्यक कदम उठाते हुए देश-विदेश के सरकारी और गैर सरकारी करीब 170 अस्पतालों का एक समूह बनाकर 'नेशनल कैंसर ग्रिड' बनाया गया ताकि यह कैंसर मरीजों तक कैंसर विशेषज्ञों की सलाह और इलाज के तौर-तरीकों को पहुंचाने में मददगार साबित हो सके। ग्रिड में शामिल अस्पतालों के कैंसर विशेषज्ञों द्वारा कैंसर मरीजों के लिए विशेष रूप से आवश्यक दिशा-निर्देश तैयार किए गए हैं। मरीज को एक बार डॉक्टर के पास जाकर अपनी जांच करा लेने के बाद फिर बार-बार डॉक्टर के पास जाने की जरूरत नहीं पड़ती। दरअसल मरीज का सारा डाटा एक एप में डालकर कैंसर विशेषज्ञों से परामर्श हासिल किया जा सकता है। फिलहाल ए सेवाएं गरीबी रेखा से नीचे वाले लोगों के लिए मुफ्त हैं। शरीर में कैंसर होने के कारणों की बात की जाए तो हालांकि इसके कई तरह के कारण हो सकते हैं लेकिन अक्सर जो प्रमुख कारण माने जाते रहे हैं, उनमें मोटापा, शारीरिक सक्रियता का अभाव, व्यायाम न करना, ज्यादा मात्रा में अल्कोहल व नशीले पदार्थों का सेवन, पौष्टिक आहार की कमी इत्यादि इन कारणों में शामिल हो सकते हैं। कभी-कभार ऐसा भी होता है कि कैंसर के कोई भी लक्षण नजर नहीं आते किन्तु किसी अन्य बीमारी के इलाज के दौरान कोई जांच कराते वक्त अचानक पता चलता है कि मरीज को कैंसर है लेकिन फिर भी कई ऐसे लक्षण हैं, जिनके जरिए अधिकांश व्यक्ति कैंसर की शुरूआती स्टेज में ही पहचान कर सकते हैं। कैंसर के कुछ प्रमुख लक्षणों की बात करें तो हालांकि कई बार शुरूआती दौर में इसके कोई लक्षण नजर नहीं आते लेकिन फिर भी इसके अक्सर जो लक्षण सामने आते हैं, उनकी जानकारी होना भी बेहद जरूरी है। ऐसे ही लक्षणों में लगातार वजन घटते जाना, शरीर में रक्त की कमी होते जाना, पेशाब और शौच के समय खून आना, खांसी के दौरान खून आना, तेज बुखार आना और बुखार ठीक न होना, निरन्तर थकान व कमजोरी महसूस होना, चक्कर आना, भूलना, दौरे पड़ना, आवाज में बदलाव, सांस लेने में दिक्कत होना, लंबे समय तक कफ रहना और कफ के साथ म्यूकस आना, कुछ भी निगलने में दिक्कत होना, गले अथवा शरीर के किसी भी हिस्से में गांठ या सूजन होना, स्तन में गांठ, माहवारी के दौरान अधिक स्राव होना इत्यादि शामिल हैं। अगर शरीर में ऐसे कोई भी बदलाव या लक्षण नजर आएं तो तुरंत योग्य चिकित्सक से सम्पर्क कर जरूरी जांच करा लेनी चाहिएं। आज कीमोथैरेपी, रेडिएशन थैरेपी, टारगेट थैरेपी, इम्यूनोथैरेपी, बायोलॉजिकल थैरेपी, सर्जरी, रोबोटिक सर्जरी तथा स्टेम सेल ट्रांसप्लांट के द्वारा कैंसर के बहुत से मरीजों का सफल इलाज किया भी जा रहा है और कैंसर का इलाज पहले के मुकाबले ज्यादा सुविधाजनक, सफल तथा कम साइड इफैक्ट्स के साथ संभव हुआ है लेकिन अगर इसके बावजूद कैंसर से हो रही मौतों का आंकड़ा वर्ष दर वर्ष बढ़ रहा है तो यह बेहद चिंताजनक है। कैंसर के इलाज में बड़ी समस्या यही है कि या तो मरीज का कैंसर ठीक ही नहीं होता या फिर इलाज के बाद इसके दोबारा वापस लौटने की संभावना बरकरार रहती है। हालांकि आज कैंसर पूरी तरह लाइलाज नहीं रहा, चिकित्सा विज्ञान द्वारा कैंसर के इलाज के लिए कई कारगर दवाएं और थैरेपी खोजी जा चुकी हैं।

**...साभार**



# इतिहास, विरासत व सौंदर्य का संगम है ओरछा

मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले में स्थित ओरछा एक ऐसा ऐतिहासिक नगर है, जो समय के साथ भी अपनी भव्यता, संस्कृति और धार्मिक आस्था को आज तक संजोए हुए है। बेतवा नदी के किनारे बसा यह नगर न केवल स्थापत्य और इतिहास के प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र है, बल्कि यह एक शांत, दिव्य और आत्मिक अनुभव भी प्रदान करता है।

**ओरछा का ऐतिहासिक परिचय**

ओरछा की स्थापना राजा रूद्र प्रताप सिंह ने 16वीं शताब्दी की शुरुआत में की थी। यह नगर बुंदेला राजवंश की राजधानी रहा है। ओरछा का नाम संस्कृत शब्द उद्योतका से निकला माना जाता है, जिसका अर्थ होता है छोटा सा प्रकाश। हालांकि आज यह स्थान भव्य महलों, मंदिरों और स्मारकों की रोशनी से जगमगाता है।

**ओरछा के प्रमुख दर्शनीय स्थल**

**राजा महल**- यह महल बुंदेला शासकों का मुख्य निवास स्थान था। इसकी दीवारों और छतों पर की गई चित्रकारी आज भी पूरी तरह सुरक्षित है। यहां की आंतरिक सजावट भगवान राम, कृष्ण और अन्य देवी-देवताओं की कहानियों को चित्रों के माध्यम से जीवंत करती है।

**जहांगीर महल**- यह महल मुगल सम्राट जहांगीर के स्वागत के लिए राजा बीर सिंह देव द्वारा बनवाया गया था। इसकी स्थापत्य कला में मुगल और राजपूत शैली का सुंदर मिश्रण देखने को मिलता है। महल की ऊंचाई से ओरछा और बेतवा नदी का दृश्य अत्यंत मनोहारी लगता है।

**राम राजा मंदिर**- यह भारत का एकमात्र ऐसा मंदिर है जहां भगवान राम को राजा के रूप में पूजा जाता है। यह मंदिर वास्तव में एक महल था, जिसे रानी गणेशा ने मंदिर के रूप में परिवर्तित कर दिया था। यहां का प्रहरी बदलने की प्रक्रिया व सैन्य सम्मान, मंदिर को और भी खास बनाता है।

**चतुर्भुज मंदिर**- यह मंदिर एक ऊंचे चबूतरे पर स्थित है, और इसकी वास्तुकला अत्यंत भव्य है। इसका निर्माण रानी गणेशा ने भगवान राम के लिए करवाया था, लेकिन राम जी की मूर्ति बाद में राम राजा मंदिर में स्थापित हो गई।

**लक्ष्मीनारायण मंदिर**- इस मंदिर में धार्मिक और युद्ध संबंधी दृश्य चित्रित हैं। यह मंदिर कला प्रेमियों के लिए एक स्वर्ग के समान है।

**ओरछा के छतरी**- बेतवा नदी के किनारे स्थित यह स्मारक बुंदेला राजाओं की याद में बनाए गए थे। यह शांत और मनमोहक स्थल सूर्यास्त के समय विशेष रूप से सुंदर प्रतीत होता है।

**साहसिक पर्यटन और प्रकृति**

ओरछा में रिवर राफ्टिंग का भी आनंद लिया जा सकता है, विशेषकर मानसून और उसके बाद के महीनों में।

आसपास का जंगल और नदी का किनारा ट्रैकिंग, बर्ड वॉचिंग और फोटोग्राफी के लिए बेहतरीन है।

## केरल की इन हसीन जगहों को करें एक्सप्लोर

जब भी दक्षिण भारतीय राज्यों में घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले केरल का नाम लेते हैं। अरब सागर के तट पर स्थित केरल एक बेहद खूबसूरत राज्य है। जहां पर हर दिन हजारों पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। केरल में कपल्स को हिल स्टेशन्स से लेकर समुद्री इलाके सबसे आकर्षिक करते हैं। इसलिए हर महीने दर्जन से भी अधिक कपल्स केरल रोमांटिक वेकेशन पर जाते हैं। अगस्त के महीने में केरल की सबसे खूबसूरत और रोमांटिक जगह घूमने की बात की जाती है, तो कई कपल्स सबसे पहले अल्लेप्पी पहुंचते हैं। यह जगह अपनी खूबसूरती और मेहमान नवाजी के कारण केरल के टॉप हनीमून डेस्टिनेशन माना जाता है। वैसे केरल का मुन्नार तो हर कोई घूमने जाता है, लेकिन अगर आप किसी भीड़-भाड़ से दूर शांत और खूबसूरत हिल स्टेशन को एक्सप्लोर करना चाहते हैं। तो आपको वायनाड को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए।

# अत्यधिक वसा और मीठे से ऐसे प्रभावित होता है मस्तिष्क

आमतौर पर जब किसी बुरी आदत या लत की बात होती है तो हम धूम्रपान या मद्यपान के बारे में सोचते हैं, लेकिन एक ऐसी भी लत है जिसने वयस्कों और बच्चों की बड़ी संख्या को अपनी चपेट में लिया है। यह लत खानपान की लत है। खानपान में भी विशेष रूप से वसा और चीनी से भरपूर भोजन हमें अधिक लुभाते हैं। विशेषज्ञों की मानें तो भोजन की लालसा मात्र एक भावना नहीं है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दशकों में हमारा भोजन अति-प्रोसेस्ड हो गया है। इस प्रकार का भोजन शरीर में चीनी और वसा संवेदी ग्राहियों को सक्रिय कर डोपामाइन मुक्त करने का काम करता है। प्रोसेस्ड खाद्य शरीर में कुछ ऐसे परिवर्तन करते हैं जिससे मस्तिष्क इनका अधिक सेवन करने को प्रोत्साहित करने लगता है और लंबे समय तक इनका सेवन शरीर के लिए घातक हो सकता है। विशेषज्ञ खानपान की लत को बारीकी से समझने का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए सबसे पहले तो यह समझना जरूरी है कि भोजन हमारे मस्तिष्क को कैसे प्रभावित करता है।

एक महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया मस्तिष्क से डोपामाइन नामक न्यूरोट्रांसमीटर मुक्त होना है। नशीले पदार्थों के समान खाना खाने से भी डोपामाइन मुक्त होता है। आम समझ है कि डोपामाइन आनंद में वृद्धि करता है लेकिन यह सच नहीं है। यह हमें ऐसे व्यवहारों को दोहराने के लिए उकसाता है जो जीवन के लिए जरूरी हैं। जैसे भोजन करना और प्रजनन। जितना अधिक डोपामाइन मुक्त होगा, उस व्यवहार को दोहराने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। वसा या चीनी युक्त भोजन का सेवन करने पर हमारे मुंह का सेंसर स्ट्रिएटम को डोपामाइन मुक्त करने का संदेश भेजता है। स्ट्रिएटम मस्तिष्क का एक भाग है जो गतियों और पुरस्कार योग्य व्यवहार से जुड़ा है, लेकिन मुंह के सेंसर द्वारा डोपामाइन मुक्त होना पूरी प्रक्रिया का केवल एक हिस्सा है।


विशेषज्ञों के अनुसार आंत में भी वसा और चीनी के लिए एक द्वितीयक सेंसर होता है और वह भी मस्तिष्क के उसी क्षेत्र को डोपामाइन मुक्त करने का संकेत देता है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि आंत से मस्तिष्क तक चीनी की उपस्थिति का संकेत कैसे पहुंचता है, लेकिन वसा के संकेत का पता लगाया जा चुका है। ऊपरी आंत में वसा का पता लगने पर वैगस तंत्रिका के माध्यम से पश्चौ-मस्तिष्क को संकेत पहुंचता है जो आखिरकार स्ट्रिएटम तक जाता है। यह देखा गया है कि चीनी व वसा से भरपूर खाद्य पदार्थ स्ट्रिएटम में डोपामाइन का स्तर सामान्य से 200 प्रतिशत तक बढ़ा सकते हैं। यह स्तर निकोटीन और शराब द्वारा की जाने वाली वृद्धि के बराबर है। एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि शकर ने डोपामाइन के स्तर को 135 से 140 प्रतिशत तक बढ़ाया जबकि वसा ने इस स्तर को 160 प्रतिशत तक बढ़ा दिया था। तुलना के लिए कोकेन ने सामान्य डोपामाइन के स्तर को तीन गुना किया जबकि मेथाम्फेटामिन ने इसे 10 गुना बढ़ाया। जैसे-जैसे हम भोजन और मस्तिष्क के सम्बंध को समझ रहे हैं, वैसे-वैसे भोजन का उत्पादन इस तरह किया जाने लगा है कि हम खुद को रोक न पाएं। हमारे शरीरों को ऐसे खाद्य पदार्थों से पाट दिया गया है जिनमें कुछ विशिष्ट पोषक पदार्थों की मात्रा अत्यधिक है - जैसे शकर, वसा और नए-नए पदार्थों के सम्मिश्रण।

औद्योगिक प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ स्टार्च और हाइड्रोजनीकृत वसा से तैयार किए जाते हैं। इसके अलावा मजेदार स्वाद देने वाले कृत्रिम फ्लेवर, पानी और तेल को घुलनशील रखने वाले इमल्सीफायर और खाद्य सामग्री की संरचना को संरक्षित रखने वाले स्टेबिलाइजर्स ने हमारे भोजन को अधिक आकर्षक तो



बना दिया है लेकिन हमारे स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ भी किया है। विशेषज्ञों के अनुसार अत्यधिक प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों और बुनियादी चीजों से बनाए खाद्य पदार्थों के बीच अंतर करना जरूरी है। यह अंतर आहार सम्बंधी स्वास्थ्य समस्याओं से बचने का पहला कदम हो सकता है। अत्यधिक प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ नशे की तरह काम करते हैं। जितनी तेजी से कोई चीज आपके मस्तिष्क को प्रभावित करती है उतनी ही जल्दी आपको उस चीज की लत लगती है। इसके साथ ही डोपामाइन मुक्त होने की गति को बढ़ाने के लिए कई प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों को पहले से ही थोड़ा पचाया गया होता है। आखिर में इस पूरे मुद्दे में सामाजिक और मनोवैज्ञानिक पहलुओं को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। प्रोसेस्ड खाद्य सामग्री काफी समय से सुलभ और सस्ती है तथा इसका काफी विज्ञापन भी किया जाता रहा है। लिहाजा, बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो जानते हैं कि यह खाद्य सामग्री स्वास्थ्यवर्धक नहीं हैं लेकिन फिर भी वे अपने आपको रोक नहीं पाते हैं। किसी भी पदार्थ या ड्रग की लत के सम्बंध में सहनशीलता और उसे छोड़ने के परिणाम के सिद्धांत का इस्तेमाल किया जाता है। सहनशीलता यानी किसी ड्रग (या भोजन) का इतना आदी हो जाना कि उतना ही प्रभाव प्राप्त करने के लिए इसका और अधिक सेवन करना पड़े।

जबकि छोड़ने के परिणाम का सम्बंध उन शारीरिक और मानसिक लक्षणों से है जो अचानक किसी नशीले पदार्थ का उपयोग बंद या कम करने पर होते हैं। पूर्व में यह माना जाता था कि भोजन की लत वाले लोग खानपान जारी रखते हैं ताकि खुद को उसे छोड़ने की स्थिति जैसे चिंता, मितली और सिरदर्द से बचा सकें। भोजन के मामले में, डोपामाइन की कमी की परिकल्पना यह बताती है कि अगर हम कुछ खाते हैं और इससे पर्याप्त आनंद नहीं मिलता है, तो हम तब तक खाते रहेंगे जब तक वैसा आनंद महसूस नहीं करते, लेकिन भोजन के मानसिक असर को लेकर अभी पूरी स्पष्टता नहीं है। वर्तमान में वैज्ञानिकों के पास इस बाबत उत्तर कम, प्रश्न अधिक हैं कि हमारा शरीर भोजन का आदी कैसे हो जाता है। हम जानते हैं कि डोपामाइन ही सब कुछ नहीं है क्योंकि सिर्फ इसी से भोजन आनंददायक नहीं बनता है। हालांकि शोधकर्ताओं ने वर्ष 2012 के एक अध्ययन में पाया है कि खाना खाने से हमारे अफीमी ग्राही उत्तेजित होते हैं, जो आनंद की भावना को बढ़ाते हैं, लेकिन वैज्ञानिक अभी भी इस प्रक्रिया के बारे में कम ही जानते हैं। कुछ विशेषज्ञों का अनुमान है कि ऊपरी आंत में एक संवेदक हमारे भोजन की पसंद-नापसंद में कुछ भूमिका निभाता है। कई अन्य इसके लिए हायपोथैलेमस को महत्वपूर्ण मानते हैं जो शरीर के तापमान से लेकर भूख के एहसास तक सब कुछ नियंत्रित करता है।



नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र में भाग लेने के लिए जाते लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा।

## दावाः ईरान में प्रदर्शनकारी महिलाओं के साथ बलात्कार हुआ

**तेहरान।** ईरानी-जर्मन पत्रकार मिशेल अब्दोल्लाही ने ईरानी सरकार पर चौंकाने वाले आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि ईरानी सुरक्षा बलों ने विरोध करने वाली महिलाओं के खिलाफ बलात्कार और म्यूटिलेशन (विकलांग करना) को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया ताकि वह लोगों में ज्यादा से ज्यादा डर पैदा कर सके और संघर्ष रुक जाए। डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, अब्दोल्लाही ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर दावा किया कि उन्हें प्रत्यक्षदर्शियों से जानकारी मिली है। उनके अनुसार, गिरफ्तार महिलाओं के साथ बलात्कार किया जाता है, उनके गर्भाशय निकाल दिए जाते हैं, सिर की खाल उनके बालों सहित उतार दी जाती है।

## यूएई ने अजरबैजान से सदर्न गैस कॉरिडोर में हिस्सेदारी के लिए समझौता किया

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) की सहायक कंपनी एक्सआरजी ने सदर्न गैस कॉरिडोर में हिस्सेदारी हासिल करने के लिए अजरबैजान अर्थव्यवस्था मंत्रालय के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए है। अमीरात मीडिया ने यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार अबू धाबी में यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीएव की मौजूदगी में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। डब्ल्यूएएम समाचार एजेंसी ने सोमवार को बताया कि यह समझौता कई शर्तों पर निर्भर है, जिसमें नियमित नियामक और विश्वास विरोधी मंजूरी हासिल करना शामिल है।

# रूस को ट्रम्प के दावे पर यकीन नहीं

## कहाः भारत ने तेल खरीद रोकने पर कुछ नहीं बोला, हम ट्रम्प के बयान का मतलब समझ रहे

**मास्को।** रूस ने मंगलवार को कहा कि भारत सरकार की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, जिसमें यह कहा गया हो कि भारत रूस से तेल की खरीद बंद करने जा रहा है। रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक क्रेमलिन के प्रवक्ता रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि रूस, भारत को लेकर ट्रम्प की टिप्पणियों का विश्लेषण कर रहा है। जब उनसे सीधे पूछा गया कि क्या भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद करने का फैसला कर लिया है, तो उन्होंने कहा कि अब तक दिल्ली की तरफ से इस मुद्दे पर कोई बयान नहीं आया है।

पेस्कोव का यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि भारत ने अमेरिका के साथ हुए ट्रेड डील के तहत रूस से तेल खरीदना रोकने पर सहमति जताई है। डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को घोषणा की थी कि अमेरिका और भारत के बीच एक व्यापार समझौता हुआ है। इसके तहत अमेरिका ने भारतीय सामान पर लगने वाला



■ अमेरिका ने भारतीय सामान पर लगने वाला टैरिफ 50 से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमति दी है

टैरिफ 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमति दी है। इसके बदले में ट्रम्प का दावा है कि भारत, रूस से तेल खरीदना बंद करेगा और व्यापार से जुड़ी रुकावटें भी कम करेगा। भारत ने उनकी इस घोषणा पर न तो स्वीकार किया है और न ही खारिज किया है। फरवरी 2022 में रूस ने यूक्रेन पर सैन्य हमला किया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच युद्ध शुरू हो गया, जो अब तक जारी है। इस युद्ध के कारण रूस पर अमेरिका और यूरोपीय देशों ने कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए, खासकर उसके तेल और गैस सेक्टर पर। इन प्रतिबंधों की वजह से रूस को अपना कच्चा तेल सस्ते दामों पर बेचने के लिए नए खरीदार ढूंढने पड़े। इसी दौरान भारत ने रूस से रियायती दरों पर तेल खरीदना शुरू किया। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और रूस का द्विपक्षीय व्यापार बढ़कर 68.7 अरब डालर तक पहुंच गया। लेकिन इसमें बड़ा हिस्सा कच्चे तेल का था। भारत ने अकेले 52.73 अरब डालर का कच्चा तेल रूस से खरीदा था। अब अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प कह रहे हैं कि भारत रूस से तेल आयात रोकने पर सहमत हो गया है। अगर भारत वाकई रूसी तेल का आयात पूरी तरह बंद कर देता है, तो भारत-रूस का कुल द्विपक्षीय व्यापार घटकर 20 अरब डालर से भी नीचे आ सकता है। भारत के पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पिछले महीने कहा था कि रूस से कच्चे तेल के आयात में आगे भी गिरावट आने की संभावना है।

# अमेरिका-चीन के बीच घिर रहा भारत

## अब कम ताकतवर देशों से नई दिल्ली बढ़ा रहा दोस्ती, ट्रम्प के टैरिफ से बदली भारत की विदेश और व्यापार नीति

**नई दिल्ली।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने पिछले महीने स्विट्जरलैंड के दावोस में वर्ल्ड इकोनामिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) के मंच से कहा था कि दुनिया की पुरानी व्यवस्था 'टूट' रही है। अब मध्यम ताकत वाले देशों को साथ लाकर काम करना होगा। दावोस में अपने भाषण में कार्नी ने न तो ट्रम्प प्रशासन का नाम लिया और न ही उन अमेरिकी टैरिफ का जिक्र किया, जिनकी वजह से पुराना ग्लोबल सिस्टम हिल गया। अपने भाषण में उन्होंने सीधेतौर पर भले ही भारत का नाम न लिया हो, लेकिन इशारा साफतौर पर भारत की तरफ था। भारत इस वक्त दो बड़े दबावों के बीच खड़ा है।

एक तरफ अमेरिका की बदलती नीतियां हैं तो दूसरी ओर चीन की बढ़ती आक्रामकता। ऐसे हालात में भारत अब पारंपरिक साझेदारों से आगे बढ़कर दुनिया के दूसरे हिस्सों में नए दोस्त तलाश रहा है। इस घटना के ठीक एक हफ्ते बाद, भारतीय पीएम मोदी नई दिल्ली में यूरोपियन (ईयू) की प्रमुख उर्सुला वान डेर लेयेन के साथ खड़े थे। दोनों ने करीब 18 साल से अटके पड़े एक बड़े व्यापार समझौते की घोषणा की, जिसे उन्होंने 'मदर आफ आल डील्स' कहा। इस डील से करीब 2 अरब लोगों का बाजार तैयार होगा। यह सिर्फ व्यापार नहीं, बल्कि उस नए अंतर्राष्ट्रीय सिस्टम का हिस्सा है, जिसमें अमेरिका की भूमिका कमजोर होने के बाद बाकी देश मिलकर नया ढांचा खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं। आज भारत उन देशों में शामिल है जिनकी राय और फैसले वैश्विक राजनीति को प्रभावित करने लगे हैं। 140 करोड़ की आबादी के साथ यह दुनिया की सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश है। भारत की इकोनामी भी जापान और जर्मनी के साथ दुनिया की टाप-5 में शामिल हो चुकी है, हालांकि प्रति व्यक्ति आय अब भी इन देशों से बहुत कम है। प्रधानमंत्री मोदी की आत्मनिर्भर भारत वाली सोच अब थोड़ी नरम पड़ती दिख रही है। भारत में यह धारणा लंबे समय से रही है कि खुद को सुरक्षित रखने के लिए दूसरे देशों से ज्यादा आर्थिक जुड़ाव नहीं होना चाहिए, लेकिन यूरोप, कनाडा और दूसरे देश यह तर्क देते रहे हैं कि मिलकर व्यापार करने से ही देश मजबूत बनते हैं। भारत और दूसरे अहम देशों के बीच रिश्तों में तेजी पिछले साल ब्रिटेन के साथ हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से दिखनी शुरू हुई। यह समझौता लंबे समय से अटका हुआ था। इसके बाद दिसम्बर में ओमान और न्यूजीलैंड के साथ भी ऐसे ही अहम समझौते किए गए। ये द्विपक्षीय समझौते दिखाते हैं कि भारत की नीति में बदलाव आ रहा है। पिछले कुछ हफ्तों में जर्मनी, जापान, यूएई और सऊदी अरब के बड़े नेता नई दिल्ली आए। हर मुलाकात में भारत के साथ रिश्ते आगे बढ़ाने की बात हुई और नए समझौते किए गए। फरवरी में ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा भी भारत आने वाले हैं। इसके बाद मार्क कार्नी भी भारत आएंगे। उम्मीद है कि वे मार्च में कनाडा के एक डेलिगेशन के साथ नई दिल्ली आएंगे और एक और व्यापार समझौते को आगे बढ़ाएंगे। पिछले साल डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत से आने वाले ज्यादातर सामान पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया था। इसमें आधा जवाबी टैरिफ था और आधा रूस से तेल खरीदने की सजा के तौर पर लगाया गया एक्स्ट्रा टैक्स। यहीं से भारत-अमेरिका के रिश्तों में बदलाव शुरू हुआ था। इससे पहले 25 सालों तक अमेरिका और भारत के रिश्ते मजबूत करने की कोशिश होती रही थी, खासकर चीन की बढ़ती ताकत का मुकाबला करने के लिए। हालांकि, सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ (जैसे को तैसा) को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि भारत पर सिर्फ टैरिफ 18 प्रतिशत ही लगेगा। अमेरिका रूसी तेल खरीदने के कारण लगा 25 प्रतिशत टैरिफ हटा देगा।



■ अपने भाषण में दावोस ने सीधेतौर पर भले ही भारत का नाम न लिया हो, लेकिन इशारा साफतौर पर भारत की तरफ था

## रूस से तेल खरीद रोकने, अमेरिका से आयात में भारी वृद्धि के लिए तैयार हुआ भारतः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से साथ टेलीफोन वार्ता के बाद कहा कि भारत अमेरिका से आयात में भारी वृद्धि करने, अमेरिकी सामानों पर आयात शुल्क 'शून्य' करने तथा रूस से कच्चे तेल की खरीद बंद करने पर सहमत हो गया है, और बदले में अमेरिका भारतीय उत्पादों पर 'तत्काल प्रभाव से' आयात शुल्क घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर व्यापार समझौते की घोषणा करते हुए मोदी को अपना 'सबसे अच्छा मित्र' बताते हुए लिखा कि वह रूस से कच्चे तेल की खरीद बंद करने और अमेरिका, तथा संभवतः वेनेजुएला, से खरीद बढ़ाने पर सहमत हो गए हैं जिससे यूक्रेन युद्ध समाप्त करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका तत्काल प्रभाव से भारतीय उत्पादों पर प्रतिवर्ती आयात शुल्क 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। बदले में भारत अमेरिकी उत्पादों पर आयात शुल्क और आयात बाधाओं को घटाकर शून्य कर देगा।

## अमेरिका-भारत साझेदारी मंच ने किया ट्रम्प की व्यापार संबंधी घोषणा का स्वागत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच हुई बातचीत के बाद की गई व्यापार संबंधी घोषणा का मंगलवार को स्वागत किया। दोनों नेताओं ने सोमवार देर रात भारत-अमेरिका आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करने तथा द्विपक्षीय व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

घोषणा के तहत भारत पर लगाए जाने वाले पारस्परिक आयात शुल्क (रेसिप्रोकल टैरिफ) को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किए जाने का प्रावधान है, जिसे दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहला कदम माना जा रहा है। समझौते का विस्तृत स्वरूप अभी सामने नहीं आया है, यूएसआईएसपीएफ ने कहा कि यह कदम दोनों पक्षों की ओर से एक व्यापक भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की दिशा में मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति को दर्शाता है। प्रस्तावित बीटीए में शुल्क, बाजार पहुंच, गैर-शुल्क बाधाएं और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अन्य व्यापारिक मुद्दे शामिल होंगे। मंच के अनुसार, पूर्ण द्विपक्षीय व्यापार समझौते से दोनों देशों के व्यवसायों, श्रमिकों और उपभोक्ताओं को लाभ मिल सकता है, साथ ही आपूर्ति शृंखलाओं और आर्थिक मजबूती को भी बल मिलेगा। यूएसआईएसपीएफ ने बताया कि दोनों देशों की सरकारों ने संकेत दिया है कि आने वाले महीनों में वार्ता के अतिरिक्त चरण और बातचीत होने की संभावना है। मंच ने इस घोषणा से उत्पन्न सकारात्मक गति पर आशा व्यक्त करते हुए दोनों सरकारों के साथ मिलकर द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचाने की साझा प्रतिबद्धता दोहराई। यूएसआईएसपीएफ ने यह भी कहा कि मजबूत भारत-अमेरिका व्यापार और निवेश संबंध न केवल आर्थिक विकास के लिए, बल्कि स्थिर, मजबूत और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इससे पहले, राष्ट्रपति ट्रम्प ने कल भारत के साथ एक नए व्यापार समझौते की घोषणा की थी, जिसके तहत भारतीय वस्तुओं पर शुल्क में उल्लेखनीय कटौती की गई है। यह समझौता भारत द्वारा रूसी तेल आयात में कटौती के निर्णय की पृष्ठभूमि में सामने आया है, जिस पर ट्रम्प और प्रधानमंत्री मोदी के बीच चर्चा हुई थी।

## मेलबर्न में महात्मा गांधी की प्रतिमा चोरी, भारत ने की ऑस्ट्रेलिया से तुरंत कार्रवाई की मांग

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर के रोवविले स्थित आस्ट्रेलियाई भारतीय कम्युनिटी सेंटर से महात्मा गांधी की कांस्य प्रतिमा चोरी कर ली गई है। इस घटना ने भारतीय-आस्ट्रेलियाई समुदाय में गहरी चिंता और आक्रोश पैदा कर दिया है। भारत ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आस्ट्रेलियाई अधिकारियों के समक्ष उठाया है और तुरंत कार्रवाई कर प्रतिमा की वापसी और जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान की मांग की है। विदेश मंत्रालय के अधिकारी और आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 3 फरवरी 2026 को मीडिया से बातचीत में कहा हम गांधी प्रतिमा के विनाश और चोरी की कड़ी निंदा करते हैं। यह प्रतिमा रोवविले, मेलबर्न के आस्ट्रेलियाई भारतीय कम्युनिटी सेंटर में स्थापित थी। हमने आस्ट्रेलियाई अधिकारियों से आग्रह किया है कि इस चोरी की तत्काल जांच हो, प्रतिमा को वापस लाया जाए और दोषियों को कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़े। प्रतिमा की चोरी की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस वारदात के पीछे कौन है और प्रतिमा कहां है।

## कनाडा में गोलीबारी के आरोप में तीन भारतीय गिरफ्तार

**ओटावा।** कनाडा के सरे शहर में एक घर के बाहर गोलीबारी की घटना के बाद तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। कनाडाई पुलिस के अनुसार आरोपियों को रंगदारी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान पकड़ा गया।

सरे पुलिस सेवा ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि हरजोत सिंह (21), तरणवीर सिंह (19) और दयाजीत सिंह बिलिंग (21) पर एक-एक मामले में हथियार से गोलीबारी करने का आरोप लगाया गया है। तीनों को हिरासत में भेज दिया गया है और वे 5 फरवरी 2026 तक रिमांड पर रहेंगे। पुलिस के अनुसार, 1 फरवरी 2026 की सुबह सरे के क्रेसेंट बीच इलाके में क्रेसेंट रोड और 132 स्ट्रीट के पास एक घर के बाहर गोली चलने और छोटी आग लगने की सूचना मिली थी।

■ कनाडाई पुलिस के अनुसार आरोपियों को रंगदारी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान पकड़ा गया

इसके कुछ ही समय बाद गश्ती दल ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच अब सरे पुलिस की मुख्य अपराध शाखा कर रही है। तीनों आरोपियों पर कनाडा के आपराधिक संहिता की धारा 244.2(1) के तहत किसी स्थान पर गोली चलाने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि जांच जारी है और आगे और आरोप भी लगाए जा सकते हैं। सरे पुलिस ने पुष्टि की है कि तीनों आरोपी विदेशी नागरिक हैं और इस मामले में कनाडा बार्डर सर्विसेज एजेंसी (सीबीएसए) को भी शामिल किया गया है।

## नार्वे की राजकुमारी का एपस्टीन फाइल्स में 1000 बार नाम

### यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन भेजता था फ्लर्टी मैसेज, लिखा थाः मैं पत्नी की तलाश में हूं

**ओस्लो।** नार्वे की क्राउन प्रिंसेस मेटे-मारिट और यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के बीच संबंध सामने आने से विवाद छिड़ गया हैं। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट की ओर से 30 जनवरी को जारी की गई एपस्टीन फाइल्स में प्रिंसेस नाम का 1 हजार से ज्यादा बार आया है।

नार्वे के अखबार वीजी की रिपोर्ट के मुताबिक, इन फाइलों में मेटे-मारिट और यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के बीच 2011 से 2014 के दौरान हुए कई ईमेल शामिल हैं। दोनों के बीच लंबे समय तक संपर्क रहा। एक मेल में एपस्टीन ने मेटे-मारिट को बताया कि वो शादी करना चाहता है और पत्नी की तलाश में पेरिस आया है। उसने फ्लर्टी मैसेज करते हुए कहा था कि पेरिस अफेयर और अवैध संबंध बनाने के लिए अच्छा है, लेकिन पत्नी ढूंढनी हो तो स्कैंडिनेवियाई (नार्वे, स्वीडन और डेनमार्क) महिलाएं ज्यादा अच्छी और वफादार पत्नी होती हैं। इस पर मेटे-मारिट ने जवाब दिया कि मुझे अभी भी इस बात पर यकीन नहीं हो रहा कि आप सच में पत्नी की तलाश कर रहे हैं। मेटे-मारिट का जन्म नार्वे में हुआ था। यानी वे खुद स्कैंडिनेवियाई महिला हैं। एक ईमेल में मेटे ने एपस्टीन से पूछा था कि क्या अपने 15 साल के बेटे के वालपेपर के लिए दो न्यूड लड़कियों की फोटो (सर्फबोर्ड के साथ) लगाना ठीक रहेगा? एक अन्य ईमेल में उन्होंने एपस्टीन को आकर्षक बताया था। नार्वे के मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, निजी ईमेल में मेटे-मारिट ने एपस्टीन से कहा था तुम्हारी बातें मुझे गुदगुदाती हैं। कुछ ईमेल में उन्होंने उन्हें 'साफ्ट हार्टेड' और 'स्वीटहार्ट' भी लिखा। दोनों की दोस्ती सामने आने के बाद शनिवार को मेटे-मारिट ने एपस्टीन से अपने संबंधों को लेकर माफी मांगी। फाइलों में कई ईमेल दिखाते हैं कि दोनों काफी करीबी थे। एक ईमेल के जरिए पता चला कि जब मेटे-मारिट बीमार थीं, तब एपस्टीन ने उनके लिए फूल भेजे थे। मेटे-मारिट ने फूलों के लिए शुक्रिया अदा किया और 'लव, डड (मेटे-मारिट)' के नाम से साइन किया। ईमेल में कई जगह मिलने की योजना का जिक्र था। दस्तावेजों से पता चलता है कि मेट-मारिट ने 2011 से 2013 के बीच ओस्लो, न्यूयार्क और कैरिबियन में एपस्टीन से तीन बार मुलाकात की और 2013 में फ्लोरिडा में उनके घर पर चार दिन रुकीं थीं। हालांकि, तब एपस्टीन वहां नहीं था। ये बातें एपस्टीन के 2008 में नाबालिग से वेश्यावृत्ति के आरोप में दोषी ठहराए जाने के बाद की हैं। 2011 के एक ईमेल में मेटे-मारिट ने एपस्टीन को बताया कि उन्होंने एपस्टीन पर चल रहे मुकदमे को गूगल किया और कहा कि यह अच्छा नहीं लग रहा, लेकिन उन्होंने संपर्क जारी रखा।



■ मेटे-मारिट का जन्म नार्वे में हुआ था, यानी वे खुद स्कैंडिनेवियाई महिला हैं

## इटली के पूर्व पीएम बोलेः ग्लोबल ऑर्डर मर चुका

**ब्रसेल्स।** इटली के पूर्व पीएम मारियो द्रागी ने दावा किया है कि ग्लोबल आर्डर मर चुका है। उन्होंने यह बयान बेल्जियम की ल्यूवेन यूनिवर्सिटी में सोमवार को आयोजित एक समारोह में दिया। द्रागी ने कहा कि जो लोग ये चेतावनी दे रहे हैं कि मौजूदा ग्लोबल इकोनामिक आर्डर टूट रहा है, वे सही हैं।

द्रागी यह भी कहा कि असली खतरा इसके टूटने से नहीं है, बल्कि इस बात से है कि इसकी जगह क्या लेगा। उन्होंने कहा कि यूरोप को एक ऐसे अमेरिका का सामना करना पड़ रहा है जो ये कहता है कि उसने बहुत ज्यादा कीमत चुकाई है, लेकिन ये नहीं देखता कि उसे कितने फायदे मिले हैं। वहीं चीन पर आरोप लगाया कि वो ग्लोबल सप्लाई चेन के अहम हिस्सों को अपने कंट्रोल में रखता है। इस ताकत का इस्तेमाल बाजारों में सस्ता माल डंप करने, जरूरी चीजों की सप्लाई रोकने और अपनी आर्थिक गड़बड़ियों का बोझ दूसरों पर डालने के लिए करता है। मारियो द्रागी ने कहा कि दुनिया में अपनी ताकत बढ़ानी है, तो यूरोपीय यूनियन के देशों को एकजुट होने से डरना नहीं चाहिए। द्रागी ने चेतावनी दी कि ऐसे हालात में यूरोप को खतरा है कि वह कमजोर पड़ सकता है, अंदर से बंट सकता है और उसकी इंडस्ट्री सिस्टम भी कमजोर हो सकती है।

■ अमेरिका फायदे नजरअंदाज कर अपने खर्च गिनाता है और चीन सस्ता माल डंप करता है

## रूस ने यूक्रेन पर 70 मिसाइलों, 450 ड्रोन से बरपाया कहर

### हमला ऐसे समय में हुआ है जब दोनों देश संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में शांति वार्ता करने वाले हैं

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार को बताया कि रूस ने रात भर में यूक्रेन पर एक बहुत बड़ा हमला किया है। इस दौरान रूस ने लगभग 450 लंबी दूरी के ड्रोन और 70 अलग-अलग तरह की मिसाइलें दागीं। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब दोनों देश संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में शांति वार्ता करने वाले हैं।

अमेरिका की मध्यस्थता में होने वाली इस बातचीत का मकसद चार साल से चल रहे युद्ध को रोकना है। जेलेंस्की के अनुसार, रूस ने यूक्रेन के पांच राज्यों में बिजली ग्रिड को निशाना बनाया। कड़ाके की ठंड के बीच रूस का मकसद नागरिकों को बिजली, पानी और हीटिंग से महरूम रखना है। इस हमले में दस लोग घायल हुए हैं। जेलेंस्की ने कहा कि रूस कूटनीति के बजाय लोगों को डराने में ज्यादा यकीन रखता है। उन्होंने अपने सहयोगियों से और ज्यादा सुरक्षा उपकरण भेजने और रूस पर दबाव बनाने की अपील की है, ताकि इस युद्ध को खत्म किया जा सके। अबू धाबी में बुधवार और गुरुवार को बातचीत होनी है। हालांकि ट्रम्प प्रशासन जमीन के कब्जे जैसे बड़े मुद्दों को सुलझाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन फिलहाल कोई बड़ा समझौता मुश्किल लग रहा है। यूक्रेन की सबसे बड़ी बिजली कंपनी डीटीईके ने बताया कि हमले में उनके पावर प्लांट को काफी नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने कहा कि राज्य आपातकालीन सेवा के अनुसार, राजधानी कीव में पांच लोग घायल हुए हैं। वहां कई घरों, एक स्कूल और गैस स्टेशन को नुकसान पहुंचा और उसमें आग लग गई। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने बताया कि हमले की वजह से 1,170 इमारतों में हीटिंग की सुविधा बंद हो गई है। फिलहाल मरम्मत का काम तेजी से चल रहा है। कुछ अपार्टमेंट और बिल्डिंग को छोड़कर बाकी सभी जगहों पर बिजली बहाल कर दी गई थी। रूस ने खारकीव और ओडिसा जैसे इलाकों को भी निशाना बनाया है, जहां लोगों के घायल होने की खबर है। यूक्रेन की संस्कृति मंत्री टेटियाना बेरेजना ने बताया कि कीव में एक ऐतिहासिक संग्रहालय को भी नुकसान पहुंचा है।



■ अमेरिका की मध्यस्थता में होने वाली इस बातचीत का मकसद चार साल से चल रहे युद्ध को रोकना है

## वन्यजीव संरक्षण के लिए चीन ने तैयार की नई आद्रभूमि संरक्षण व्यवस्था

**बीजिंग।** चीन की राजधानी बीजिंग ने अपने तालाब और दलदल स्थलों की सुरक्षा के लिए एक बहु-स्तरित संरक्षण व्यवस्था तैयार की है, जिससे उसकी वन्यजीव आबादी को प्रमुख आवास मिलेगा। बीजिंग नगर पालिका वानिकी और उद्यान ब्यूरो ने सोमवार को बताया कि यह नई व्यवस्था उसके 83.15 प्रतिशत तालाबों और दलदलों को संरक्षित करती है। ब्यूरो के अनुसार, यह नई व्यवस्था वन्यजीव विविधता संरक्षण और दूसरे इकोलॉजिकल प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए बीजिंग के प्राकृतिक रिजर्व, आद्रभूमि पार्क और दूसरे छोटे संरक्षित आद्रभूमि इलाकों का इस्तेमाल करता है। पिछले पांच वर्षों में बीजिंग ने आद्रभूमि संरक्षण को बेहतर बनाने का काम जारी रखा गया है।

